राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-209
लखनऊ, रविवार 17 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

फैमिली आईडी कार्ड बनाने में जुटी सरकार : सीएम योगी 03

कांग्रेस की करतूतों से जनता का मोहभंग : प्रधानमंत्री मोदी 12

## संक्षिप्त समाचार

### एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश, एक गिरफ्तार

**राजौरी।** भारतीय सेना के जवानों ने शुक्रवार देर शाम को नियंत्रण रेखा (एनओसी) पर पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के रहने वाले एक व्यक्ति को पकड़ा है, जो भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार देर शाम राजौरी के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के जवानों ने अग्रिम स्थान पर एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध को सैनिकों ने चुनौती दी और बाद में उसे पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे पास के सैन्य शिविर में ले जाया गया जहां उससे पूछताछ की गई। उसे राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर के अंतर्गत आने वाले इलाके में नियंत्रण रेखा पर पकड़ा गया। बाद में व्यक्ति को नौशेरा सेक्टर मुख्यालय ले जाया गया और अब पुलिस को सौंप दिया गया है। वह पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर के समहानी इलाके का रहने वाला है। जब संदिग्ध को पकड़ा गया तो वह निहत्था था।

### शुरू हुआ यूपी बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज यानी 16 मार्च से शुरू हो गया है। यह मूल्यांकन राज्य के 260 केंद्रों पर शुरू हो गया है जो 31 मार्च तक चलेगा। इन परीक्षा केंद्रों पर टीचर्स आंसरशीट का मूल्यांकन करेंगे। इस बीच में तीन दिन 24 से 26 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा। कॉपी चेकिंग के बाद 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। बता दें कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च तक संपादित हुई। जिले वार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं। यहां हाईस्कूल एवं इंटर दोनों की कापियां जांची जाएंगी। बोर्ड ने कुल 260 मूल्यांकन केंद्र बनाए हैं। इनमें 83 राजकीय तथा 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### लोकसभा चुनाव के लिए सपा की पांचवीं सूची जारी

**लखनऊ।** यूपी में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। पार्टी ने छह उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी में समाजवादी पार्टी ने शनिवार को उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी कर दी। इस बार पार्टी ने छह उम्मीदवारों के टिकट का एलान किया है। पार्टी ने आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, इटावा से जितेंद्र दोहरे, गौतमबुद्धनगर से महेंद्र नागर, सुलतानपुर से भीम निषाद, मिश्रिक से मनोज कुमार राजवंशी और जालौन से नारायण दास आहिरवार को मैदान में उतारा है।

### शाहपुरा में बम मिले,पुलिस ने लिया कब्जे में

**शाहपुरा।** शाहपुरा नगर परिषद क्षेत्र में शनिवार को तीन ग्रेनेड बम मिलने से फैली सनसनी फैल गयी। नगर परिषद सभापति रघुनंदन सोनी की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारियों के मौके पर पहुंचने व किसी भी प्रकार की घटना न होने से लोगों ने राहत की सांस ली। नगर परिषद की ओर से आसींद रोड पर मोडा की नाड़ी में चल रहे शहरी मनरेगा कार्य के दौरान ये बम मिले। महिलाएं खुदाई का कार्य कर रही थी उसी दौरान एक प्लास्टिक कट्टे में तीनों ग्रेनेड बम मिले। महिलाएं इसे लोहे की गेंद समझ खेलने लगी। किसी के बम की बात कहने पर मेट ने नगर परिषद प्रशासन व जमादार को सूचित किया। परिषद सभापति रघुनंदन सोनी ने मौके पर पहुंच कर देखा व पुलिस को सूचना दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा शाहपुरा पुलिस थाने के जाब्ते के साथ मौके पर पहुंची। तीनों बम को पुलिस के कब्जे में लेकर मौका निरीक्षण कर श्रमिकों से जानकारी ली। बाद में उसी स्थान पर दो फीट और खुदाई करायी गयी। खुदाई में कुछ न मिलने पर पुलिस भीलवाड़ा से फोंरेसिंक टीम व बम निरोधक दस्ते को बुलवाया। पुलिस ने तीनों बमों को सुरक्षित रखा दिये है।

# लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 18वीं लोकसभा के गठन के लिए घोषित किया कार्यक्रम, सात चरण में होंगे चुनाव, चार जून को होगी वोटों की गिनती

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम और चरणों की घोषणा के लिए चुनाव आयोग की तरफ से ब्रीफिंग की गई। चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए बताया कि इस बार के चुनाव सात चरण में होंगे। 4 जून को पूरे देश में वोटों की गिनती होगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम तीन चरणों में कार्यक्रम की घोषणा करेंगे। सबसे पहले उपचुनाव के लिए। 26 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां उपचुनाव होने हैं। बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि विभिन्न संचार माध्यम से जुड़े मतादाताओं का स्वागत है। सभी तीन साथ हैं और आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। दुनिया के सबसे बड़े और जीवंत लोकतंत्र के रूप में भारत पर सभी का ध्यान केंद्रित रहता है। जहां चुनाव एक त्यौहार हैं जिसमें लोकतंत्र के रंग उभरते हैं। देश के सभी हिस्से उसमें समावेश होते हैं। चुनाव का पर्व देश का गर्व। हम एक यादगार और निष्पक्ष चुनाव एक पर्व की तरह सब की भागीदारी के माध्यम से सुनिश्चित कराएंगे। राजीव कुमार ने कहा कि भौगोलिक, सांस्कृतिक रूप से इतने विविध देश में चुनाव कराने के लिए हमने आपको पिछले दो सालों में तैयार किया है।

**1.82 करोड़ मतदाता पहली बार करेंगे मतदान**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इस देश में कुल मतदाता 96.8 करोड़ हैं। जिनमें से 49.7 करोड़ पुरुष और 47 करोड़ महिलाएं है। 1.82 करोड़ पहली बार मतदाता इन चुनावों में हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमारे पास कुल 96.8 करोड़ मतदाता हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमारे पास 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता, 10.5 लाख मतदान केंद्र, 1.5 करोड़ मतदान अधिकारी और सुरक्षा कर्मचारी, 55 लाख ईवीएम, 4 लाख वाहन हैं।

### लोकसभा चुनाव 2024



**मतदान के सात चरण**

| | | |
|---|---|---|
| पहला चरण 19 अप्रैल | दूसरा चरण 26 अप्रैल | तीसरा चरण 07 मई |
| चौथा चरण 13 मई | पांचवां चरण 20 मई | छठा चरण 25 मई |
| सातवां चरण 01 जून | नतीजे 04 जून 2024 | |

▸ देश में कुल 96.8 करोड़ मतदाता जिनमें से 49.7 करोड़ पुरुष व 47 करोड़ महिलाएं


### चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की भी घोषणा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के साथ देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा हो गई है। इन राज्यों में ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश और सिक्किम शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार ओडिशा में चार चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे। यहां 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नोटिफिकेशन 20 मार्च को जारी होगा और मतदान 19 अप्रैल को होगा। राज्य की 60 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में चुनाव होंगे। सिक्किम विधानसभा के लिए भी एक ही चरण में सभी 32 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। नोटिफिकेशन की तारीख 20 मार्च और वोटिंग 19 अप्रैल को होगी। आंध्र प्रदेश की सभी 175 सीटों पर चुनाव के लिए 18 अप्रैल को नोटिफिकेशन जारी होगा और 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके अलावा अलग-अलग राज्यों की 26 विधानसभा सीटों पर भी उप चुनाव होंगे। ये चुनाव भी आम चुनावों के साथ होंगे।



चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा-एनडीए चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है और कहा कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार शुरू हो गया है।

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव है। मैं समग्र राष्ट्र की जनता से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव को और मजबूती देने का आह्वान करता हूं।

जेपी नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

### 13 राज्यों की विधानसभा के उप चुनावों की तारीखें भी घोषित

लोकसभा चुनाव को लेकर अब राजनीतिक दलों की धड़कने बढ़ने लगी हैं। निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव के साथ ही 13 राज्यों के विधानसभा के उप चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। आयोग ने उन सीटों को लेकर एलान किया है, जहां या तो लंबे समय से सीट खाली है या सीट पर मौजूदा शख्स की मौत हो चुकी है।

**इन राज्यों की विधानसभा सीटों पर उप चुनाव**

जिन राज्यों में विधानसभा के उप चुनाव होने हैं, उनमें बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु शामिल है।

**कहां किस चरण में चुनाव**

बंगाल में एक सीट खाली है। जिसके लिए सातवें चरण में उप चुनाव होगा। वहीं, गुजरात में पांच सीट खाली हैं, जिसमें विजयपुर, खामभट, पोरबंदर जैसी सीटें शामिल हैं। इस राज्य में तीसरे चरण में उप चुनाव होगा। वहीं, हरियाणा झारखंड, महाराष्ट्र और त्रिपुरा में एक-एक सीट खाली है। यहां क्रमश: छठे, पांचवें, दूसरे और पहले चरण में उप चुनाव होगा।

**उत्तर प्रदेश की चार व बंगाल की दो विधानसभा सीटें खाली**

वहीं, उत्तर प्रदेश में चार विधानसभा सीटें खाली हैं। यह सीटें ददरौल, लखनऊ ईस्ट, गैंसारी और दुद्धी (एसटी) हैं। विधायक मानवेंद्र सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव होने हैं। सारी सीटों पर अलग-अलग चरण में उप चुनाव होगा। पश्चिम बंगाल की बात करें तो यहां दो विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होंने हैं। भगवनगोला सीट पर तीसरे चरण और बारानगर सीट पर सातवें चरण में उप चुनाव होगा। वहीं, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी एक-एक विधानसभा सीट खाली है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटें खाली हैं। यहां सारी सीटों पर सातवें चरण में उप चुनाव होगा।

### यूपी में सात चरणों में होगा मतदान, कब-कहां होगी वोटिंग ?

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। लोकसभा चुनाव के लिए सात चरण में मतदान होगा। यूपी में सात चरण में मतदान होगा। चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने शनिवार को 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। लोकसभा चुनाव के लिए सात चरण में मतदान होगा। 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान होगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होगा। सात मई को तीसरा चरण होगा। 13 मई को चौथा चरण होगा। 20 मई को पांचवां चरण होगा। छठा चरण 25 मई को होगा। एक जून को सातवां चरण में मतदान होगा। चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।

**उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से किस चरण में कितनी सीटों पर मतदान**

**पहला चरण (19 अप्रैल)- आठ सीट पर मतदान:** (सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत)

**दूसरा चरण (26 अप्रैल)-आठ सीट पर मतदान:** (अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा)

**तीसरा चरण (सात मई)- दस सीट पर मतदान:** (संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला, बरेली)

**चौथा चरण (13 मई)- 13 सीट पर मतदान:** (शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच)

**पांचवें चरण (20 मई)-14 सीट पर मतदान:** (मोहनलाल गंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा)

**छठवें चरण (25 मई)-14 सीट पर मतदान:** (सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डोमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही)

**सातवें चरण (एक जून)-13 सीटों पर मतदान:** (महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, रोबर्ट्सगंज)

## जबरन घर तोड़े जाने के मामले में पूर्व मंत्री आजम खान सहित चार आरोपी दोषी करार

▸ तीन अन्य आरोपी बरी, अदालत 18 मार्च को सुनाएगी सजा

समृद्धि न्यूज



**रामपुर।** रामपुर जिले की एक विशेष अदालत ने डूंगरपुर में जबरन घर तोड़े जाने के मामले में शनिवार को पूर्व मंत्री आजम खान समेत चार आरोपियों को दोषी करार दिया जबकि तीन अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत सोमवार, 18 मार्च को इस मामले में सजा सुनाएगी।

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) रोहताश कुमार पांडेय ने बताया कि रामपुर की सांसद-विधायक अदालत (एमपी-एमएलए कोर्ट) के सत्र न्यायाधीश विजय कुमार नेजिले के गंज थाने में दर्ज एक मामले में शनिवार को पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आले हसन तथा बरकत अली को दोषी करार दिया जबकि अन्य तीन आरोपियों को बरी कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस मामले में सजा के लिए 18 मार्च की तारीख मुकर्रर की गयी है। उन्होंने बताया कि रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में समाजवादी सरकार के समय जबरन घर तोड़े जाने की घटना को लेकर तत्कालीन नगर विकास मंत्री आजम खान, तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष अजहर अहमद खान और तत्कालीन सीओ (शहर) आले हसन खान सहित कुल सात आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं 447, 427, 504, 506, 395 और 412 के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रदेश में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद 2019 में रामपुर के गंज थाने में यह मामला दर्ज किया गया था।

### ईडी समन मामले में केजरीवाल को जमानत

**नयी दिल्ली।** शराब नीति से संबंधित कथित धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बार-बार समन पर उसके समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं होने के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में पेश हुए जहां, उन्हें सशर्त जमानत मिल गई। राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) दिव्या मल्होत्रा की अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री केजरीवाल को 15,000 रुपये के जमानत बाँड या इतनी ही रुपए की जमानत राशि जमा करने की शर्त पर जमानत अर्जी मंजूर की। ईडी की ओर से अदालत के समक्ष पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने आरोप लगाया कि श्री केजरीवाल जानबूझकर पूछताछ के लिए देरी कर रहे हैं।

## बॉक्स खोलकर सरगना को पेपर भेजने वाला डॉ. शुभम गिरफ्तार

▸ सिपाही भर्ती परीक्षा में यूपी एसटीएफ को बड़ी कामयाबी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने सिपाही भर्ती परीक्षा से जुड़े डॉ. शुभम मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। शुभम बाक्स खोलने में माहिर है। उसे पेपर लीक कांड के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा ने बुलाया था। सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है।

एसटीएफ ने टीसीआई कम्पनी में रखे ट्रंक बाक्स को खोलकर गैंग सरगना को पेपर भेजने वाले डॉ. शुभम मंडल को गिरफ्तार कर लिया है। उसे पटना के खगौल से गिरफ्तार किया गया है। इसके पहले सिपाही पेपर लीक कराने वाले गैंग के तीन सदस्यों को एसटीएफ ने गाजियाबाद से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया था। तीनों अहमदाबाद से यूपी के जिलों को पेपर भेजने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनी के वर्तमान व पूर्व कर्मचारी हैं। इन लोगों ने इस कांड के मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा के साथ मिलकर वेयरहाउस से पेपर की फोटो खींची थी। बाद में उसे लाखों रुपयों में बेचा गया। राजीव की तलाश जारी है। राजीव ने बॉक्स खोलने में माहिर पटना निवासी डॉ. शुभम मंडल को बुलाया था।

### मोदी सरकार ने जेकेएलएफ को गैरकानूनी संगठन किया घोषित : शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्र की मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) (मोहम्मद यासीन मलिक गुट) को अगले पांच साल के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। श्री शाह ने कहा कि प्रतिबंधित संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति को कठोर कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग को पांच साल के लिए %गैरकानूनी संगठन%के रूप में नामित किया है। संगठन ने आतंकवाद के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में अलगाव को बढ़ावा देकर भारत की अखंडता को खतरे में डाला।

## मेरी गिरफ्तारी अवैध है, जबरदस्ती लगाया गया इंजेक्शन : के कविता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने आज (16 मार्च) दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट के समक्ष पेश किया। एजेंसी ने तेलंगाना विधान परिषद सदस्य को विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया।


रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईडी ने तलाशी के दौरान के कविता के घर से करीब पांच मोबाइल फोन बरामद किए। मौके पर मौजूद एक गवाह के बयान में कहा गया कि ईडी ने सर्च वारंट दिखाया लेकिन कविता ने उन्हें जांच की इजाजत नहीं दी. कुछ देर बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया. के कविता के घर पर ईडी का सर्च ऑपरेशन कल दोपहर करीब 1रू45 बजे शुरू हुआ और यह शुक्रवार शाम करीब 6.45 बजे तक जारी रहा. कविता ने कहा, मेरी गिरफ्तारी अवैध है। अदालत में पेश किए जाने के दौरान बीआरएस नेता ने मीडियाकर्मियों से कहा, ष्हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे। केंद्रीय जांच एजेंसी ने उन्हें कल शाम हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया और दिल्ली लाया गया। कोर्ट में के कविता ने कहा कि सुबह 3 बजे तक जबरदस्ती इंजेक्शन लगाया गया, मेरा बीपी हाई-हार्ट रेट नॉर्मल नहीं था। बीआरएस प्रमुख और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी एवं विधान परिषद सदस्य कविता को शुक्रवार को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया था और देर रात दिल्ली लाया गया था।

**सौगात**

### सीएम योगी ने राज्य विवि के साथ 513 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## पिछली सरकारों ने शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था को बर्बाद किया

समृद्धि न्यूज



**मुरादाबाद।** हम विकास की बात करें और उसमें शिक्षा और स्वास्थ्य की चर्चा न करें यह तो मजाक होगा। उत्तर प्रदेश की पिछली सरकारों ने सबसे पहले शिक्षा की व्यवस्था को बिगाड़ा, स्वास्थ्य की व्यवस्था को बर्बाद कर दिया, व्यापारी और बेटी को असुरक्षित कर दिया, दंगे होने लगे। प्रदेश को दंगे और कर्फ्यू ने ऐसा घेरा प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा होने लगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मुरादाबाद में राज्य विश्वविद्यालय के साथ 513 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद से मिर्जापुर के विश्वविद्यालय का भी वर्चुअल शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ ने सर्वप्रथम विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का आवास की चाभी दी, स्मार्ट मोबाइल फोन, ट्रैक्टर, चेक आदि दिए। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि मुरादाबाद में बनने वाली यूनिवर्सिटी के लिए पहले चरण में 50 एकड़ भूभाग उपलब्ध कराया गया और 180 करोड़ रूपये उपलब्ध कराए गए हैं। आने वाले समय में मुरादाबाद के विश्वविद्यालय को और अधिक विकसित करके वर्ल्ड क्लास की यूनिवर्सिटी बनाया जाएगा।

उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के लोक कल्याण संकल्प पत्र में हर कमिश्नरी में सरकारी विश्वविद्यालय का वचन था। मिर्जापुर और मुरादाबाद में सरकारी यूनिवर्सिटी के शिलान्यास के साथ यह पूरा हो गया। सीएम ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में उप्र में व्यापारी और उद्यमी अपना उद्योग और व्यापार छोड़कर भागने लगा।

विकास के कार्यों में भाई भतीजावाद हावी हो गया, अराजकता का तांडव छाने लग गया। देखते ही देखते उप्र अपलिमिटेड प्रोटेशियल का यह प्रदेश अपनी पहचान के लिए मोहताज हो गया। यहां का नौजवान कहीं जातो था तो अपनी पहचान छुपाता था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में जहां देश में विकास की एक नई ऊंचाईयां प्राप्त की हैं दुनिया में सम्मान बढ़ाया हैं।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विधान परिषद सदस्य व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, नगर विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, डा. हरि सिंह ढिल्लो, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शैफाली सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा आदि रहे।

# आचार संहिता का अनुपालन कराने उतरे डीएम-एसपी

## अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश, जिलेभर में गठित टीमें समयबद्धता से इस कार्य को पूरा करें



**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर शनिवार की शाम से लागू हुई आचार संहिता के अनुपालन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा सड़क पर उतरे।

उन्होंने चौराहों व सड़कों किनारे लगी राजनीतिक दलों की होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटवाए। डीएम-एसपी ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, अन्य प्रशासनिक अधिकारियों संग शहर के नौरंगाबाद, सौजन्या चौक, राजापुर, एलआरपी चौराहा, छाउछ चौराहा समेत शहर के प्रमुख चौराहों पर स्वयं खड़े होकर जेसीबी के जरिये होर्डिंग एवं बैनर उतरवाए। मौजूद अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने एसडीएम एवं सीओ को संयुक्त रूप से भ्रमण करके सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई भी राजनीतिक दल की प्रचार संबंधी होर्डिंग, फ्लेक्स एवं वॉल पेंटिंग हटाने से वंचित न रहने पाए। जिलेभर में गठित टीम में तत्परता एवं समयबद्धता से इस कार्य को पूरा करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ एडीएम संजय कुमार सिंह ने एसडीएम से प्रचार सामग्री को हटाने की स्वयं मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण करके उसकी रिपोर्ट सीधे डीएम को भेजेंगे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह , सीओ सिटी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर अंबर सिंह, ईओ मौजूद रहे।

## डीईओ ने की आम जनता से अपील

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान सामान्य जनता से जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील करते हुए कहा कि मतदाता की संतुष्टि के लिए नकदी, शराब या अन्य किसी वस्तु का वितरण रिश्वत है और यह एक दण्डनीय अपराध है। निर्वाचनों के दौरान नकदी, शराब या अन्य वस्तुओं के वितरण पर नजर रखने के लिए प्रत्येक पुलिस स्टेशन के अधीन उड़न दस्ते बनाये गये है। उन्होंने सभी से यह अपील करते हुए कहा कि उड़न दस्तों द्वारा जब्ती से बचने के लिये कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचनों के दौरान किसी निर्वाचन क्षेत्र में बहुत बड़ी मात्रा में नकदी ले जा रहा है, तो उस धन के स्रोत और उसके अंतिम प्रयोग को दर्शाने वाले समुचित दस्तावेज साथ रखने चाहिये।

# अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध चला बाबा का बुलडोजर

> खाली कराने के दौरान ही छप्परों में आग लग गई जिसको मौके पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड ने जाकर बुझाया



**खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना तिकुनिया क्षेत्र के गुलरियापरवर शाह के डांगा गावँ रामकुमार, सुरेश कुमार आदि की जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाए गए घरो पर पुलिस व कोर्ट की टीम ने जेसीबी मशीन से गिरवाये।

डांगा चौराहे पर रोड के किनारे रामकुमार, सुरेश कुमार, जयप्रकाश, विजय कुमार, कैलाश कुमार का गाटा संख्या 347, 349 जोकि खेत है जिसपर छन्नू खा पुत्र घूरे खा व हसीन बानो पत्नी स्व रहमत बेग ने घर बना रखा था जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा था। कोर्ट ने रामकुमार आदि के पक्ष में खाली कराने का आदेश दे दिया जिसके तहत शनिवार को कोर्ट व पुलिस ने मौके पर जाकर जेसीबी लगाकर खाली करा दिया। इस दौरान काफी हंगामा होता रहा। खाली कराने के दौरान ही छप्परों में आग लग गई जिसको मौके पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड ने जाकर बुझाया।

इस दौरान कोर्ट के अमीन कमिश्नर वीरेंद्र कुमार, मिट्ठू राम राना अर्दली हिमांशु कुमार तिकुनिया कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार सिंह,एसआई आलोक कुमार व थाना सिंगाही, निघासन,पढ़ुवा सहित काफी पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

> गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाना पर आयुध अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया जेल



**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैलानी पुलिस द्वारा एक युवक को अवैध देसी तमंचा व अवैध अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस को इस बारे में गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जिझारपुर के पास आरोपी को काबू किया।

उसकी जमा तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 12 बोर का देशी तमंचा व जिंदा 12 बोर कारतूस मिला जिससे उसको तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।

संसारपुर चौकी क्षेत्र में शनिवार को लगभग 10:30 बजे जिझारपुर के पास हरिओम पुत्र रामकुमार उम्र लगभग 25 वर्ष निवासी ग्राम ढाकनपुर थाना मैलानी को एक अदद अवैध देसी तमंचा 12 बोर एक अदद अवैध जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाना पर आयुध अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर, राजमल सनी, गजेंद्र सिंह, राजीव सागर मौजूद रहे।



## तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**मितौली, खीरी।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी मितौली विनीत उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक मितौली शमशेर बहादुर सिंह तथा तहसीलदार मितौली संतोष कुमार शुक्ला ने आए हुए फरियादियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए प्रेषित किये गए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल नौ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग के तीन तथा पुलिस विभाग के तीन विद्युत विभाग का एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ राजस्व विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्र मौके पर ही निस्तारित किए गए। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को उप जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के लिए प्रेषित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी राजेश शुक्ला एवं समस्त विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्युत आपूर्ति की समस्या से मिलेगी राहत, लगे दो फीडर

## दूसरा नया फीडर जिसका नाम न्यू बाई पास फीडर है जिसमें कुल 03 किमी नई लाइन बनाई गयी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

काफ़ी समय से गोला नगर में चली आ रही ट्रिपिंग तार टूटने तथा ओवरलोडिंग की समस्या को लेकर गोला टाउन में दो नए फीडरो का उद्घाटन किया गया। विजय शुक्ल रिंकू अध्यक्ष नगर पालिका गोला व जर्नादन गिरि अध्यक्ष शिव मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्षता में गोला टाउन में दो नये फीडरो का उद्घाटन किया गया जिसमें एक फीडर का नाम शिव मंदिर है, जिसमें कुल 02 किलो मीटर एचटी लाइन बनाई गयी। कुल 62 पोल लगाये जिसकी कुल लागत 34.50 लाख रुपये है। जिसके बनने से छोटी काशी शिव मंदिर गोला में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी एवं जिससे लगभग 2490 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। दूसरा नया फीडर जिसका नाम न्यू बाई पास फीडर है जिसमें कुल 03 किमी नई लाइन बनाई गयी है जिसकी कुल लागत 49.50 लाख रुपये है, जिससे कुल 2700 उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

उपरोक्त दोनो नये फीडरों के चालू होने से गोला टाउन के सम्मानित उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग, तार टूटने तथा ओवर लोडिंग की समस्या से राहत मिलेगी। इस उद्घाटन समारोह में उपजिलाधिकारी गोला, इं0 राजनारायण अधिशासी अभियंता, इं0 विनीत वर्मा उपखण्ड अधिकारी, इं0 पवन कुमार उपखण्ड अधिकारी, इं0 मिथिलेश यादव अवर अभियंता, इं0 शिवम पाण्डेय, लालू मिश्रा, शत्रोहन मिश्रा नगर अध्यक्ष गोला, राम गुलाम पाण्डेय, रवीन्द्र कटियार एवं अंकुर सिंह आदि मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### भारत-नेपाल सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चला



**गौरीफन्टा खीरी।** आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 के आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुपालन के दृष्टिगत संपूर्ण जनपद में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना गौरीफन्टा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत नेपाल सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। डिगनिया तिराहा थाना गौरीफन्टा में बैरियर लगाकर भी वाहनों की चेकिंग की गई।

### तहसील प्रशासन ने होल्डिंग हटवाई

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** आदर्श आचार संहिता लागू होने पर तहसील प्रशासन द्वारा राजनीतिक पार्टियों की होर्डिंगों को हटाने का कार्य जोर-शोर पर किया गया। शनिवार को लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा चुनाव आयोग द्वारा की जा चुकी है। एसडीएम आनंद तिवारी बदोसराय थानाध्यक्ष प्रफुल्ल यादव ने दल बल के साथ बदोसराय चौराहा, मरकामऊ कोटवाधाम सहित अन्य कई सार्वजनिक स्थानों पर लगी राजनीतिक पाटियों की होर्डिंगों को हटाया गया है।

### मंदिर का धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत भिखरा स्थित भीमाशंकर जंगलेश्वर मन्दिर का 5 वाँ पुनर्स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।। लोक गायको द्वारा जहा लोक गीतो से मन मोह लिया गया वही प्रधान नीरज सिंह द्वारा आयोजित भंडारे में बडी संख्या में लोगों ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये 27 प्रार्थना पत्र, गायब रहे अधिकारी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 शिकायतें आयीं।तहसील दिवस से करीब एक दर्जन विभागों के अधिकारी कर्मचारी रहे नदारद रहे। दिवस में मात्र दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील दिवस को बीच में छोड़कर सीडीओ अस्पताल निरीक्षण के लिए एसडीएम के साथ निकल लिए। इस दौरान उनके पीछे-पीछे तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी भी तहसील दिवस छोड़कर चलते बने। चुनाव अधिसूचना जारी होने से पूर्व आयोजित हुए इस तहसील दिवस में फरियादियों का भी अभाव रहा। तहसील दिवस में एसडीएम, तहसीलदार वैशाली अहलावत पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार, जेई जल निगम सौम्या श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### आचार संहिता लगते ही उतरने लगी राजनेताओं की होर्डिंग्स

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** निर्वाचन आयोग द्वारा देश भर में चुनाव आचार संहिता लागू किए जाने के साथ हैदरगढ़ नगर प्रशासन द्वारा पूरे कस्बे से भाजपा सपा व अन्य प्रत्याशियों की होर्डिंगो के साथ-साथ राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओ के प्रचार प्रसार से संबंधित होर्डिंग्स को हटाना शुरू कर दिया। इसी क्रम में आज नगर पंचायत हैदरगढ़ के अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार के नेतृत्व में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा अभियान चलाकर होर्डिंग्स को हटाया गया।

# सीडीओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी ने अचानक तहसील दिवस छोड़कर संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल में तमाम कमियां दिखाई दी। जिनको लेकर नाराजगी जताई और उन्हें ठीक करने के निर्देश दिए।

शनिवार को सिरौलीगौसपुर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे सीडीओ ए सुथान ने अचानक बीच तहसील दिवस से उठकर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे। अस्पताल परिसर वाहनों की पार्किंग देख कर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि पार्किंग की व्यवस्था कही और की जाए। इस के बाद उन्होंने अस्पताल में घूम कर एक एक चीज का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से भी बात चीत कर अस्पताल की स्थिति का पता लगाया। इस दौरान रैबीज का इंजेक्शन लगवाने अस्पताल आए युवक यश तिवारी ने सीडीओ से शिकायत किया कि उनसे टिडबैक का इंजेक्शन बाहर से मंगवाया गया है। वहीं अस्पताल की विल्डिंग पर उगी झाड़ियों एवं आवासीय परिसर की तरफ फैली गन्दगी को लेकर नाराजगी जताई और उसे साफ कराने के लिए सीएमएस डॉ नीलम गुप्ता से कहा। सीडीओ ने अस्पताल में बने पीकू वार्ड,दवा भंडारण कक्ष,प्रसव कक्ष, ओपीडी, स्टोर कक्ष, शौचालय, आदि का गहन निरीक्षण किया।

इसके बाद उन्होंने सीएमएस से अस्पताल में अबतक हुए सर्जरी के सम्बन्ध में जानकारी ली। वहीं सीएमएस ने अस्पताल में स्टाफ नर्सों की कमी होने की जानकारी दी। अस्पताल का किचन और कैंटीन भी बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आनन्द तिवारी, सीएमएस डॉ नीलम गुप्ता, बीडीओ अमित त्रिपाठी, डाक्टर देवेन्द्र सिंह, नीरज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में आये 84 फरियादी, दो का हुआ निस्तारण

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** स्थानीय तहसील सभागार में उप जिला अधिकारी की अध्यक्षता में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 84 शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है। सबसे अधिक राजस्व विभाग से 57 पुलिस विभाग से 7 विकास विभाग से 6 विद्युत विभाग से तीन पूर्ति विभाग 3 के अलावा अन्य विभाग से 6 शिकायत पत्र मिले हैं। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने सभी विभाग के अधिकारियों को फरियादियों के समाधान पर गंभीरता दिखाते हुए तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी जेएन अस्थाना, तहसीलदार शशि कुमार त्रिपाठी, ,थाना लोनी कटरा एसओ अंकित त्रिपाठी के अलावा सर्किल के सभी थाने के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।



## सभासदों ने ईओ से की कार्यवाही की मांग

**जैदपुर बाराबंकी।** कोटेदारों द्वारा रसीद न देने व कार्ड धारकों को राशन कम देने से नाराज़ तमाम सभासदों ने एक जुट होकर अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है। बताते चलेकि नगर पंचायत जैदपुर में कोटेदारों द्वारा राशन कार्ड धारकों को रसीद न देने व सभी कार्ड धारकों को एक किलो राशन कम देने की मिल रही तमाम शिकायतों से नाराज़ सभासदों में ताहिर अंसारी राम राम सिंह सुफियान निजामुद्दीन सायम मेंहदी शाहरूख आदि लोगों ने अधिशाषी अधिकारी अलोक वर्मा को ज्ञापन सौंप कर कोटेदारों पर कार्यवाही करने की मांग की है। सभी कोटेदारों को पत्र लिखा जायेगा। धांधली रोकने हेतु जिलापूर्ति अधिकारी से भी बात की जायेगी। वहीं हरख विकास खंड के सप्लाई अधीकारी मो0 इमरान से बात की गयी तो बताया गया ऐसा कोई मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। न तो कोई शिकायत मिली है। यदि ऐसा है तो निष्पक्ष रूप से जांच कर कार्यवाही भी की जायेगी।

# बेवा महिला ने लगाया दुराचार का आरोप, थाने में दी तहरीर

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय पति का दोस्त लगभग एक वर्ष से जबरन दबंगई कर बेवा महिला से कर रहा दुराचार, पीड़ित ने इसकी शिकायत जैदपुर थाने में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत निवासी एक महिला ने शनिवार को थाना जैदपुर में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि खानपुर थाना सतरिख निवासी भानू पुत्र भागीरथ यादव से उसके पति की दोस्ती थी।पति के मरने के बाद घर में अकेली रह रही बेवा महिला से लगातार भानु जबरन धमका कर दुराचार कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने व बेइज्जत करने की धमकी देता है। दिनांक 14/3/2024 की शाम को बेवा महिला को घर में अकेली देख शराब के नशे धुत आरोपी ने घर में घुस दबंगई करते हुये दुराचार करने का प्रयास करने लगा।

बेवा ने इस बात का विरोध किया तो जमकर मारा पीटा मारपीट के दौरान बेवा महिला का सिर फट गया। जिसे देख आरोपी भाग निकला। उक्त आरोप लगाते हुये पीड़ित बेवा महिला ने शनिवार को जैदपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# ईमानदारी से शिक्षक करें दायित्वों का निर्वहन: सुनील सिंह

> ग्राम प्रधान व अध्यापक आपस में सामंजस्य से स्थापित करके शिक्षा के क्षेत्र में चल रही योजनाओं को भली भांति लागू करना है जिससे उनका लाभ बच्चों को मिल सके : ब्लॉक प्रमुख

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड त्रिवेदीगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला में आज शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों प्रधानाध्यापको का ब्लॉक स्तरीय एकदिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग में हुए क्रांतिकारी बदलाव की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान व अध्यापक आपस में सामंजस्य से स्थापित करके शिक्षा के क्षेत्र में चल रही योजनाओं को भली भांति लागू करना है जिससे उनका लाभ बच्चों को मिल सके और बच्चों की शैक्षिक योग्यता में सुधार एवं उन्नति की ओर अग्रसर करने के लिए आप सभी को ईमानदारी और कर्मठता के साथ अपने दायित्व्यों का निर्वहन करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवजात खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद शिक्षक संघ के अध्यक्ष शिवसागर सिंह प्रधानाध्यापक राजेश वर्मा अनीता देवी सरिता रावत प्रतिमा त्रिपाठी देवबक्श सिंह अजय प्रताप सिंह प्रधान संजय वर्मा पिंटू वर्मा अभय प्रताप सिंह गुड्डू हरि सागर सिंह गरिमा जायसवाल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने किया इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत सहावर संपर्क मार्ग से चिनगी शाह बाबा की मजार तक त्वरित आर्थिक विकास योजना के माध्यम से इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया गया था जिसका उद्घाटन आज पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने प्रदेश व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास शासन की पहली प्राथमिकता है केंद्र व प्रदेश की सरकार ने सड़क बिजली पानी का जो वादा किया था वह पूरा किया जा रहा है। हर घर नल योजना लगभग 80 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि आज उनके क्षेत्र नहीं बल्कि प्रदेश के हर गांवों में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है।

# महिला को पीटने का वीडियो वायरल, चाची ने दी तहरीर

**सूरतगंज बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महिला को भूमि पर गिरा कर बेरहमी से मारने-पीटने वाला पति का वीडियो सोशल प्लेट फार्म पर वायरल हो रहा है।

गंभीर रूप से घायल विकलांग महिला की चाची ने तहरीर थानें पर देकर न्याय की गुहार लगाई है। रामनगर थाना क्षेत्र के अशोकपुर गांव की शशि पत्नी अमर सिंह ने शनिवार दोपहर के बाद मोहम्मदपुर खाला थाना पहुंच थाना प्रभारी को एक तहरीर दी।उसने बताया है कि विकलांग भतीजी प्रीति की शादी करीब दस वर्ष पूर्व बेलहरा कस्बा के जगरा के प्रेम पुत्र कमलेश के साथ हुई थी और उसके तीन बच्चे भी हैं। कुछ दिनों से प्रेम दूसरे शादी के चक्कर में प्रीति को आए प्रताड़ित करके भागने पर लगा हुआ था। लेकिन अपने मकसद में कामयाब हो नहीं पा रहा था।इसलिए प्रेम ने प्रीति को लात-घूंसे लाठी-डंडे से पीटकर भगा दिया। उसका वीडियो भी सोशल प्लेट फार्म पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो पर प्रेम जान से मारने के धमकी भी प्रीति को दे रहा है।इस संबंध पर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कहा है कि वीडियो और तहरीर मिली है। जांच उपरान्त कार्रवाई की जाएगी।

**लोकसभा चुनाव**

## 26 अप्रैल को नामांकन का नोटिफिकेशन, तीन मई तक नामांकन

# चुनाव की तिथियों का हुआ ऐलान, पांचवें चरण में बाराबंकी में होगा चुनाव

> बाराबंकी लोकसभा में विधानसभावार एआरओ किए गये तैनात : डीएम

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तिथियों के ऐलान के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव कराने को लेकर जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने प्रेस वार्ता कर चुनाव तिथियों के ऐलान के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की जानकारी दी और बताया कि लोकसभा बाराबंकी में 23 लाख 29 हजार 894 मतदाता 1701 पोलिंग स्टेशनों व 2615 पोलिंग बूथों पर 20 मई को मतदान करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि बाराबंकी लोकसभा में विधानसभावार एआरओ तैनात कर दिए गये है कुर्सी विधानसभ क्षेत्र में आइएएस अधिकारी एआरओ रल्ला पल्ली जगत साई, रामनगर विस क्षेत्र में पवन कुमार बाराबंकी विस में उपजिलाधिकारी बिजय कुमार त्रिवेदी, जैदपुर विस क्षेत्र में केडी शर्मा, हैदरगढ़ में अनुराग सिंह, एआरओ के रूप में तैनाती की गई है। इस सीी विधानसभा क्षेत्र के सभी नामांकन अपर जिलाधिकारी के बी-2 कोर्ट रूम में किये जायेंगे। विधानसभा दरियाबाद एवं रूदौली क्षेत्र के आरओ जिलाधिकारी अयोध्या होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 21378 वोटर दिव्यांग हें और 17890 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के हैं जिनके मतदान के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं 1051 मतदाता नौकरी में हें। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए 527 बसों 38 मिनी बसों एवं 565 भारी वाहन तथा 2456 मैजिक व बोलेरो वाहनों की आवश्यकता होगी। विधान सभा कुर्सी और हैदरगढ़ की पोलिंग पार्टियों को जीआसी ऑडिटोरियम से रवाना किया जायेगा और शेष सभी विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियां नवीन मण्डी स्थल, बहराइच रोड से रवाना होंगी तथा चुनाव सम्पन्न होने के तुरन्त बाद यहीं पर ईवीएम जमां की जायेंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 20 प्रतिशत अतिरिक्त रिजर्व ईवीएम मशीनों को मिलाकर 4125 ईवीएम और 3653 वीवी पैड की व्यवस्था की गई है।

चुनाव की तिथियां घोषित होते ही जिला प्रशासन आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए सख्त हो गया है। बिना अनुमति के कोई रैली व सभाएं नही होंगी, अनुमति के लिए प्रथक से सक्षम अधिकारी नामित किये गये हैं। कोई नवीन कार्य और परियोजनाएं नही शुरू की जाएंगी।

# आम चुनाव में एनडीए व इंडिया गठबंधन सभी का पहला एजेंडा जातीय समीकरण साधता हुआ दिखाई दे रहा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** देश की संसद को सर्वाधिक 80 सांसद देने वाले उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय दल जातिगत समीकरणों और गुणा-भाग के आधार पर ही चुनाव की वैतरणी पार करते हैं। 2024 के आम चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन सभी का पहला एजेंडा अभी तो जातीय समीकरण साधता हुआ दिखाई दे रहा है।




यूपी में सपा और बसपा की राजनीति की शुरूआत कांग्रेस के विरोध से हुई। पहले बात सपा की की जाए तो सपा का कोर वोट बैंक यादव और मुस्लिम माना जाता रहा है। दिवंगत सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से लेकर उनके पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तक यादव और मुस्लिम वोट बैंक के सहारे सत्ता में रहे। बहुजन समाज पार्टी का कोर वोट बैंक एससी-एसटी को माना जाता है। बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती अपने को दलितों का सबसे बड़ा हितैषी मानती हैं। सपा बसपा का वोट बैंक किसी जमाने में कांग्रेस का वोट बैंक माना जाता था। कांग्रेस को सवर्णों का भी समर्थन हासिल था। लेकिन पिछले तीन दशकों में कांग्रेस यूपी में अपनी सियासी जमीन काफी हद तक खो चुकी है। भारतीय जनता पार्टी को अपने कोर वोट बैंक के अलावा ओबीसी, दलितों और कम मात्रा में ही सही मुस्लिम वोटरों का समर्थन हासिल है।

अपना दल की कुर्मी बिरादरी में अच्छी पकड़ मानी जाती है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के साथ पूर्वांचल के करीब 18-20 प्रतिशत राजभर मतदाता होने का दावा किया जाता रहा है।

सुभासपा की बंसी, आरख, अर्कवंशी, खरवार, कश्यप, पाल, प्रजापति, बिंद, बंजारा, बारी, बियार, विश्वकर्मा, नाई और पासवान जैसी उपजातियों पर भी मजबूत पकड़ मानी जाती है। निषाद पार्टी के कोर वोट बैंक केवट, बिंद, मल्लाह, कश्यप, नोनिया, मांझी और गोंड की आबादी उत्तर प्रदेश में लगभग 18 फीसदी है। ये जातियां उत्तर प्रदेश की करीब 5 दर्जन विधानसभा सीटों पर प्रभाव रखती है। राष्ट्रीय लोक दल की पश्चिमी यूपी में जाट बिरादरी पर मजबूत अच्छी पकड़ मानी जाती है।

### दोनों खेमों की है तैयारी

यूपी में एनडीए के बैनर तले भारतीय जनता पार्टी के साथ रालोद, अपना दल सोनेलाल, सुभासपा और निषाद पार्टी का गठबंधन है। बीजेपी 74 सीटों पर चुनाव लड़ रही है तो वहीं गठबंधन में शामिल अपना दल और रालोद को दो-दो और सुभासपा और निषाद पार्टी को एक-एक सीट मिली हैं। विपक्ष के इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस इंडिया मुख्य रूप से षामिल हैं। सपा के साथ अपना दल कमेरावादी, तृणमूल कांग्रेस और आजाद समाज पार्टी भी है। गठबंधन के बटवारे में 63 सीटें सपा और 17 सीटें कांग्रेस को मिली हैं।

### बीजेपी ने बदल दिया वोटों का गणित

भाजपा के पास अपने कोर वोटरों के अलावा सहयोगी दलों रालोद, अपना दल सोनेलाल, सुभासपा और निषाद का भी मजबूत वोट बैंक है। डबल इंजन की सरकार के कार्यों और सबके विकास की नीति ने एनडीए को बढ़त मिलती दिखती है। कई ओपिनियन पोल में भी यूपी में एनडीए का पलड़ा भारी बताया गया है। भाजपा के मिशन-80 के विजय रथ को थामने के लिए समाजवादी पार्टी का अबकी पीडीए पर पूरा भरोसा है। बसपा से खिसकते दलित वोट बैंक को सपा के साथ ही कांग्रेस भी हथियाने की कोशिश में है। सपा-कांग्रेस गठबंधन को उम्मीद है कि दलित-मुस्लिम गठजोड़ से उन्हें अबकी चुनाव में लाभ होगा।

### लोकसभा चुनाव 2019 में किस पार्टी को मिली कितनी सीट

2019 के आम चुनाव में एनडीए में बीजेपी और अपना दल सोनेलाल एक साथ मिलकर लड़ा था और एनडीए का 51.19 प्रतिशत वोट शेयर रहा था। जिसमें बीजेपी के खाते में 49.98 प्रतिशत और अपना दल (एस) को 1.21 प्रतिशत वोट शेयर मिला था। वहीं महगठबंधन (बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल) को 39.23 प्रतिशत वोट शेयर मिला था। जिसमें बसपा को 19.43 प्रतिशत, सपा को 18.11 प्रतिशत और रालोद को 1.69 प्रतिशत वोट मिला था। इसके अलावा कांग्रेस को इस चुनाव में 6.36 वोट शेयर मिला था। इस बार समीकरण बदल हुआ है। एनडीए में बीजेपी, अपना दल सोनेलाल, रालोद, सुभासपा और निषाद पार्टी है। इंडिया गठबंधन में सपा और कांग्रेस है। रालोद इस बार एनडीए के साथ है, और फिलवक्त बसपा किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। ऐसे में हर लिहाज से भाजपानीत एनडीए का पलड़ा भारी दिखाई देता है।

## खबरें एक नजर में

### आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं : संजय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कुछ दिनों में व्यापरियों द्वारा आत्महत्या की कई घटनाओं पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने चिंता जताई। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने व्यापरियों को विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत से काम लेने, परिवार,संगठन और मित्रों से समस्या साझा करने की सलाह दी। उन्होने कहा, आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं है बल्कि इसके बाद परिजनों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा अनेक बार व्यापारी इज्जत के डर से अपनी समस्या किसी से सांझा नहीं करते है और अकेले ही घुटते रहते हैं जिसके कारण मनोबल कमजोर हो जाता। हर समस्या का समाधान है तथा बात करने से रास्ता निकलता है। संजय गुप्ता ने कहा, जो व्यापारी विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहे हो, हेल्प लाइन नंबर 8400124444 पर संपर्क कर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर सम्पर्क करे, संगठन मदद करेगा, आत्महत्या जैसा मार्ग कतई न चुने।

### एक्जिट पोल पर लगनी चाहिए रोक : अंगारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इक्जिट पोल पर चुनाव आयोग को रोक लगाना चाहिए। मतदान से पहले एक्जिट पोल पर तो बिल्कुल ही पाबन्दी होनी चाहिए। ये देशवासियों को भ्रमित करने और भाजपा और मोदी का चुनाव प्रचार का काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार श्रीवास्तव श्अंगाराश् ने यह विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को इस विषय में चुनाव आयोग से लिखित शिकायत करनी चाहिए। ये चौनलों के माध्यम से विपक्षी दलों का दुष्प्रचार कर रहे हैं, अगर ये सच है तो एक्जिट पोल को विपक्षी दलों के जीतने वाली सीटों के बारे में भी तो बताना चाहिए। राजद के सूबाई उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने अपनी आपत्ति चुनाव आयोग से दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि आनन फानन में चुनाव घोषणा से पहले लाया गया एक्जिट पोल, देशवासियों को भ्रमित करने वाला एक नाटकीय षड़यंत्र है। उसी तरह इलेक्टोरल बांड भी एक नाटकीय षड़यंत्र है। ये दोनो लोकतंत्र और संविधान विरोधी हैं। इस पर सख्त एक्शन की जरूरत है। चुनाव आयोग को संज्ञान लेते हुए निर्णय लेना चाहिए। आमजनता को बरगलाने की कोशिश उचित नहीं है। मतदाताओ के सामने असमंजस के हालात बनाने वालों पर नजर जरूरी है क्योंकि इससे स्वस्थ लोकतंत्र का मकसद पूरा नहीं हो सकता है।

### नवनीत सहगल बने प्रसार भारती के नए चेयरमैन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त आईएएस नवनीत कुमार सहगल को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें प्रसार भारती का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली था। वह ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था। सूर्य प्रकाश 70 वर्ष के हो गए थे, जो इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा है। आज नवनीत कुमार सहगल अपना पदभार ग्रहण किया। सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च को जारी एक आदेश में कहा गया है, 'राष्ट्रपति को, चयन समिति की सिफारिश पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी नवनीत कुमार सहगल को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करते हुए प्रसन्नता है, जो उनके पद का कार्यभार संभालने की तारीख से तीन साल की अवधि या उनके 70 वर्ष का होने तक प्रभावी होगी।

### क्रांति सिंह निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रेरणा सदन लोक निर्माण विभाग गवर्नर हाउस के सामने 16 मार्च 20 24 को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का नामांकन व निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव अधिकारी श्रवण पाल की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया गय। चुनाव में श्री क्रांति सिंह निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष, सुशील कुमार प्रदेश महामंत्री, श्याम देव प्रदेश कोषाध्यक्ष, कन्हैया लाल पटेल प्रदेश संगठन मंत्री, दिनेश चंद्र मौर्य, प्रदेश संप्रेक्षक निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्रदेश अध्यक्ष पद पर दो नामांकन क्रांति सिंह के सामने रामचंद्र ने नामांकन किया था। लेकिन रामचंद्र ने प्रदेश अध्यक्ष से अपना नामांकन वापस ले लिया। इसलिए क्रांति सिंह निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जबकि अन्य पदों पर सिर्फएक एक नामांकन होने से सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपस्थित प्रदेश पदाधिकारी व कई जनपद शाखा के जिला अध्यक्ष मंत्री ने निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी को पुष्प भेंट कर व मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।

### उप्र राज्य सेतु निगम में सहायक अभियंता की सीधी भर्ती निरस्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन मालवीय मार्ग स्थित उप्र राज्य सेतु निगम में 28 सहायक अभियंता की सीधी भर्ती किये जाने की विज्ञप्ति प्रकाशित होने के बाद अब सीधी भर्ती निरस्त कर दी गयी है। उप्र राज्य सेतु निगम के महाप्रबंधक मुख्यालय जय किशोर ने शनिवार को इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि देश के अच्छे विश्वविद्यालयों से शिक्षा लेकर अभियंता बनने वाले लोगों के लिए सहायक अभियंता के पद पर सीधी भर्ती होनी थी। इसके लिए छह मार्च को एक विज्ञप्ति भी जारी की गयी, जिसमें 28 सहायक अभियंता की सीधी भर्ती के लिए तमाम आवश्यक बिन्दुओं की जानकारी साझा की गयी थी। उन्होंने बताया कि उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद विशेष परिस्थिति में विज्ञप्ति को रद्द करते हुए सीधी भर्ती को भी निरस्त किया गया है। आगे इस संबंध में दूसरी सूचना जारी हो सकती है, जिसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि उप्र राज्य सेतु निगम में सीधी भर्ती के माध्यम से सहायक अभियंताओं को रखा जाना था। जिसके लिए जनरल, ओबीसी, एससी और ईडब्लूएस कैटेगरी के अंतर्गत वैकेन्सी को बांटा गया। सूचना जारी होने के साथ ही लोगों ने अपने आवेदन करने की तैयारी की और अब उनमें थोड़ी मायूसी छायी है।

# फैमिली आईडी कार्ड बनाने में जुटी सरकार

### विभिन्न विभागों की सेवाओं के लाभार्थियों को फैमिली कार्ड बनवाने के लिए किया जा रहा प्रेरित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार उत्तर प्रदेश में शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सेवाओं के लाभार्थियों को फैमिली कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही, विभागों को भी शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया गया है। इसमें खासतौर पर समाज कल्याण, महिला कल्याण तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड और राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए लाभार्थियों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत सरकार द्वारा ये भी सुविधा दी जा रही है कि यदि फैमिली आईडी के माध्यम से परिवार के किसी सदस्य का जाति/निवास प्रमाण पत्र जारी होता है तो अन्य सदस्यों के जाति/निवास प्रमाण पत्र सरलता से प्राप्त किए जा सकेंगे।




### वंचित व पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य

फैमिली आईडी: एक परिवार एक पहचान योजना का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वंचित एवं पात्र परिवार को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करना है। प्रदेश के प्रत्येक परिवार को रोजगार के समुचित अवसर उपलब्ध कराना और प्रदेश में निवासित समस्त परिवारों को प्रदान की जा रही योजनाओं को सम्मिलित करते हुए फैमिली ई पासबुक जारी की जा रही है। योजना के लाभार्थी राशनकार्ड धारक के साथ ही गैर राशनकार्ड धारक भी हैं। राशनकार्ड धारकों के लिए उनका राशनकार्ड नंबर ही फैमिली आईडी है। इसके तहत 3.57 करोड़ परिवार और 14.88 करोड़ सदस्य हैं। वहीं गैर राशनकार्ड धारकों के लिए फैमिली आईडी पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसमें अभी तक कुल 2,26,574 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

प्रदेश में फैमिली आईडी की शत प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत राज्य पोषित समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं की आधार अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचना जारी की गई है। समस्य योजनाओं, सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं आधार अधिप्रमाणन की अनिवार्यता की जा रही है। वहीं, महत्वपूर्ण लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों की आवेदन के साथ ही फैमिली आईडी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इसके तहत डीबीटी योजनाओं को फैमिली आईडी के साथ लिंक किया जा रहा है। शासन स्तर से अनुमोदित डिजाइन के अनुसार लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड नवीन आवेदनकर्ताओं को उपलब्ध कराए जाने के लिए आदेश निर्गत किए जा चुके हैं।

### विभागों के साथ साझा की जा रही सूची

योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के लिए सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कॉलिंग एवं डीपीओ द्वारा सत्यापन कर 32 हजार संभावित लाभार्थियों की पहचान की गई है। इसी तरह राशन कार्ड से वंचित 16 लाख पेंशन धारकों का सत्यापन कर राशन कार्ड से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची राशन कार्ड विभाग के साथ साझा की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के 3.37 लाख एकल सदस्य परिवार (वृद्धजन) का सत्यापन कर वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची विभाग के साथ साझा की गई है। जबकि 50 वर्ष से अधिक आयु के 2.14 लाख एकल सदस्य परिवार (निराश्रित महिला) का सत्यापन कर निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची साझा की गई है। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी से राजस्व विभाग की सेवाओं का भी सरलीकरण किया गया है। परिवार से किसी सदस्य का जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी होने के बाद फैमिली आईडी डेटाबेस के उपयोग से अन्य सदस्यों के जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया आसान हुई है।

# सहकारिता राज्यमंत्री ने किया गोदामों का वर्चुअल शिलान्यास

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आज सहकारिता भवन लखनऊ के पीसीयू सभागार में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत भारत सरकार के सौजन्य से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (यूपीआरएनएसएस) एवं यूपीसीएलडीएफद्वारा निर्मित होने वाले 100 मै0 टन क्षमता के 43 गोदाम, 250 मै0 टन क्षमता के 11 गोदाम एवं 1000 मै0 टन क्षमता के 09 गोदाम का वर्चुअल शिलान्यास किया।

इसके अतिरिक्त जिला सहकारी बैंक लि0 शाहजहांपुर शाखा सिधौली का वर्चुअल लोकार्पण भी किया। इसके अतिरिक्त सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे0पी0एस0 राठौर ने आज इंस्टीट्यूट ऑफ कॉपरेटिव एण्ड कॉर्पोरेट मैनेजमेन्ट रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग (आईसीसीएमआरटी) रिंग रोड, इंदिरानगर, लखनऊ के प्रांगण में कृषि विज्ञान अन्वेषण केन्द्र का भी शिलान्यास किया। उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक ए0के0 सिंह ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों में प्राप्त 100 मै0 टन के 103 गोदामों के सापेक्ष प्रथम चरण में 43 गोदामों का वर्चुअल शिलान्यास मा0 मंत्री जी द्वारा किया गया, शेष गोदामों का शिलान्यास द्वितीय चरण में किया जायेगा। सरकार की मंशा के अनुरूप निर्माण कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किया जायेगा।

इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री ने कहा कि इन गोदामों के निर्माण होने से भण्डारण क्षमता में वृद्धि होगी। गोदामों का उपयोग साधन सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की उपज फसल एवं उर्वरकों का भण्डारण किया जायेगा। लंबी अवधि के भंडारण के लिए एवं उत्पादों की गुणवत्ता को बेहतर बनाए रखने के लिए किया जायेगा। इससे खाद्यान्न एवं उर्वरक पूर्ण सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में दीपिका सिंह व शहरीन सिद्दीकी को ड्रोन एवं इलेक्ट्रानिक वाहन दिया गया। कार्यक्रम में सहकारिता के विकास की झलक पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई गयी। अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक (ग्रा0गो0) सहकारिता श्रीकान्त गोस्वामी ने आये हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ राष्ट्रहित में करें वोट : कौशल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों का एलान कर दिया गया है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा जबकि लोकसभा मोहनलालगंज, लखनऊ सहित आसपास के जिलों में 20 मई को वोटिंग होगी।

मोहनलालगंज लोकसभा से तीसरी बार भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी और केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने चुनाव आयोग का स्वागत करते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग और आचार संहिता का पूरा पालन करते हुए प्रचार प्रसार के लिए जनता के बीच जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल भाजपा को जिताने का नही बल्कि देश को विश्व में नंबर 1 बनाने का विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत स्वच्छ और स्वस्थ भारत बनाने का चुनाव है। जनता का आशीर्वाद मोदी के साथ है, उनके द्वारा लोकसभा मोहनलालगंज के अंतर्गत सभी विधानसभाओं में निकाली जा रही फिर एक बार मोदी सरकार जन आशीर्वाद यात्रा में जन सैलाब उमड़ रहा है और जनता का आशीर्वाद मोदी के साथ भरपूर रूप से है इसीलिए अबकी बार 400 पार, यह भारतीय जनता पार्टी का नहीं यह जनता का नारा है और जनता का संकल्प है। कौशल किशोर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में एससी-एसटी समाज, पिछड़े, वंचित, किसान, मजदूर, रेहड़ी पटरी दुकानदार, व्यापारी, युवा, महिलाएं समेत हर वर्ग हर समाज के गरीब लोगों को सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है और बिना किसी भेदभाव के सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है इसलिए जनता का आशीर्वाद मोदी के साथ है और जनता फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए उत्साहित है। लोकसभा मोहनलालगंज से उन्हें भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से टिकट मिलने के बाद से ही उन्होंने अपनी प्रत्याशिता जनता को सौंप दी है और अब मोहनलालगंज लोकसभा का एक-एक जिम्मेदार नागरिक भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है,।

### मोहनलालगंज एक-एक रूपया इकट्ठा कर जनता करेगी कौशल किशोर का नामांकन

### पिता पर्चा बनवाते रहे और चली गई बेटे की जान

**लखनऊ।** केजीएमयू की ओपीडी में कल शर्मसार करने वाली घटना हुई। लापरवाही और उपेक्षा की हद हो गई। सिर में दर्द समेत दूसरी परेशानी होने पर पिता शेख मोहम्मद बेटे जीशान को लेकर केजीएमयू पहुंचे। कर्मचारियों ने पहले मरीज को मानसिक स्वास्थ्य विभाग ले जाने की सलाह दी। वह जीशान को लेकर ओपीडी पहुंचे। इस दौरान हालत गंभीर हो गई तो बेटे को फर्श पर लिटा दिया। ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए कतार में लग गए। इस दौरान जीशान को भीषण दर्द हुआ। सांस लेने में तकलीफ होने लगी। शेख मोहम्मद जब तक बेटे के पास पहुंचे, उसकी सांसें थम चुकी थीं। वह वहीं रोने लगे। केजीएमयू के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मरीज को ट्रॉमा सेंटर ले जाने की सलाह दी। पिता स्ट्रेचर की तलाश में जुट गए, जिसमें आधा घंटा लग गया। दूसरे तीमारदारों की मदद से युवक को स्ट्रेचर पर लिटाकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच की। सीपीआर दिया लेकिन कुछ नहीं हुआ। डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह कहा कि ओपीडी में मरीज की मौत के मामले की जांच कराई जाएगी।

# आचार संहिता लागू, बैनर पोस्टर हटना शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ही राजधानी में राजनीतिक पोस्टर, बैनर हटने लगा है।



लखनऊ नगर निगम की ओर से सभी राजनीतिक पोस्टर, बैनर को हटाने को लेकर पहले ही अलर्ट किया गया है। दीवारों पर जो पोस्टर लगाए गए हैं, उनकी पुताई की जा रही है। तेजी से पूरे पटना शहर के अंदर ये काम चल रहा है। सभी वार्डो से राजनीतिक, गैर राजनीतिक समेत सभी तरह के पोस्टर बैनर हटाए जा रहे हैं। नगर निगम के सुपरवाइजर कर्मियों के साथ साथ मौजूद हैं और पोस्टर बैनर को हटवा रहे हैं। शहर में जो भी पोस्टर बैनर लगे हैं, उनको हटाने का आदेश मिला है। जो दीवार पर लगे हैं, उनको कवर किया जा रहा। सभी तरह के राजनीतिक पोस्टर, चाहे वो किसी भी पार्टी का हो, उसे हटाया जा रहा है। जो दीवार पर है, उसे कवर किया जा रहा है।

### योगी ने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल रावत की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** सीएम योगी ने पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल बिपिन रावत की जयंति पर उन्हें दी विनम्र श्रद्धांजलि दी है। इस मौके पर अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए सीएम ने लिखा- माँ भारती की सेवा में अपना जीवन अर्पित करने वाले उत्कृष्ट सैन्य अधिकारी, देश के प्रथम सीडीएस पद्म विभूषण जनरल बिपिन रावत की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! सेना के सशक्तिकरण हेतु उनके प्रयास और उनकी प्रतिबद्धताएं सदैव स्मरणीय रहेंगे। बिपिन रावत की मौत 8 दिसंबर 2021 में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई थी।

### पीएम आवास योजना के नाम पर महिला से 13 हजार की ठगी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां क्षेत्र के शेखनखेडा गांव की एक महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने का झांसा देकर जालसाजो ने 13हजार रूपये ठग लिये।पीड़िता ने ठगी का अहसास होने पर अपने पति से पूरी बात बताई।जिसके बाद पति ने शुक्रवार को पुलिस से शिकायत कर ठगी करने वाले अज्ञात जालसाज पर कार्यवाही की मांग की है।निगोहां के उतरावां मजरा शेखनखेड़ा गांव निवासी मजदूर अवधेश ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया कि बीते गुरुवार उसके मोबाइल पर एक नम्बर से अज्ञात युवक ने फोन किया तो पत्नी गीता ने काल उठायी तो युवक ने खुद को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने वाले कार्यालय से होने की बात कहते हुये पत्नी से पीएम आवास योजना का तीन लाख 20 हजार रूपये बैंक खाते में आने की बात कही।जिसके बाद पत्नी उसके साथ बैंक पहुचकर खाता चेक किया तो उसमें कोई धनराशि नहीं आयी थी,बैंक से लौटने के बाद जब उसने उक्त जालसाज के मोबाइल पर फोन कर बतायी,तो उसने फार्म रिजेक्ट होने की बात कहते हुये दोबारा भरने की बात कही ओर उसके एवज में बीस हजार रूपये खाते में डालने की बात कही। जालसाज के झांसे में आकर जनसेवा केन्द्र में जाकर दो बार में 13हजार रूपये बताये बैंक खाते में डाल दियें। जिसके जालसाज ने फोन उठाना बंद कर दिया तो उसे ठगी का अहसास हुआ। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित ने शिकायत की हैघ्् मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

**सहायता**

### नन्दी की पहल पर जनवरी-फरवरी में 61 लोगों को इलाज के लिए मिले 1.23 करोड़

# सेवा ही संकल्प केवल नारा नहीं, हमारे सरकार की प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की पहल पर जनवरी और फरवरी माह में प्रयागराज सहित अन्य जनपदों के 61 पीड़ितों को इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ 23 लाख 97 हजार 265 रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। जिसकी मदद से कई लोगों को जीवनदान मिला। मंत्री नन्दी ने कहा कि ÷सेवा ही संकल्प÷ केवल नारा नहीं बल्कि मोदी और योगी सरकार की प्राथमिकता है। लोगों की सेवा करना अपना कर्तव्य मानते हुए पूरी सरकार लोगों की मदद में जुटी हुई है।



मंत्री नन्दी की पहल पर प्रत्येक महीने शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्र व जनपदों के गम्भीर रूप से बीमार दो से तीन दर्जन लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी बेहतर इलाज करा सकें और अपना जीवन बचा सकें। नन्दी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 24 करोड़ प्रदेशवासियों को अपना परिवार मानते हैं और हर मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े रहते हैं। असाध्य एवं गम्भीर रोगों से ग्रसित व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को इलाज के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी ने सरकारी खजाना खोल रखा है। जो गम्भीर रूप से बीमार लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। वर्ष 2023 में शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के साथ ही अन्य क्षेत्रों के करीब 400 लोगों को गम्भीर बीमारियों के उपचार के लिए 9 से दस करोड़ की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से उपलब्ध कराई गई थी।

उन्होंने बताया है कि जनवरी 2024 में 27 लोगों को इलाज के लिए 50 लाख 91 हजार रुपए और फरवरी महीने में 34 लोगों को 73 लाख 06 हजार 265 रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई गई। इसमें प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर, अहमदगंज, जीटीबी नगर, मुट्ठीगंज, नॉर्थ मलाका, नैनी, शाहगंज, सदियापुर, कांशीराम आवास नैनी, हिम्मतगंज, मालवीय नगर, खुशहाल पर्वत, एडीए कॉलोनी नैनी, पुरा मनोहरदास, नॉर्थ मलाका, गौस नगर जीटीबी नगर, करेली, दायराशाह अजमल, कटघर, मीरापुर, कीडगंज, तुलसीपुर, काजीपुर नैनी, दरियाबाद, अम्बेडकर नगर नैनी के साथ ही अन्य विधानसभा क्षेत्रों व जनपदों के लोग शामिल हैं।

### आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मुख्यमंत्री राहत कोष से उपलब्ध कराई जा रही धनराशि

### रालोद ने बनाई तीन सदस्यीय ज्वाइनिंग कमेटी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने राष्ट्रीय लोकदल की तीन सदस्यीय ज्वानिंग कमेटी गठित की है। यह कमेटी विभिन्न राजनैतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से आये हुये पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय लोकदल में शामिल कराते हुये जॉइनिंग प्रक्रिया को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सम्पन्न करेगी।

### आईआईएम लखनऊ का 38वां कॉन्वोकेशन, 785 स्टूडेंट्स को डिग्री अवॉर्ड

**लखनऊ।** आईआईएम लखनऊ का 38वां कॉन्वोकेशन शनिवार को आयोजित किया गया। इस कॉन्वोकेशन में कुल 785 स्टूडेंट्स को डिग्री अवॉर्ड की गई। इनमें 504 को डठ। की डिग्री, 56 को एमबीए-एबीए और 18 को पीएचडी की उपाधि दी गई। इसके अलावा 6 स्टूडेंट्स को एग्जीक्यूटिव फेलो प्रोग्राम की पीएचडी उपाधि, 41 को सस्टेनेबल मैनेजमेंट में डठ। डिग्री। इंटरनेशनल प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर एग्जीक्यूटिव के 106 और वर्किंग एग्जीक्यूटिव के 54 स्टूडेंट्स शामिल हैं। मल्लिकार्जुन श्रीनिवासन ने कहा कि मुझे गर्व हैं कि आईआईएम लखनऊ के 850 से ज्यादा स्टूडेंट्स विदेशों में हैं, देश के इकनोमिक पॉवर बना रहे हैं। आज के दौर में कस्टमर्स की हैबिट स्पेंडिंग मोर पर हैं। वही सेविंग लेस पर फोकस हैं।

# नजूल भूमि पर बेदखली और ध्वस्तीकरण नहीं : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नजूल भूमि को लेकर जारी राज्य सरकार के नए अध्यादेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी गई है। याचिका में अध्यादेश को असंवैधानिक बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की गई है। याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह ने इस आशय की अंडरटेकिंग दी कि सर्वे कार्य ही किया जाएगा।

नजूल भूमि से किसी को न तो बेदखल किया जाएगा और न ही ध्वस्तीकरण होगा। इस पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले में पांच अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति एसडी सिंह एवं न्यायमूर्ति सुरेंद्र कुमार प्रथम की खंडपीठ ने डॉ अशोक तेहलियानी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। राज्य सरकार की ओर से जारी अध्यादेश में निर्णय लिया गया है कि सरकार अब नजूल भूमि का पट्टा किसी प्राइवेट व्यक्ति या संस्था को नहीं देगी। नजूल भूमि सिर्फ सरकारी संस्थाओं को ही दी जाएगी। इसके अलावा सरकार नजूल भूमि पर आवंटित पट्टों और निर्माण का सर्वे कर रही है ताकि पता किया जा सके कि किन लोगों के पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है। अवधि समाप्त होने के बाद सरकार उसका नवीनीकरण भी नहीं करेगी और जमीन वापस ले लेगी। अध्यादेश के खिलाफ याचिका दाखिल कर गैरकानूनी बताया गया है।

# लेजर रिसॉर्ट की छत गिरने से दो श्रमिकों की मौत

- दस मजदूर घायल
- जेसीबी से मलबा हटाने पर दबा मिला शव, देर रात तक चलता रहा राहत और बचाव कार्य





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित लेजर रिसॉर्ट में शुक्रवार को निर्माण के दौरान बल्ली गिरने से छत भी गिर गई। जिसके नीचे 10 से अधिक श्रमिक दब गए। किसी तरह श्रमिक बाहर निकाले गए हैं। जबकि दो श्रमिकों की मौत मौत हो गई। देर रात तक जेसीबी से मलबा हटाने का काम चला।कोतवाली देहात के गजपतिपुर गांव में बहराइच सीतापुर मार्ग पर लेजर रिसॉर्ट स्थित है। यह होटल जिले के डॉक्टर अनिल केडिया का है। लेकिन संचालन किसी और के द्वारा किया जा रहा है। होटल में इस समय एक हिस्से में निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार रात को छत पड़ रही थी। जिसमें लखनऊ के भी लोग लगे हुए थे। लखनऊ से छत ढलाई के लिए मशीन लेकर आए संजय गुप्ता ने बताया कि छत ढलान के दौरान एक बल्ली गिरी। इसके बाद छत गिर गई। जिसके नीचे कोतवाली देहात के चेतरा सबलापुर निवासी राहुल वर्मा पुत्र मोहन लाल वर्मा, श्रावस्ती जिले के उत्तमापुर निवासी राहुल चौहान पुत्र मेवालाल समेत आठ लोग दब गए।किसी तरह छह श्रमिक बाहर निकाले गए। सभी को अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया। जबकि मलबे में रिसिया थाना क्षेत्र साहबपुरवा गांव निवासी श्रमिक सलीम अहमद (29) पुत्र मुख्तार अली, सहनवाजपुर गांव निवासी जोगेंद्र पाल (24) पुत्र प्यारेलाल दब गए। जिनको बाहर निकालने के लिए जेसीबी से मलबा हटाया गया। देर रात तक मलबा हटाने का काम चला। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि दो श्रमिकों की मौत हो गई है। जबकि 10 श्रमिक घायल हुए हैं। उनके इलाज डॉक्टर अनिल केडिया के यहां चल रहा है। घटना की जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, एसडीएम महसी, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, कोतवाली देहात और फखरपुर थाने की पुलिस पहुंच गई है।

### होटल संचालक समेत तीन पर केस

कोतवाली देहात क्षेत्र में होटल का छत गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने होटल संचालक समेत तीन के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत गजपतिपुर में बहराइच सीतापुर मार्ग पर होटल का संचालन होता है। डॉक्टर अनिल केडिया के होटल का संचालन आशीष केडिया द्वारा किया जाता है। लेजर रिसॉर्ट होटल में शुक्रवार रात को छत गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक बीके मिश्रा ने बताया कि मृतक श्रमिक के पिता की तहरीर पर संचालक आशीष केडिया और दो ठेकेदार के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

# पहले मतदान फिर करो जलपान की तर्ज पर हो शत प्रतिशत मतदान : शिवम पांडे

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान होटल गोंडा में पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम किया गया जिसमें राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताय कि यह कार्यक्रम जो रन फॉर मतदान के नाम से किया जा रहा है इसमें लोकसभा चुनाव 2024 में राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर घर-घर जाकर वोटिंग परसेंटेज किस प्रकार से बढ़ाया जाए इसी को लेकर काम करेंगे हमारे संगठन का लक्ष्य है कि 2024 के चुनाव में एक भी वोट छूटने न पाए जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं उनके लिए भी संगठन के द्वारा भूमिका को तय किया गया है व जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि गोंडा में दो लोकसभा हैं दोनों लोकसभाओं के सभी गांव-गांव जाकर उनके लोकल मुद्दों पर वोट डलवाने का प्रयास किया जाएगा तथा गोंडा के युवाओं व छात्रों से निवेदन रहेगा कि वह अपने-अपने गांव में किसी का भी वोट छूटने न दें क्योंकि उनका वोट डिसाइड करेगा की भारत की आने वाली तस्वीर कैसी होगी व छात्र नेता चांदकेश्वर तिवारी तिवारी ने बताया कि हमारा यह प्रयास रहेगा कि लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के जितने पूर्व छात्र नेता हैं उन सभी को इस कार्यक्रम के मुहिम में जोड़ा जाए तथा उन सबको यह जिम्मेदारी दी जाएगी की सभी को इस लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी बनाएं जिस देश की तस्वीर एक नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का काम करें इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी, गौरव वर्मा,प्रदीप यादव, शुभम तिवारी, सतीश मिश्रा ,अवधेश तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय की मांग न पूरी हाने पर मायूसी

**नरेंद्र लाल गुप्ता**



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में जैसे ही इस बात की जानकारी लोगों को हुई कि मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की स्थापना बलरामपुर में कर दिया तो यहां की पूरी जनता अपने आप को ठगा सा महसूस करने लगी और छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे को भी फेसबुक पर रोते हुए देखा गया जिसमें उन्होंने गोंडा की जनता और छात्रों से बार-बार माफ़ी मांग कर अपने आंसू पोंछते हुए देखा गया यहां कहने का तात्पर्य है की जब देवीपाटन मंडल का मुख्यालय गोंडा में है तो फिर विश्वविद्यालय बलरामपुर में क्यों ऐसे में यहां की जनता का तो यही मानना है की गोंडा जिले के चुने हुए प्रतिनिधियों की ही मंशा नहीं थी कि इस जिले में विश्वविद्यालय बने यदि विश्वविद्यालय बन जाता तो गोंडा के शिक्षा माफियाओं को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता इसीलिए इस जिले के प्रतिनिधियों ने बिल्कुल इच्छा नहीं की और बलरामपुर के जनप्रतिनिधि विश्वविद्यालय को बलरामपुर में स्थापित कराने में सफल हो गए यहां तो यही कहा जा सकता है जेकर पियवा चाहे वही के सुहागिन नाम।

# साहित्यिक संस्था बज्मे शामे गजल की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



साहित्यिक संस्था बज्मे शामे ग़ज़ल की काव्य गोष्ठी कर्नलगंज कस्बे के मोहल्ला कसगरान में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता अब्दुल गफ्फार ठेकेदार व संचालन याकूब सिद्दीक़ी अज्म ने किया।

गोष्ठी का शुभारंभ निजामुद्दीन शम्स की हम्द से हुआ। संस्था महामंत्री मुजीब सिद्दीक़ी के फारसी शायर के तौर पर तेहरान (ईरान) में अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पर स्वागत करते हुए मुबारकबाद दी गयी। मुजीब सिद्दीक़ी ने यात्रा वृत्तांत प्रस्तुत करते हुए मशहद के हज़रत इमाम रज़ा के रौजे के रूहानी माहौल का खास जिक्र किया। संरक्षक गणेश तिवारी नेश ने हजरत मूसा (अ0)पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। शायरों ने तरह मिसरा दर पेश जिंदगी में एक ऐसा सफर भी है पर ग़ज़लें प्रस्तुत की। डॉ0 असलम हाशमी ने कहा- हर शख्स अपने-अपने गमों में है मुब्तिला- इस दौर में किसी को किसी की खबर भी है।

नियाज़ अहमद कमर ने खुद पर कहा- दुनिया से मैंने चोट जो खाई है ऐ क़मर- इस तरह मुझ में जीने का आया हुनर भी है। मुबीन मंसूरी ने यह त्रासदी बयान की - भाई थे पहले,हाय ये क्या दौर आ गया- मेरे खिलाफ अब मेरा अपना पिसर भी है। अजय श्रीवास्तव ने यह सवाल किया- है तेरे पास ज्ञान भी और मालोजर भी है- लेता किसी गरीब की क्या तू खबर भी है। युवा अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा- साये में जिसके हो गया बच्चे से मैं जवान -आँगन में अभी मेरे वह बूढ़ा शजर भी है। उभरते हुए इमरान मसऊदी ने महबूब से कहा-जिस दिन से आपने मुझे अपना बना लिया-उस दिन से मुझको राहते कल्बो जिगर भी है। साथ ही ताज मोहम्मद कुरबान, असलम वारसी बकाई, कौसर सलमानी, रशीद माचिस, याकूब अज्म ,उत्तम कुमार शोला, अलहाज गोंडवी, यासीन राजू व अरबाज ईमानी ने कलाम पेश किये।

विगत दिनों दिवंगत रेडियो के जादूगर अमीन सयानी, प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक पंकज उद्यास, पूर्व राज्यपाल अज़ीज़ कुरैशी, सबसे बुजुर्ग सांसद शफीकुर्रहमान बर्क, शायर महज़र दरियाबादी के साथ स्थानीय युसूफ अज़ीजी और वरिष्ठ पत्रकार राम आशीष गोस्वामी के पुत्र आलोक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संस्था की ओर से शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर हरीश शुक्ला, कय्यूम सिद्दीक़ी, निज़ामुद्दीन, आशिक़ रसूल, सरवर अली, नसीम अब्बासी, मास्टर इकबाल, मेराजुद्दीन, सलमान व अशरफ सिद्दीकी मौजूद रहे। अब्दुल गफ्फार ठेकेदार के अध्यक्षीय संबोधन पर गोष्ठी संपन्न हुई।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार

**रुपईडीह /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



नवागत खंड शिक्षाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने ब्लॉक संसाधन के बनगाई पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया। यहां पर तैनात खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह का स्थानांतरण परसपुर शिक्षा क्षेत्र में हो गया है। क्षेत्र में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर अंकुश न लगा पाने एवं परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के समय से विद्यालय न जाने व परिषदीय विद्यालय में छात्र उपस्थिति कम होने के चलते जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रेमचंद यादव ने खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन करते हुए उनका स्थानांतरण परसपुर के शिक्षा क्षेत्र में करते हुए लखनऊ के मोहनलालगंज से आए खंड शिक्षाधिकारी मनीष कुमार सिंह को शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह में तैनाती दी गई। नवागत खंड शिक्षाधिकारी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। जिसमें परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक दिन समय से विद्यालय न जाने वाले शिक्षकों एवं क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे सैकड़ो विद्यालय पर अंकुश लगाना उनके लिए बड़ी चुनौती है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध स्थिति में फंदे से लटकती मिली विवाहिता

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम रणवरिया दिगितपुरवा में शनिवार को एक 27 वर्षीय विवाहिता ने छत के कुंडे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली ।प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 वर्षीय रचना देवी पत्नी देवी शंकर का शव छत के कुंडे से लटकता मिला,जिसकी सूचना पी आर वी पुलिस को दी गई । पी आर वी द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दिया गया। थाना विशेश्वरगंज पुलिस मय फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पहुंची जहां शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।मृतका के चार नाबालिक बच्चे है ,जिनके सिर से मां का साया उठ गया। पूरे परिवार में मातम का माहौल है,बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है ।थाना इंचार्ज प्रभारी शशि प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद अगली आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### कई एसडीएम की तैनाती में डीएम ने किया फेरबदल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** लोक सभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के लागू होने के ठीक पहले डीएम नेहा शर्मा ने कर्नलगंज तहसील, गोंडा सदर व तरबगंज के उपजिलाधिकारियों की तैनाती में फेरबदल किया है। इस फेरबदल में उपजिलाधिकारी कर्नलगंज विशाल कुमार को उपजिलाधिकारी तरबगंज बनाया गया है। उपजिलाधिकारी सदर रहे सुशील कुमार को न्यायिक उपजिलाधिकारी तरबगंज के पद पर भेजा गया है। वहीं जनपद बागपत से ट्रांसफर होकर जिले में आए पीसीएस अधिकारी अवनीश कुमार त्रिपाठी को सदर तहसील का नया एसडीएम बनाया गया है। वहीं उपजिलाधिकारी तरबगंज भारत भार्गव को कर्नलगंज के उपजिलाधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। आपको बता दें कि तहसील कर्नलगंज में सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई के नाम पर रस्म अदायगी हो रही थी। वहीं तहसील में बीते मंगलवार की सुबह पौने बारह बजे तक एसडीएम की कुर्सी खाली दिखाई पड़ने और अपने निरंकुश कार्यशैली व कारनामों से विशाल कुमार काफी चर्चा में होने के साथ ही गंभीर आरोपों से घिरे हुए थे। यही नहीं तहसील में पीड़ित फरियादी भटकते हुए एसडीएम व तहसीलदार का इंतजार करते रहते थे और एसडीएम विशाल कुमार सरकारी आवास पर अक्सर आराम फरमाते देखे जा रहे थे। लोगों की मानें तो पीड़ित फरियादियों व संभ्रांत लोगों से आवास पर मिलना और उनकी समस्या सुनना भी अपनी शान के खिलाफ समझते थे। सूत्रों के मुताबिक एसडीएम विशाल कुमार के तहसील कर्नलगंज में तैनाती के बाद क्षेत्र की सरकारी जमीनों नजूल, तालाब सहित गरीबों के जमीनों पर लगातार अवैध कब्जे हो रहे थे। इससे एसडीएम पर दबंग अवैध कब्जेदारों के विरूद्ध कार्रवाई ना करने और उन्हें संरक्षण देने के भी गंभीर आरोप लग रहे थे। बताया जाता है कि शासन व जिला प्रशासन का आदेश भी इन पर बेअसर साबित हो रहा था। इसी के साथ ही यह अक्सर फरियादियों व संभ्रांत लोगों से भी अमर्यादित तरीके से पेश आते थे। एसडीएम विशाल कुमार की निरंकुश कार्य शैली से क्षेत्रीय लोग भी काफी त्रस्त थे और जिलाधिकारी गोंडा की भी छवि धूमिल हो रही थी। अंततः कर्नलगंज के एसडीएम विशाल कुमार के तरबगंज स्थानांतरण से पीड़ित फरियादियों ने डीएम का आभार जताया है।

### दिव्यांग व्यक्ति को नहीं मिल रहा न्याय, प्रशासन मौन

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** राजस्व अधिकारियों व पुलिस विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण नेत्र से दिव्यांग व्यक्ति के खाते की भूमि को गांव के ही कुछ लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। अपनी भूमि बचाने के लिए वह थाने व तहसील के चक्कर लगा रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रकरण कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर से जुडा है। यहां के निवासी पुत्तीलाल दोनों नेत्र से दिव्यांग हैं। पीड़ित पुत्तीलाल ने बताया कि गांव के ही निवासी कुछ लोगों ने उसके पैतृक आबादी की भूमि को कब्जा कर लिया है। उसके बाद उसके नाम दर्ज कागजात खाते की भूमि को कब्जा करने लगे। जिस पर उसने एसडीएम कोर्ट पर हदबरारी का वाद प्रस्तुत किया। न्यायालय द्वारा पैमाइश करके पत्थर नसब कराने का आदेश पारित किया गया। लेकिन राजस्व कर्मियों ने आरोपियों से मिलीभगत करके बिना पैमाइश व पत्थर नसब कराये ही फर्जी रिपोर्ट लगाकर न्यायालय पर प्रस्तुत कर दिया है। अब वह न्याय के लिए थाना व तहसील का चक्कर लगा रहा है लेकिन उसकी कोई सुनने को तैयार नहीं है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है। एसडीएम विशाल कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान मे नहीं है फिर भी यदि ऐसा है तो कार्रवाई की जायेगी।

# धारदार हथियार से युवक की हत्या, हड़कंप

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र में शुक्रवार की बीती रात एक युवक की निर्मम हत्याकर शव को गांव के बाहर फेंक दिया गया। थाना क्षेत्र के गोकुला गांव से साकीपुर जाने वाले मार्ग पर शनिवार की सुबह 35 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप मंच गया। शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर सीओ तरबगंज, इंस्पेक्टर नवाबगंज व फोरेंसिक टीम पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई।

मिली जानकारी के मुताबिक सुबह गोकुला गाँव के लोग अपने खेतों की तरफ निकले थे,कि जैसे वह लोग गांव के बाहर साकीपुर जाने वाले लिंक मार्ग पर पहुंचे तो एक युवक का शव खून से लथपथ पड़ा दिखाई दिया। घटना की सूचना पर आसपास के लोग इकठ्ठा हो गए। किसी ने इसी बीच घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर आ पहुंचे और उन्होंने घटना की सूचना तरबगंज सीओ सौरभ वर्मा को दी। घटना की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई और इसी बीच किसी ने युवक की शिनाख्त साकीपुर गांव के डीहा निवासी भूपेंद्र सिंह 35 वर्ष पुत्र पवन सिंह के रुप में की। युवक के गर्दन और सर पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। वही घटनास्थल पर जगह जगह खून पड़ा दिख रहा है। इस युवक के मौत से दोनो गांव के लोगों मे हत्या को लेकर तमाम तरह की चर्चा हो रही है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं पुलिस मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों और लोगों से मृतक के बारे मे जानकारी हासिल करने के साथ जांच पड़ताल में जुटी है।

# आठ बाइक संग तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- बरामद बाइकों को पुलिस ने किया सीज
- पकड़े गए चोर चेचिस नंबर बदलकर बाइक की करते थे बिक्री



दरगाह पुलिस ने चोरी की आठ बाइक संग तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद चोरी की बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। पकड़े गए चोर चेचिस नंबर बदलकर बाइक की बिक्री करते थे।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा की देखरेख में दरगाह पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि चौकी प्रभारी सालारगंज मदनलाल, उप निरीक्षक वेदराम यादव, हेड कांस्टेबल शशि कपूर राव, राहुल बाजपेई, सत्यपाल गौतम, जय सिंह चौधरी और विशाल यादव की टीम शनिवार को नरियाघाट पुल के पास वाहन जांच कर रही थी। एक बाइक सवार को रोक कर उसके कागजात मांगे गए तो वह नहीं दिखा सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बाइक चोरी की बताई। इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि पकड़े गए बाइक चोर से पुलिस टीम ने पूछताछ की तो उसने अन्य दो चोरों के बारे में बताया। बताए गए स्थान से चोरी की अन्य बाइक बरामद हुई।

कुल आठ वाहन तीन चोरों के कब्जे से बरामदा हुआ। एएसपी ने बताया कि बरामद बाइक को सीज कर दिया गया है। जबकि बाइक चोरी के मामले में रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम रिसिया जमाल निवासी शमशाद उर्फ गुल्ले पुत्र शरीफ रिसिया नगर निवासी नबी सरवर उर्फ बड़कऊ पुत्र हजारी और राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम चिलरिया गांव निवासी अफसर अली पुत्र समीउल्ला के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एएसपी नगर ने बताया कि सभी चोरी के वाहनों का चेचिस नंबर बदलकर उसका संचालन और बिक्री करते थे। इस दौरान टीम के पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# तहसील कैसरगंज में डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने देख-रेख में निस्तारण करायें : मोनिका रानी




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित, सीओ रूपेन्द्र कुमार गोड़ व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान डीएम ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में भूमि से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का वरिष्ठ अधिकारी स्वयं अपने देख-रेख में निस्तारण करायें। डीएम ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि तहसील कैसरगंज में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 171 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 16 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 16 में 03, महसी में प्राप्त 22 में 04, नानपारा में प्राप्त 42 में 07 तथा पयागपुर में प्राप्त 70 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

### गर्भवती महिलाओं की करायी गोदभराई,बच्चों का कराया अन्नप्रासन्न

बहराइच। तहसील कैसरगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये पण्डालों का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं यासमीन, लक्ष्मी, निशां व पिंकी की गोद भराई की तथा 04 बच्चों ज़ुबेर, अब्दुल्ला, अविनाश व सोनाक्षी को अन्नप्रासन्न कराया।

# एक ही गांव के चार मकानों में लाखों की चोरी

- गोद भराई करने गए ग्रामीण के यहां भी चोरों ने बोला धावा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**


बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास के मजरा चरीगाह में शुक्रवार रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया।

गांव निवासी ननकुन्ने पुत्र दुजाई के मकान घुसे चोरों ने पांच हजार नकदी, बर्तन और मोबाइल की चोरी की। इसके बाद चोर गांव निवासी किराना व्यवसाई अमिरका पुत्र रामदीन के घर में घुस गए। यहां से चोर तीन हजार रुपए नकदी, दो पीपा रिफाइंड तेल, एक बोरी अरहर की दाल, कपड़ा समेत अन्य सामान ले गए। इसके बाद चोरों गंगाराम पुत्र मैकू के यहां चोरी की। गंगाराम शादी के लिए गोद भराई कार्यक्रम में गए थे। यहां चोरों ने 15 हजार रूपये नकदी, चांदी के करधनी, पायजेब और सोने के जेवरात चोरी की। गांव के ही केशवराम के घर से चोर जेवरात और पांच हजार रूपए नकदी ले गए। सभी मकानों से दो लाख से अधिक की चोरी हुई है। सुबह चोरी की जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि पुलिस ने मौके पर जांच की है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# वेयर हाउस में सुरक्षित रखवायी गई ईवीएम व वीवी पैट मशीन

- मौजूद रहे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि





**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत ई.वी.एम. (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) तथा वी.वी. पैट संचालन की जनजागरूकता हेतु विधानसभावार आवंटित ईवीएम व वीवी पैट को जिला निर्वाचन कार्यालय, बहराइच स्थित वेयर हाउस में सुरक्षित रखवा दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर प्रिन्स वर्मा, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, मिहींपुरवा के संजय कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव, भाजपा के सुनील श्रीवास्तव, सपा के जफरउल्लाह खां बंटी, कांग्रेस के गोपीनाथ, बसपा के अशर्फी लाल गौतम व अन्य की उपस्थिति मतदाता जागयकता कार्यक्रम के लिए निकाली गई इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन व वी.वी. पैट को सुरक्षित रखवा दिया गया है।

### कतर्नियाघाट में बढ़ रही घड़ियालों की तादाद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट में घड़ियालों का कुनबा बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को घड़ियाल पुनर्वास केंद्र कुकरैल लखनऊ से 75 घड़ियाल के बच्चे लाए गए जिन्हे वन क्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट अनूप कुमार के नेतृत्व में सुरक्षित गेरुआ नदी में छोड़ा गया। तराई क्षेत्र में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन्य जीवों के साथ जलीय जीवों की वंशवृद्धि तेजी हो रही है। अब गेरुआ नदी घड़ियाल का प्राकृतिक प्रवास बन रहा है।

# मौर्य परिषद के सदस्यों ने वन विभाग के शिथिल कार्य पर जताई नाराजगी

- जंगल में हो रही बाघों की मौत पर जताई चिंता, वन मंत्री को भेजा पत्र

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कतर्नियाघाट वन्य रेंज में लगातार हो रही बाघों की हत्या के खिलाफ प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद अखंड भारत जिलाध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य के नेतृत्व में पर्यावरण एवं वन, प्राणी उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंप कर बाघ के मौत की उच्च स्तरीय जाँच करा करवाई करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य नें बताया कि कतर्नियाघाट वन्य क्षेत्र में छह माह के अंदर तीन बाघों की हत्या की हो गयी।

11 मार्च 2024 को सुजौली वन रेंज में बाघ का शव मिला। इससे पहले 14 जनवरी को कतर्नियाघाट वन रेंज में चौधरी चरण सिंह गिरिजा बैराज में उतराता बाघिन का शव मिला। तथा 30 सितंबर 2023 को बर्दिया गांव में घायल मिले बाघ की मौत हुई थी। जबकि पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिये बाघों का संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि बाघ जंगल में शाकाहारी जीवों को संतुलन करके पेड़ पौधों का रखवाली करता है। लेकिन दुःख की बात है की कतर्नियाघाट वन्य क्षेत्र में छह माह के अंदर तीन बाघों की हत्या हुई। इस तरह बाघों की हत्या पर सवालिया निशान खड़ा करता है। अगर इसी प्रकार लापरवाही से वन्य जीव की हत्या होती रही तो पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन गड़बड़ा जायेगा और शाकाहारी जीव वनस्पति की खपत बढ़ा देंगे। इसके परिणामस्वरूप वन क्षेत्र का नुकसान होगा।

मौर्य परिषद बाघों की हत्या की उच्च स्तरीय जाँच करा कर दोषी पाए जाने वालो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाई करने की मांग की। इस मौके पर जिला महासचिव एडो.संजीव कुमार मौर्य, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सर्वेश कुमार मौर्य,मिथलेश कुमार मौर्य, विनीत कुमार मौर्य, हर्षित, मनोज कुमार यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने सुनीं शिकायतें, शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**समाधान दिवस**

- कुल 43 मामले आए, सात का मौके पर ही निस्तारण
- महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाये




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ तहसील डलमऊ में संपूर्ण समाधान दिवस पर लोगों की समस्याएं सुनीं।जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं का गुणवत्तापरक, समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराया जाए।

समस्याओं का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। उनके सामने बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा,राजस्व, स्वास्थ्य विकास और पेंशन से संबंधित मामले आए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने आए हुए लोगों की सुरक्षा संबंधी समस्याएं सुनी।

उन्होंने संबंधित क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि लोगों की समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाए। महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी के सामने 43 मामले आए। जिनमें से सात का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी डलमऊ, तहसीलदार ,नायब तहसीलदार और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने समस्याओं से निजात दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन



मुराई बाग कस्बे में लगने वाले भीषण जाम सहित अन्य समस्याओं को लेकर शनिवार को डलमऊ तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल इकाई डलमऊ के नगर अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने पदाधिकारीयों के साथ नगर की प्रमुख समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है।व्यापारियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि मुराई बाग कस्बे में विद्यालय खुलने एवं बंद होने के समय तक भारी वाहनों की आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है क्योंकि इस दौरान स्कूली बच्चों के साथ किसी घटना के होने की आशंका बनी रहती है व्यापारियों ने मुराई बाग कस्बे में सड़क की पटरी पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने एवं कार्यवाही करने तथा साप्ताहिक बंदी शुक्रवार के दिन कुछ व्यापारियों द्वारा डीएम के आदेश की अनदेखी की जा रही है जिसका सही ढंग से पालन कराने एवं मुराई बाग कस्बे में जाम की समस्या से निजात पाने के लिए ट्रैफिक आवागमन हेतु स्थाई रूप या अस्थाई रूप वनवे की व्यवस्था करने एवं रेलवे गेट बंद होने के समय रेलवे गेट के दोनों तरफ एक-एक पुलिस कर्मी तैनात किए जाने की मांग की है और जनहित में समस्याओं को देखते हुए शीघ्र अतिशीघ्र समाधान किए जाने की मांग की है।

# जनता का हूं जनता का ही रहूंगा : प्रभात साहू

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

- चेयरमैन प्रतिनिधि ने चार इंटरलॉकिंग मार्ग सहित पांच दुकानों के निर्माण का नारियल फोड़ किया शुभारंभ



जनता का हूं जनता का रहूंगा क्योंकि नगर की जनता ने चार बार प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया है जहां तक होगा विकास की गंगा महराजगंज नगर पंचायत मे बहाता रहूंगा यह उद्गार चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू इंटरलॉकिंग मार्गो एवं पांच दुकानों के निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारंभ करते हुए व्यक्त कर रहे थे।

अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा विकास कार्य को हमेशा गति देना ही उनका उद्देश्य रहा है भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र और राज्य में है और नगर पंचायत महराजगंज मे भी भारतीय जनता पार्टी को जिताकर यहां की जनता ने भरोसा दिया है तो सरकार भी उनके भरोसे पर खरी उतर रही है और लगातार विकास कार्यों को करवा कर जनता का हित कर रही है ।श्री साहू ने कहा की होली के पहले यह नगर पंचायत की जनता के लिए एक सौगात है और आगे भी इसी तरह विकास कार्य होते रहेंगे इस दौरान प्रभात साहू एवं दसो सभासदों द्वारा आर्य नगर के घेरा स्थित मनीष के घर से लेकर अजय के मकान तक इंटरलॉकिंग आजाद नगर में धनी के घर से रामगोपाल व रामगोपाल के मकान से सतगुरु के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग शांति नगर में राजू पान की दुकान से हनुमान मंदिर तक इंटरलॉकिंग व कवर्ड नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ फावड़ा मारकर किया इस दौरान विस्तारित क्षेत्र के पूरे सुखई मेला मैदान पर पांच दुकानों के निर्माण का भी शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर अपर्णा मिश्रा सभासद शिवकुमार जमुना प्रसाद पासवान उषा त्रिपाठी रामकुमार नूरुल मुस्ताक विनीत अलीम कमलेश धर्मेंद्र सहित नगर पंचायत लिपिक रामचंद्र जमुना प्रसाद सहित नगर की जनता मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### आचार संहिता लगते ही उतारे गए राजनीतिक पोस्टर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** चुनाव आयोग ने जैसे ही चुनाव की तिथियां घोषित की और आचार संहिता लगने की जानकारी हुई वैसे ही बछरावां कस्बे में नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा राजनीतिक पार्टियों की लगी होर्डिंग ,बैनर उतारने का काम शुरू हो गया है। कस्बे के मुख्य चौराहे पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लगभग पांच दर्जन लगे बैनर, होर्डिंग को नगर पंचायत कर्मचारीयों ने पहुंच कर उतारना शुरू किया। जितनी भी वॉल पेंटिंग है वहां पर भी नारो और वादों को मिटाने का काम शुरू किया जा चुका है। इस बारे में थानाध्यक्ष वृजेंद्र शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद सभी राजनीतिक पार्टियों के बैनर और होर्डिंग्स को उतारा जा रहा है उन्होंने कहा कि किसी को भी आचार संहिता का उल्लंघन करने का मौका नहीं दिया जाएगा।

### आचार संहिता लगते ही उतरवाये होर्डिंग-बैनर



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता जारी होने के साथ ही प्रशासन आदर्श आचार संहिता का पालन कराने में जुट गया है। चुनावी तारीखों का ऐलान होने के साथ ही अधिकारी आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए सड़कों पर उतर आये। जहां पालिका प्रशासन ने अपने क्षेत्रों में लगे होर्डिंग बैनर हटवाये। प्रशासनसिक अधिकारियों के नेतृत्व में शनिवार शाम गठित टीमों ने जेसीबी की मदद से दीवारों, खंभों और सार्वजनिक स्थानों पर लगे पोस्टर-बैनर हटवाए तथा दीवालो पर किये गये प्रचार को पुतवा दिया। नायब तहसीलदार व सीओ के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम फ्रेरलेन के अलावा अलग-अलग इलाकों में सक्रिय रहीं। जहां नगर के कई स्थानों पर सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान सत्ताधारी दल के अलावा विपक्षी दलों के नेताओं के पोस्टर-बैनर और होर्डिंग हटवाए। देर रात नगर पालिका प्रशासन की टीम आचार संहिता का डंडा चलाती रही। जिससे की शहर में चुनावी माहौल तैयार हो सके। देरशाम जिलाधिकारी ने शहर व गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र का निरीक्षण कर बैनर होर्डिंग्स की जानकारी ली और अधीनस्थो को आचार संहिता का अक्षरशः पालन कराने के निर्देश दिये।

### जन संवाद अभियान का डीएम ने किया शुभारंभ



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जनपद में जन समस्याओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा जनसुनवाई प्रणाली को आसान बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा कलेक्ट्रेट में जनसंवाद अभियान का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। नव स्थापित जनसुनवाई प्रणाली के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट में एकीकृत रूप से राजस्व विभाग, विकास विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग व कृषि विभाग से संबंधित समस्याओं के निवारण तथा असमर्थ व्यक्तियों को प्रार्थनापत्र लिखवाने हेतु निःशुल्क सुविधा प्रदान करने के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित कराए गए हैं। जनसुनवाई नियमित रूप से प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक की जाएगी। पूर्व में की गयी जनसुनवाई को अन्तिम कार्यवाही/परिणाम तक ले जाना, तकनीकी रूप से फेल हुई सुनवाई का फॉलोअप करना तथा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुनना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की शिकायत लेकर आता है तो सबसे पहले यहां तैनात कर्मचारियों द्वारा शिकायत निवारण के संबंध में शिकायत कर्ता को पूरी जानकारी दी जाएगी। विशेष शिकायतों में विकास खण्ड एवं तहसील स्तर पर वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से शिकायतकर्ता से सीधा जुडा जा सकेगा। इससे जन सामान्य को कलेक्ट्रेट के अकारण चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे और शिकायतों के निस्तारण में कम समय में बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस अवसर पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम (वि0/रा0) नरेन्द्र कुमार, एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शुभम यादव, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा में ध्रुव चरित्र का वर्णन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** 'उर अभिलाष निरंतर होई, देखिइ नयन परम प्रभु सोई' यह उद्गार आचार्य विपिन मिश्रा द्वारा टिकरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कही। उन्होंने भक्त ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए श्रोताओं को कथा का रसास्वादन कराते हुए कहा कि महाराज उत्तानपाद के कोई संतान नहीं थी और वह बहुत चिंतित रहते थे। एक दिन उनकी रानी सुनीति ने उनको दूसरा विवाह करने की सलाह दी। राजा द्वारा पुत्र की चाह में सुरूचि से विवाह कर लिया जाता है फिर प्रभु की इच्छा से रानी सुनीति व सुरूचि दोनों को पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है खेलते-खेलते ध्रुव अपनी पिता की गोद में बैठ जाता है तो रानी सुरुचि द्वारा उसे राजा की गोद से उतारकर भगा दिया जाता है और मां की आज्ञा पाकर ध्रुव भगवान की प्राप्ति के लिए वन जाकर तपस्या करने लगते हैं जहां उन्हें ईश्वर के दर्शन प्राप्त होते हैं यह मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। आयोजक शिक्षक रामौतार द्वारा कथा में आए हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ बूथों का निरीक्षण किया। इसके अंतर्गत उन्होंने विकास खंड डलमऊ के प्राथमिक विद्यालय कठगर और पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंद्रभूषडगंज घोरवारा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने साफ सफाई, प्रकाश ,शौचालय और कमरों को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि बूथों को अभी से व्यवस्थित करा लिया जाए। मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखा जाए। खासतौर से महिला,वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा जाए। मतदान से पहले ही बूथों पर बैरिकेटिंग करा ली जाए। जिससे उस दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

# पीडब्लूडी पर भारी पड़ रही वन विभाग की हठधर्मिता

- विकास को मुंह चिढ़ाते नजर आ रहे हैं सरकारी विभाग
- कहीं दुर्घटनाओं का कारण न बन जाये वन विभाग की जिद

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



कस्बे के चन्दापुर चौराहे से एक सड़क रायबरेली अयोध्या हाइवे एन एच 330 को दुसौती चौराहे पर जोड़ते हुए आगे रायबरेली सुल्तानपुर हाइवे को भी निगोहां में अकेलवा चौराहे पर जोड़ते हुए सीधे नसीराबाद के लिए निकल जाती है जिसे महराजगंज निगोहां मार्ग के नाम से जाना जाता है विगत दिनों से इस सड़क के महत्व को देखते हुए सरकार की मंशा के अनुसार सड़क चौड़ीकरण का कार्य हो रहा इसके लिए क्षेत्र में सरकार की प्रसंशा भी देखने को मिली किन्तु महराजगंज के पास नंइया पुल के पास सड़क का कार्य रुक गया था लोगों में चर्चा थी कि कुछ जमीन वन विभाग के स्वामित्व में आती है जिसकी परमीशन होने के बाद सड़क बन जायेगी किन्तु अचानक ठेकेदार के द्वारा पहले से जितनी चौड़ाई में सड़क बनी हुई है उतने पर ही सड़क बनाना शुरू किया गया है यहां विचार का विषय यह है कि जब सरकार का कहना है कि विकास कार्यों में सभी विभाग समन्वय स्थापित कर विकास में सहायक बने तो क्या इन विभागों में समन्वय नहीं हो पा रहा है दूसरी बात यह कि सड़क के दोनों ओर कीकर जो कि एक हमलावर पेड़ के रूप में जाना जाता है यह जिस जमीन पर उगता है वहां से सारे फलदार वृक्षों को खत्म कर अपना साम्राज्य स्थापित कर लेता है जिसकी झाड़ियां अक्सर दुर्घटनाओं को निमंत्रण देती दिखती है ऐसे पेड़ों को काटने में वन विभाग या किसी भी व्यक्ति को क्या आपत्ति हो सकती है नंइया पुल के दोनों तरफ़ मार्ग चौड़ा है किन्तु अचानक कुछ सड़क पतली बन जाने से आने वाले समय में कोई भी भयानक दुर्घटना होने की आशंका बढ़ जाती है।यह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## बोलेरो को डंपर ने मारी टक्कर, दो घायल चालक फरार

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के बांदा बहराइच मार्ग पर शनिवार दोपहर 3:30 बजे बछरावां से शिवगढ़ जा रहे बोलेरो सवार अमेठी जनपद के रहने वाले श्यामू 28 वर्ष पुत्र बनवारी तथा जल निगम में डीपीएम के पद पर कार्य अमरोहा जनपद के रहने वाले के हर सिंह 50 पुत्र रामपाल सिंह को बांदा फतेहपुर की तरफ से जा रहे डंपर में पीछे से बोलेरो को टक्कर मार दी जिसमें बोलेरो काफी दूर जा गीरी वही डंपर भी सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन में जा पहुंचा मौके का फायदा उठाकर चालक घटनास्थल से फरार हो गया। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया जहां डॉक्टर में प्राथमिक उपचार के घर भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई करेंगे

## आचार संहिता लागू, प्रशासन में उतरवाये राजनीतिक दलों के झंडे व बैनर



**डलमऊ रायबरेली**

लोकसभा 2024 के चुनाव का बिल्कुल बच्चों का है सात चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा आज दोपहर 3ः00 बजे आचार संहिता लागू कर दी गई आचार संहिता लागू होते ही तहसील प्रशासन ने सार्वजनिक स्थानों पर लगे राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर पंपलेट कट आउट शाहिद अन्य प्रचार सामग्री को उतरवा दिया और अनाउंसमेंट करते हुए सभी को चुनाव आचार संहिता के नियमों को पालन करने के निर्देश दिए दलमू तहसील प्रशासन के यूपी जिला अधिकारी अभिषेक राय क्षेत्राधिकार विनीत सिंह कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर एवं तहसील प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ डलमऊ कस्बे किसी सरकारी संस्थानों पर लगे राजनीतिक दालों के प्रचार सामग्री को उतर गया वही प्रशासन द्वारा आचार संहिता का हवाला देते हुए धार्मिक ध्वजों को भी उतार दिया गया जिसको लेकर लोगों में नाराजगी दिखाई पड़ी

## इंडिया वन एटीएम की दूसरी ब्रांच का शुभारंभ

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नगर के विकासखंड कार्यालय के समीप व्यापारियों के सहूलियत के लिए इंडिया वन एटीएम की दूसरी ब्रांच का शुभारंभ पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी मो इरफ़ान सिद्दीक़ी ने फीता काटकर किया। इस एटीएम के शुभारंभ होने से मंडी समिति, डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, विकासखंड स्तर पर आने वाले लोगों , व्यापारियों, को काफी सहूलियत होगी। यह एटीएम रायबरेली प्रतापगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित होने से लोगों को और भी आसानी होगी। एटीएम शुभारंभ के अवसर पर सभासद शरीफ गड्डी, एटीएम संचालक कलीम राइनी, इसरार हैदर पूर्व सभासद,जैद खान मेवाती,सभासद मोहम्मद अशफाक मोहम्मद, फिरोज, अजमत अली, सरदार गुरविंदर, अमरदीप, गुरप्रीत , परदीप, लवी, मो असलम,आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## आटा चक्की में फंसकर महिला की मौत

- भाई ने लगाया हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

घर में लगी आटा चक्की के पत्ते से फंसकर महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में दर्दनाक मौत हो गई वहीं मृतका के पारिवारिक जनों को जब इसकी खबर लगी तो भाई ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए ससुरालूजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया और उचित कार्रवाई करते हुए न्याय की गुहार लगाई है

डलमऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरसंवा गांव की रहने वाली चांदनी पत्नी शेखर सोनी उम्र 24 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में आटा चक्की की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई है स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति समेत 6 लोगों के विरुद्ध थाने में नामजद तहरीर दी है मृतका के भाई ने बताया कि जब वह वहां पर पहुंचा तो देखा कि उसकी बहन के गले पर चोट के निशान है व सिर के बाल गायब थे घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और तहरीर के आधार पर पति समेत छः लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है वही तीन लोगों को को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, मृतक महिला ने 3 वर्ष पहले घर से भाग कर प्रेम विवाह किया था और उसके 1 वर्ष की एक बेटी है इस बाबत डलमऊ कोतवाली प्रभारी पवन सोनकर ने बताया कि तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आर्थिक मदद की मांग को लेकर मृतक बस चालक के परिजनों ने काटा हंगामा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आर्थिक मदद की मांग को लेकर मृतक बस चालक के परिजनों ने काटा हंगामा, बस मालिक के साथ सोना और आर्थिक मदद के भरोसे के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए भेजा गया आपकोकि बताते चलें लालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनबाद गांव निवासी अवधेश सविता बस चालक है गलत 9 मार्च को वह श्रद्धालुओं से बड़ी बस लेकर मेहंदीपुर बालाजी गया था वापस लौटते समय कानपुर के नौबस्ता के निकट उसकी बस खड़े डंपर से जा टकराई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि बस में सवार कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हुए मौत के बाद परिवार में मटक गया वहीं मृतक के परिजनों ने बस मालिक से आर्थिक मदद की गुहार लगाई नहीं सुनने पर हंगामा करता शुरू कर दिया जिससे बवाल को देखते हुए बस मालिक ने आर्थिक मदद का भरोसा दिया तब जाकर परिजन सबको अंतिम संस्कार के लिए ले जाने के लिए तैयार हुए।

# छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में हो रही जनहानि पर एक रैली निकाली गई और लोगों को जागरूक किया गया कि आप सभी अगर सड़क दुर्घटनाओं से बचाना है तो यातायात नियमों का पालन करते रहिए।

मोटरसाइकिल सवारों को जहां हेलमेट लगाना बेहद जरूरी है तो वही चार पहिया वाहनों के लिए सीट बेल्ट तथा वाहन चलाते समय मोबाइल से बात करना एवं नशे की हालत में वाहन का उपयोग बिलकुल नहीं करना इसके लिए गुरुकुल महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने लोगों से अपील करते हुए इन सब नियमों का पालन करने का विनम्र निवेदन किया। गुरुकुल महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने कहा कि हर वर्ष हमारे देश में लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवा देते हैं और इसका खामियाजा समाज सहित उनके पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है क्योंकि सड़क दुर्घटना में मारे जाने वाले लोगों के पीछे परिवार होता है और उनका भरण पोषण कैसे हो यह बाद में बहुत ही परेशानी का सबक बन जाता है। गुरुकुल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पुलिस चौकी पिंक बूथ पर सैकड़ो की संख्या छात्र-छात्राओं ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की ।इस मौके पर गुरुकुल गुरुकुल महाविद्यालय के अमित पांडे पूजा मिश्रा डॉ प्राजंलि मिश्रा सहित छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# पूर्व सांसद ने विधानसभा पुरवा में भ्रमण कर किया जनसम्पर्क

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



सपा की लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने आज विधानसभा पुरवा के दो दर्जन से अधिक गांवों में जनसंपर्क किया तथा भाजपा भगाओ एवं देश बचाओ, का जन-जन को संदेश दिया।

श्रीमती टण्डन ने कसरौर, भगतखेड़ा आदि गांवों में आयोजित जन चौपालों को संबोधित करते हुए उक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं देश के लोकतंत्र तथा लोगों की संप्रभुता बचाने का एक धर्म युद्ध है, इलेक्टोरल बांड का खुलासा प्रमाण दे रहे हैं कि भाजपा सरकार ईडी सीबीआई आदि संस्थाओं का रंगदारी वसूलने में के लिए खुला दुरपयोग कर रही है, अब तक जो भी खुलासा हुआ है उससे भाजपा को चन्दा दो और रोजगार पाओ का सीधा संदेश मिल रहा है।

श्रीमती टण्डन ने आज पुरवा विधानसभा के गांव बहरौरा बुजुर्ग, भूपतिपुर, मझिगवां सदकू, तुसरौर, बनिगांव, भदनांग, मुरैता, दरेहटा, टोपरा, बेवल मंशाखेड़ा, भिठौली, चन्द्रसेना, असगरगंज, मोहिउद्दीनपुर, पिंजरा, कोड़रा आदि गांवों में जनसंपर्क किया तथा आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस ओर भाजपा देश को हांक रहीं हैं यदि 2024 मे जीत गयी तो अगली बार निष्पक्ष चुनाव नहीं फांसीवादी शक्तियां जबरन तुम्हारा वोट छीन लेगी, आज की तारीख में अल्पसंख्यक तानाशाही शक्तियां सीएए के माध्यम से इतने फर्जी मतदाता पैदा कर देंगी जिससे तुम्हारे मतों की कीमत शून्य हो जायेगी। उन्होंने देश की संप्रभुता स्वतंत्रता तथा अखण्डता बचाने के लिए भाजपा को हराने की अपील की जबकि पूर्व विधायक उदयराज यादव ने सपा को भारत के किसानों नौजवानों तथा श्रमिकों का दल बता सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन को भारी मतों से जिताने की अपील की है। सुनील साजन पूर्व एम0एल0सी0 और उदयराज यादव ने भी सपा प्रत्याशी के समर्थन की मांग की। भ्रमण के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व प्रमुख राज कुमार रावत, पूर्व प्रमुख बीतेन्द्र यादव, रामकिशुन लोधी विधानसभा अध्यक्ष, राजेन्द्र सिंह प्रधान, सुरेश त्यागी, नीरज रावत एडवोकेट, प्रेम गौतम एडवोकेट, अनिल सैनी, अंकित यादव, डा0 सुरेश यादव, सी0एल0 यादव, मंजीत यादव, शिवशंकर वर्मा, कुलदीप यादव, सुनील रावत, राम सुमेर आदि लोग उपस्थित रहे।

## पासिंग आउट परेड में 741 दरोगाओं ने दी सलामी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आम जनमानस से मृदु स्वभाव के साथ पेश आएं और न्याय दिलाएं क्योंकि आपकी कार्यशैली से पीड़ितों को न्याय मिले तथा अत्याचार करने वालों को विधि संगत कार्यवाही कर सजा दिलाने का काम करें।



उक्त उद्गार फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के कालीमिट्टी स्थित गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस की पासिंग आउट परेड में अपर पुलिस महानिदेशक नवनीत सिकेरा ने सलामी लेते हुए कहा। जिसके बाद उन्होंने 775 के सापेक्ष 741 उत्तीर्ण प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कालीमिट्टी स्थित गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में नागरिक पुलिस के प्रशिक्षु उप निरीक्षक एक वर्ष पूर्व प्रशिक्षण लेने आये थे। 1 वर्ष के कठिन प्रशिक्षण के बाद पास होकर आए 741 उपनिरीक्षको ने शनिवार को पासिंग आउट परेड की जिसमें अपर पुलिस महानिदेशक नवनीत सिकेरा ने सलामी ली। जिसके बाद एडीजी ने प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को संविधान के प्रति विश्वास एव निष्ठा के साथ जन सेवा और कर्तव्यनिष्ठा सम्बन्धी शपथ दिलाई तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ जनता के साथ मृदु व्यवहार करने की बात कहते हुए सेवा करने को कहा। वहीं प्रशिक्षुओं को मुरादाबाद से मुख्यमंत्री का सम्बोधन भी लाइव सुनाया गया जिसमें मुख्यमंत्री ने जनता के प्रति सम्मान के साथ कार्य करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान सीओ दिनेश यादव, अतुल कुमार, अजीत कुमार आदि व प्रशिक्षुओं के परिवारीजन सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।


## नई वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा

रेलयात्रियों की सुविधा हेतु लखनऊ जं. और देहरादून के बीच हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत सेवा की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार होगीः-

गाड़ी सं. 22545/22546 लखनऊ जं.-देहरादून-लखनऊ जं.
वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में छः दिन -सोमवार छोड़कर)

| गाड़ी सं. 22545 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22546 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 05:15 | लखनऊ जं. | 22:40 | — |
| 08:33 | 08:35 | बरेली जं. | 19:03 | 19:05 |
| 09:52 | 09:57 | मुरादाबाद जं. | 17:40 | 17:45 |
| 12:10 | 12:15 | हरिद्वार | 15:26 | 15:31 |
| 13:35 | -- | देहरादून | -- | 14:25 |

शुभारंभ की तिथि: 22545 लखनऊ जं. से और 22546 देहरादून 26.03.2024 से
स्थान: एग्जीक्यूटिव चेयर कार और चेयर कार।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

860/24

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चुनावों का इंतजार खत्म

लोकसभा चुनावों का इन्तजार खत्म होने को है। चुनाव आयोग आज इनके विस्तृत ब्यौरे की घोषणा कर देगा। लोकसभा के साथ ही चार राज्यों आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा व सिक्किम के भी चुनाव होंगे। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल 24 मई तक है अतः चुनाव आयोग की जिम्मेदारी होगी कि इससे पहले वह देशभर में चुनाव सम्पन्न करा कर नई लोकसभा के गठन का मार्ग प्रशस्त करे। निष्पक्ष व स्वतन्त्र चुनाव कराना चुनाव आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है इसके साथ ही उसका यह भी दायित्व है कि देश का प्रत्येक जायज मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके। इस कार्य में हालांकि हर बार ही आयोग मुस्तैद नजर आता है और वह मतदाताओं से अधिकाधिक संख्या में वोट करने का अभियान भी चलाता है परन्तु फिर भी देशभर से ऐसे हजारों मामले सामने आ जाते हैं जिनमें मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब पाये जाते हैं जबकि उनके पास मतदाता कार्ड भी होता है। इस विसंगति को दूर करना भी आयोग का ही काम है। इस बार 2024 के चुनावों में देशभर में जायज मतदातों की संख्या 96 करोड़ से अधिक रहने की संभावना है। यह संख्या यूरोपीय महाद्वीप के विभिन्न देशों की जनसंख्या से भी ज्यादा है। इसी वजह से भारत के चुनावों को दुनिया बहुत हैरत से भी देखती है और इसे विश्व का सबसे बड़ा लोकतन्त्र भी बताती है लेकिन भारत के सबसे बड़ा लोकतन्त्र होने का एकमात्र यही कारण नहीं है बल्कि सबसे बड़ा कारण इसका स्वतन्त्र चुनाव आयोग माना जाता है जिसकी कार्यप्रणाली का अध्ययन करने दुनिया के कई देश आते रहते हैं। भारत के चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में ऊंचे पायदान पर रखकर इसी वजह से देखी जाती है क्योंकि हमारे संविधान में इसकी स्थिति एक ऐसे स्वायत्तशासी संस्थान की है जो अपना कार्य सीधे संविधान से शक्ति व अधिकार लेकर करता है और किसी भी सरकार से निरपेक्ष रहते हुए अपना दायित्व निभाता है। हकीकत तो यह है कि भारत में लोकतन्त्र की उर्वरा जमीन तैयार करने की जिम्मेदारी इसी की है क्योंकि यह भारत के आम आदमी को दिये गये एक वोट के संवैधानिक अधिकार का सबसे बड़ा संरक्षक है। हमारी व्यवस्था में मतदाता व चुनाव आयोग के बीच में कोई तीसरी शक्ति भी नहीं आ सकती। यही वजह है कि ईवीएम मशीनों को लेकर जो विवाद समय-समय पर पैदा होता रहता है उसका सीधा सम्बन्ध मतदाता व चुनाव आयोग के बीच ही रहता है। इसकी वजह यह है कि चुनाव आयोग संविधान की इस शर्त से बंधा हुआ होता है कि मतदान के समय प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय या लालच के अपने वोट का इस्तेमाल करेगा और उसके व वोट पाने वाले प्रत्याशी के बीच में कोई प्रकट या अदृश्य तीसरी शक्ति नहीं रहेगी।


# चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डाटा किया जारी

किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 16 मार्च 2024 को दोपहर 3 बजे घोषित हो चुकी है जिसके सटीक अनुमान मैंने मेरे दिनांक 9 मार्च 2024 के आर्टिकल की हेडिंग लोकसभा चुनाव 2024 तारीखों की घोषणा 14-15 मार्च 2024 को होने की संभावना सात चरणों में मतदान व अप्रैल के दूसरे सप्ताह में प्रथम चरण का मतदान होने की संभावना के साथ प्रिंट मीडिया व पोर्टेबल चैनलों में प्रकशित हुआ था जो करीब करीब सटीक साबित हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है। बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि पल-पल में स्थितियां परिस्थितियां बदल जाती है इसका अंदाजा भी नहीं लग पाता जो अब सटीक सिद्ध हो रहा है क्योंकि हमने तो सपने में भी नहीं सोचा था कि चुनाव आयोग द्वारा खुद राजनीतिक पार्टियों के द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चुनावी चंदा इतनी बड़ी भारी मात्रा में उठाया जाता है।

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड डाटा और इमेज से हमने देख कि सत्ताधारी पार्टी ने सबसे अधिक करीब 6000 करोड़ से अधिक दान उठाया है तो बंगाल की पार्टी नें भी भारी मात्रा में दान उठाया है आंकड़े 2019 से 2023 तक दिए हैं जो देखकर मेरा अनुमान है कि भारत ही नहीं ब्रॉड में भी लोगों को हैरानी हुई होगी। अब मेरा मानना है कि चूंकि अब चुनाव अधिकारी ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड का डाटा जारी कर दिया है और अब 16 मार्च 2024 को चुनाव की तारीखों की घोषणा भी हो चुकी है अब उम्मीदवार पर्चा दाखिल करेंगे तो उन्हें अपनी संपत्ति की भी घोषणा करनी होगी तो जनता इन दोनों डाटा को चुनाव में वोट देने से पहले रेखांकित जरूर करेगी ऐसा मेरा मानना है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकसभा चुनाव 2024 में वोट देते समय चुनाव आयोग द्वारा जारी 763 पेजों की लिस्ट को उल्लेखित राजनीतिक पार्टियों व कंपनियों को जनता द्वारा रेखांकित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा दिनांक 14 मार्च 2024 को अपनी वेबसाइट पर जारी इलेक्टोरल बॉन्ड के डाटा की करें तो चुनाव आयोग ने गुरुवार ;14 मार्च को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी कर दिया। वेबसाइट पर 763 पेजों की दो लिस्ट अपलोड की गई हैं। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी है। दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल है। चुनावी बॉन्ड का डेटा 12 अप्रैल 2019 से 11 जनवरी 2024 तक का है। राजनीतिक पार्टियों को सबसे ज्यादा चंदा देने वाली कंपनी फ्यूचर गेमिंग और होटलसर्विसेज पीआर है जिसने 1,368 करोड़ के बॉन्ड खरीदे। कंपनी ने ये बॉन्ड 21 अक्टूबर 2020 से जनवरी 24 के बीच खरीदे। कंपनी के खिलाफलॉटरी रेगुलेशन एक्ट 1998 के तहत और आईपीसी के तहत कई मामले दर्ज हैं। सत्ताधारी पार्टी सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टी है। उसको सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपए मिले हैं। चुनावी बॉन्ड इनकैश कराने वाली पार्टियों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी समाजवादी पार्टी, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वायएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएसए एनसीपी जेडीयू और राजद भी शामिल हैं। चुनाव आयोग नें वेब पर चुनावी बॉन्ड का डेटा अपलोड किया है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग को 15 मार्च तक डेटा सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। इससे पहले भारतीय स्टेट बैंक ने 12 मार्च 2024 को सुप्रीम कोर्ट में डेटा सबमिट किया था। कोर्ट के निर्देश पर ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी। कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने चुनाव आयोग को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी दी थी। दोनों लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों और इन्हें इनकैश कराने वालों के तो नाम हैं लेकिन यह पता नहीं चलता कि किसने यह पैसा किस पार्टी को दिया इस मामले में याचिका लगाने वाले वकील ने सवाल उठाया कि एसबीआई ने वह यूनिक कोड नहीं बताया जिससे पता चलता कि किसने किसे चंदा दिया। ऐसे में कोड की जानकारी के लिए वे फिर सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं। कांग्रेस ने इलेक्टोरल बॉन्ड के डेटा पर सवाल उठाए हैं। पार्टी ने कहा दानदाताओं और इसे लेने वालों के आंकड़े में अंतर है। दानदाताओं में 18,871 एंट्री है जबकि लेने वालों में 20,421 की एंट्री है। पार्टी ने यह भी पूछा है कि यह योजना 2017 में शुरू हुई थी तो इसमें अप्रैल 2019 से ही डेटा क्यों है आयोग का कहना है कि उसे यह जानकारी एसबीआई से ऐसी ही मिली है। 2019 से 2024 के बीच 1334 कंपनियों लोगों ने कुल 16,518 करोड़ रु के बॉन्ड खरीदे। 27 दलों ने भुनाए। इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है। पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है। जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है।

साथियों बात अगर हम चुनावी बॉन्ड स्कीम के विवाद में आने की करें तो 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा। वहीं विरोध करने वालों का कहना था कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाले की पहचान जाहिर नहीं की जाती है इससे ये चुनावों में काले धन के इस्तेमाल का जरिया बन सकते हैं। बाद में योजना को 2017 में ही चुनौती दी गई लेकिन सुनवाई 2019 में शुरू हुई। 12 अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सभी पॉलिटिकल पार्टियों को निर्देश दिया कि वे 30 मई 2019 तक में एक लिफाफे में चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी चुनाव आयोग को दें। हालांकि कोर्ट ने इस योजना पर रोक नहीं लगाई। बाद में दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए एक आवेदन दिया। इसमें मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया कि किस तरह चुनावी बॉन्ड योजना पर चुनाव आयोग और रिजर्व बैंक की चिंताओं को केंद्र सरकार ने दरकिनार किया था साथियों बात अगर हम चुनावी इलेक्टोरल बॉन्ड के विवादों में आने की करें तो सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा. एसबीआई 12 मार्च तक सारी जानकारी का खुलासा करे।




**पार्टी ने यह भी पूछा है कि यह योजना 2017 में शुरू हुई थी तो इसमें अप्रैल 2019 से ही डेटा क्यों है आयोग का कहना है कि उसे यह जानकारी एसबीआई से ऐसी ही मिली है। 2019 से 2024 के बीच 1334 कंपनियों लोगों ने कुल 16,518 करोड़ रु के बॉन्ड खरीदे। 27 दलों ने भुनाए। इस जानकारी को दो हिस्सों में जारी किया गया है। पहले हिस्से में 336 पन्नों में उन कंपनियों के नाम हैं जिन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा है और उसकी राशि की जानकारी भी दी गई है। जबकि दूसरे हिस्से में 426 पन्नों में राजनीतिक दलों के नाम हैं और उन्होंने कब कितनी राशि के इलेक्टोरल बॉन्ड कैश कराए उसकी विस्तृत जानकारी है। साथियों बात अगर हम चुनावी बॉन्ड स्कीम के विवाद में आने की करें तो 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी।**

## विचार

# संविधान मिटाने की कोशिश भाजपा को पड़ेगी भारी

प्रो. रविकांत

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कर्नाटक के भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने संविधान को बदलने के बारे में बयान दिया है। नरेंद्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का लक्ष्य क्यों रखा है? इसकी असली वजह बताते हुए अनंत कुमार हेगड़े ने कहा है कि -संविधान बदलने और धर्म की रक्षा के लिए इतना बड़ा बहुमत चाहिए। अनंत कुमार हेगड़े के इस बयान को केवल शरारतपूर्ण या सनसनी पैदा करने वाला नहीं माना जा सकता। दरअसल यह बीजेपी और आरएसएस का असली एजेंडा है, जो एक सांसद के जुबान के जरिए प्रकट हुआ है। इसलिए राहुल गांधी ने अनंत कुमार हेगड़े के इस बयान पर जोरदार हमला बोला।

राहुल गांधी ने लिखा कि -नरेंद्र मोदी और भाजपा का लक्ष्य बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है। राहुल गांधी ने गुजरात में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान इस बात को खास तौर पर रेखांकित किया। दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के नौजवानों का संविधान की रक्षा के लिए आह्वान करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए आप लोग आगे आएं। इंडिया आपके साथ खड़ा है। राहुल गांधी आपके साथ है। अनंत कुमार हेगड़े के बयान पर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को घेरा। ट्विटर पर उन्होंने लिखा कि-समाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से नरेंद्र मोदी भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। राहुल गांधी ने आगे लिखा कि - हम आजादी के नायकों के सपनों के साथ यह षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। अनंत कुमार हेगड़े के बयान से भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस के छिपे हुए मंसूबे उजागर हो गए हैं। देश के मतदाताओं को समझ लेना चाहिए कि श्अबकी बार 370 पार' का नारा क्यों दिया जा रहा है? नरेंद्र मोदी का 370 पार का लक्ष्य संविधान को बदलने के लिए है। दरअसल, संविधान में आमूलचूल परिवर्तन के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत तथा आधे से अधिक राज्यों में संबंधित पार्टी की सरकारें होना जरूरी है। अनंत कुमार हेगड़े ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि हमारा 370 पार करने का लक्ष्य संविधान को बदलने और धर्म की रक्षा करने के लिए है। ऐसे में दो सवाल उठते हैं। पहला, अगर संघ और भाजपा की यही मंशा है तो नरेंद्र मोदी और मोहन भागवत खुले तौर पर इसका ऐलान क्यों नहीं करते? क्या उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए डंके की चोट पर यह ऐलान नहीं करना चाहिए कि श्तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हें संविधान बदलकर दूंगा'। मोदी और भागवत को खुलकर बोलना चाहिए कि फिर से सत्ता में आने पर हम डॉ. अंबेडकर का संविधान बदलकर हिंदू राष्ट्र का नया संविधान बनाएंगे। हालांकि यह आरएसएस का कोई नया एजेंडा नहीं है। संघ ने हमेशा से संविधान, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का अनादर किया है। संविधान पारित होने के 3 दिन बाद 30 नवंबर 1949 को आरएसएस के मुख्य पत्र ऑर्गनाइजर ने अपने संपादकीय में लिखा था कि, भारत के संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है क्योंकि इसमें मनु की संहिताएं नहीं है। इसलिए उन्हें यह संविधान स्वीकार नहीं है।'

सर्वविदित है कि आरएसएस ने अपने मुख्यालय पर चार दशक तक तिरंगा नहीं फहराया। राष्ट्रगान को लेकर भी आरएसएस ने भ्रम फैलाया कि इसमें इंग्लैंड के राजा का महिमामंडन किया गया है। जबकि यह बात पूरे तरीके से निराधार और असत्य है। इसी तरह तीन रंगों की पट्टियों के मध्य में नीले रंग के बौद्ध धर्म के प्रतीक धर्मचक्र परिवर्तन से युक्त तिरंगे को आरएसएस अशुभ कहता रहा। राष्ट्रध्वज का आरएसएस ने कभी दिल से सम्मान नहीं किया। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि 20 जनवरी 2024 को जब राम मंदिर का उद्घाटन हुआ तो पूरे देश को भगवा से पाट दिया गया। इसका व्यापक प्रभाव 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस पर पड़ा। पूरे देश में लहराते भगवा झंडों से तिरंगे की आभा और शान कमजोर हुई। यह तिरंगे का अपमान है और भगवा को राष्ट्रध्वज के रूप में थोपने की नापाक कोशिश। हिन्दुत्ववादी भाजपा जब भी सरकार में आई, संविधान को बदलने की कोशिश हुई। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में एन. वैंकट चलैया की अध्यक्षता में संविधान समीक्षा आयोग बनाया गया। विरोध के चलते अटल बिहारी वाजपेयी की मंशा पूरी नहीं हो सकी। दस साल तक केंद्र में यूपीए की सरकार में संविधान और लोकतंत्र की संस्थाएं मजबूत हुई। 2014 में राष्ट्रवाद के छद्म और अच्छे दिन के वादे के नाम पर पूर्ण बहुमत के साथ बीजेपी सत्ता में आई। नरेंद्र मोदी के प्रधानमन्त्री बनने के बाद हिन्दुत्ववादी संगठन खुलकर डॉ अम्बेडकर के संविधान को बदलकर हिन्दू राष्ट्र का नया संविधान लागू करने के लिए मचलने लगे। सरकारी संरक्षण में ऐसे संगठन और तमाम कट्टरपंथी बेलगाम हो गए।



**राहुल गांधी ने लिखा कि -नरेंद्र मोदी और भाजपा का लक्ष्य बाबा साहेब डॉ अम्बेडकर के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है। राहुल गांधी ने गुजरात में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान इस बात को खास तौर पर रेखांकित किया। दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के नौजवानों का संविधान की रक्षा के लिए आह्वान करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए आप लोग आगे आएं।**

# एक साथ चुनाव

ऐसे वक्त में जब लोकसभा चुनावों की घोषणा होने को है पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व वाली एक समिति ने 'एक राष्ट्र,एक चुनाव' मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। कोविंद समिति ने इस योजना के मद्देनजर दो चरणों की सिफारिश की है। पहला लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव करवाना, दूसरा सौ दिनों के भीतर नगरपालिकाओं और पंचायतों का चुनाव कराना। समिति ने शासन के तीनों स्तरों के चुनाव में उपयोग के लिये एक मतदाता सूची और मतदाता फोटो पहचान पत्र की भी सिफारिश की है। दरअसल, पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में चुनावी खर्च घटाने, सरकारी संसाधनों की मितव्ययता ,सुरक्षा बलों का कुशलता से उपयोग सुनिश्चित करने तथा प्रभावी नीति नियोजन के लिये संसद, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिये एक साथ चुनाव के विचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जतायी थी। भारतीय जनता पार्टी की ओर से कहा गया था कि वह इस मुद्दे पर विभिन्न हितधारकों के मध्य आम सहमति बनाने का पुरजोर प्रयास करेगी। कोविंद समिति का कहना है कि इस दौरान देश के सैंतालीस राजनीतिक दलों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के बाबत अपने विचार रखे। दावा किया जा रहा है कि इन दलों में से 32 राजनीतिक दलों ने एक साथ चुनाव कराये जाने के सुझाव का समर्थन किया। निश्चित रूप से यह एक बड़ी चुनौती है कि साल भर देश के किसी न किसी राज्य में विधानसभाओं के चुनाव होते रहते हैं। जिसके चलते जहां चुनावी खर्च बेतहाशा बढ़ जाता है, वहीं नौकरशाही जनता के विकास कार्यों के बजाय चुनाव प्रबंधन में जुटी रही है। वहीं बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य भी बाधित होते हैं। ऐसे में पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने के विचार को एक कारगर विकल्प के रूप में बताया जाता रहा है। लेकिन, इस विचार को अमली-जामा पहनाने में कई व्यावहारिक दिक्कतें भी हैं।निस्संदेह, आम चुनाव से पहले 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के मामले को संबोधित करना भाजपा के एजेंडे का आखिरी बड़ा मुद्दा है। इसमें दो राय नहीं कि एक साथ चुनाव कराने के लिये एक सामान्य मतदाता सूची का विचार पहली नजर में लाभकारी नजर आ रहा है, लेकिन यह विचार अमल की चुनौतियों से मुक्त नहीं है। अकसर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदाता अलग-अलग मुद्दों पर मतदान करते रहे हैं। इनमें मतदान का प्रतिशत व रुझान भी भिन्न दिखायी देता है।

किसी और नाम के कंगन
किसी और नाम का श्रृंगार
किसी गैर नाम की चुनरी से,
वो ना सजाई जाए।
डोली के नाम पर खुशियाँ मिले,
उसकी अर्थी ना लगाई जाये।
जब सब रश्मे हो तरीके से,
तो ये रसम भी निभाई जाए।
और इतनी मर्दानगी तो हर एक मर्द रखे ,
उसके रहते उसकी प्रेमिका कही ,
और ना वियाही जाए ।।



-अंजलि दीक्षित कन्नौज।



# राशिफल

**मेषः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफसे लाभ होगा।

**तुलाः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिकः-**आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनु-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# भाजपा उम्मीदवारों की सूची का बड़ा दिखावा कर रही मोदी-शाह की जोड़ी

सुशील कुट्टी

क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इन पांच वर्षों में भाजपा के सभी लोकसभा सांसदों पर नजर रख रहे थे। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में क्या खयाल है, जो हर 24X7 में 17-18 घंटे काम कर रहे हैं? क्या उन्होंने भाजपा सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों के पीछे भी खोजी कुत्ते लगाये थे जो 2019 के आम चुनावों के लिए चुने गये उम्मीदवार थे? अब, पांच साल बाद, मोदी-शाह की जोड़ी 2024 की सूची से मौजूदा सांसदों को हटा रही है और उनके लिए प्रतिस्थापन ढूंढ रही है। प्रधानमंत्री मोदी को भरोसा है कि 370' का उनका सपना नये और पुराने नामों के मिश्रण से पूरा होगा। दरअसल, एक दशक तक धारणा-प्रबंधन में अपने कौशल को निखारने के बाद, मोदी अनेक लोगों द्वारा जादू की छड़ी वाले व्यक्ति माने जा रहे हैं और अगर ऐसे दो लोग हैं जिन्हें भाजपा उम्मीदवारों की कतार से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है, तो वे नरेंद्र मोदी और अमित शाह, जिनमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हैं। लेकिन यह सब जनता के लिए है,अन्यथा, यह कल्पना करना कठिन है कि नड्डा कैसे मोदी और शाह पर अपनी प्राथमिकता थोप रहे हैं। जेपी नड्डा की अपनी यथास्थिति बनाये रखने की क्षमता अवश्य ही दिव्य होनी चाहिए। मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और अनुराग ठाकुर ने भाजपा की सूची में जगह बनाई है।



इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मतदाता ठाकुर और गोयल के परिवारवाद' से मुक्ति चाहेंगे। लेकिन यह बात मोदी-शाह को कौन बतायेगा? मुख्यधारा का मीडिया तो नहीं, जो ठाकुर के हाथों से खाता है। गोयल अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, और उनका कहना है कि गोयल को सुरक्षित' सीट से मैदान में उतारा गया है। गडकरी नागपुर में अपने घर पर हैं। लेकिन हरियाणा के अपदस्थ मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, जो पिछले वर्षों में मोदी की मोटर साइकिल पर सवार हुआ करते थे, को करनाल लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है और वह लोकसभा चुनावों के आदी नहीं हैं। भाजपा की दूसरी सूची में 72 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम हैं और 32 मौजूदा सांसदों को हटा दिया गया है। इनमें केंद्रीय मंत्री दर्शनाजरदोश भी शामिल हैं। पूर्व मंत्री सदानंद गौड़ा और रमेश पोखरियाल निशंक' भी सूची में अपना नाम नहीं ढूंढ सके। यह ऐसा है जैसे मोदी-शाह की जोड़ी को उत्साह कम करने से खुशी मिलती है। हालांकि, कुछ अपवाद भी हैं। तेजस्वी सूर्य उनमें से एक हैं। कर्नाटक का युवा तुर्क पक्ष से बाहर नहीं है। तेजस्वी सूर्य का सार्वजनिक जुझारूपन और निजी चाटुकारिता का मिश्रण काम आया। अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से चुनाव लड़ेंगे। पीयूष गोयल को मुंबई उत्तर दिया गया है। दूसरी सूची की एक और खासियत है पूर्व मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी। उदाहरण के लिए, त्रिवेन्द्र सिंह रावत और बसवराज बोम्मई। रावत को उत्तराखंड में हरिद्वार दिया गया है और बोम्मई को कर्नाटक में हावेरी से मौका दिया गया है। मोदी और शाह मध्य प्रदेश-राजस्थान-छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों के समय से ही इस तरह की चुनावी बाजीगरी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस बच्चे की तरह हैं जिसे खेलने के लिए एक नया खिलौना मिल गया है। मुद्दा यह है कि एक राजनीतिक नेता से लोगों का एक पूरा समूह जुड़ा होता है, उन सभी का वर्तमान और भविष्य नेता की किस्मत से जुड़ा होता है। इसलिए, जब केंद्रीय मंत्री और उडुपी चिकमंगलूर की सांसद शोभा करंदलाजे का नाम नहीं हटाया गया, तो थोड़ा झटका लगा। कम से कम, उसके पास फिर से चुने जाने का मौका है। उनके समर्थक कांग्रेस के लिए भाजपा को नहीं छोड़ेंगे। रिकॉर्ड के लिए, दूसरी सूची में कर्नाटक और महाराष्ट्र दोनों से 20 उम्मीदवार हैंय गुजरात से 7 और हरियाणा और तेलंगाना से 6-6 उम्मीदवार। इसके अलावा मध्य प्रदेश के लिए पांच, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए दो-दो नाम शामिल हैं। इन सभी चुने गये लोगों का मोदी के 370' का हिस्सा बनना तय है। उस मामले में पुराने और ताजा नामों पर मेहनत क्यों और इस या उस सांसद को क्यों बर्खास्त किया जाये जब कोई टॉम, डिक या हैरी जीतेगा जैसा कि मोदी ने भविष्यवाणी की थी।

**इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मतदाता ठाकुर और गोयल के परिवारवाद' से मुक्ति चाहेंगे। लेकिन यह बात मोदी-शाह को कौन बतायेगा? मुख्यधारा का मीडिया तो नहीं, जो ठाकुर के हाथों से खाता है। गोयल अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, और उनका कहना है कि गोयल को सुरक्षित' सीट से मैदान में उतारा गया है। गडकरी नागपुर में अपने घर पर हैं। लेकिन हरियाणा के अपदस्थ मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, जो पिछले वर्षों में मोदी की मोटर साइकिल पर सवार हुआ करते थे, को करनाल लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है और वह लोकसभा चुनावों के आदी नहीं हैं। भाजपा की दूसरी सूची में 72 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम हैं और 32 मौजूदा सांसदों को हटा दिया गया है। इनमें केंद्रीय मंत्री दर्शनाजरदोश भी शामिल हैं। पूर्व मंत्री सदानंद गौड़ा और रमेश पोखरियाल निशंक' भी सूची में अपना नाम नहीं ढूंढ सके।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# डीएम को सौंपी मनरेगा जांच की रिपोर्ट

**सचिव, टीए और रोजगार सेवक पर फर्जी भुगतान का बनाया था दबाव, ग्रामीणों ने खोल दी पोल**

**कदौरा जालौन, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत लमसर गांव के प्रधान मुकुट सिंह यादव की अगुवाई में शुक्रवार को 20 से 30 ग्रामीणों ने डीएम आफिस में जाकर शिकायत की थी। आरोप था कि सचिव द्वारा प्रधान, केयर टेकर आदि का मानदेय नहीं लगा रही है, साथ ही गांव में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान करने में कमीशन की मांग कर रही है। तकनीकी सहायक मनरेगा के कार्यों की एमबी नहीं बना रहे। शिकायत पर डीएम ने श्रम उपायुक्त मनरेगा (डीसी) को जांच के आदेश दिए। शुक्रवार शाम को डीसी मनरेगा की अगुवाई में बीडीओ प्रतिभा शाल्या, अवर अभियंता अभियंत्रण विभाग के गिरजेश चंद्र, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी लोकेंद्र सिंह गांव पहुंचे। और ग्रामीणों को बुलाकर प्राथमिक विद्यालय में प्रधान द्वारा की गई शिकायत की जांच की। जांच के दौरान सचिव अनीता यादव ने बताया कि प्रधान द्वारा जबरन फर्जी कार्यों के भुगतान का दबाव बनाया जाता है,फर्जी भुगतान न करने पर शिकायत कर परेशान किया जाता है। तकनीकी सहायक (टीए) अमित मिश्रा ने जांच टीम को बताया कि प्रधान मुकुट सिंह यादव ने मनरेगा के कार्यों को जेसीबी और ट्रैक्टर से कराया है, जॉब कार्ड धारकों को रोजगार नहीं दिया है। मशीनों से कराए गए कार्यों की फर्जी स्टीमेट और एमबी बनाने के लिए दबाव डलवाया जाता है। रोजगार सेवक अनुरुद्ध सिंह ने कहा कि श्रमिकों से कार्य कराने के लिए लगातार कहा जाता है लेकिन प्रधान दबंगई के बल पर मशीनों से काम करवा कर भुगतान के लिए फर्जी शिकायतें कर अधिकारियों को परेशान करता है। जांच के दौरान पोल खुलते देख प्रधान डीसी के सामने ही सचिव और तकनीकी सहायक से अभद्रता करने लगा,जिस पर उन्होंने शांत कराया। वही प्रधान ने भी जांच टीम के सामने स्वीकार किया कि मनरेगा के कार्य उसने मशीन से कराए हैं। डीसी मनरेगा अवधेश कुमार दीक्षित ने कहा कि जांच के दौरान स्पष्ट हो गया है,वह अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप देगे।

**फर्जी भुगतानों को लेकर बनाया जाता दबाव, ट्रांसफर कराने की दी जाती धमकी**



लमसर गांव में जांच करते श्रम उपायुक्त मनरेगा अवधेश कुमार दीक्षित व अन्य अधिकारी।

कदौरा। ब्लॉक क्षेत्र के कुछ गांव के प्रधान गांव में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों पर फर्जी भुगतान करने का दबाव बनाते है,मनमर्जी का कार्य न होने पर जनप्रतिनिधियों को बरगला कर शिकायत करते हैं। लेकिन जांच में खुद को फंसता देख भाग जाते है, पूर्व में भी कई प्रधानों ने सचिवों की शिकायत की थी।

## होली पर ग्रामीणांचल में धधक रही सिंथेटिक खोये की फैक्टिरयां

**जालौन (उरई)।** होली का त्योहार नजदीक है। त्योहार को देखते हुए मिलावटखोरी भी तेजी पर है। दूर दराज गांवों में खोया बनाने की कई फैक्टरियां संचालित हैं। खाद्य विभाग दुकानों पर कार्रवाई कर अपने कर्तव्यों की तो इतिश्री कर लेता है, लेकिन इन फैक्टरियों की कोई जांच नहीं की जाती है। होली के त्योहार को देखते हुए नगर क्षेत्र में मिठाई बनाने के लिए खोये की बिक्री का ग्राफ एकदम बढ़ गया है। इसी के चलते मिलावटी खोये की खेप भी जमकर बाजार में आ रही है। त्योहारों में आमतौर पर मिठाई ने खाने वाले लोग भी घर पर खोया से बनी हुई मिठाइयां बनवाते है। मांग की तुलना में आपूर्ति कम होने का लाभ मिलावखोर उठाते हैं।

## 1.55 करोड़ की लागत से जल निकासी योजना का शिलान्यास

**तीन बारात घरों के साथ बाजार का केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया लोकार्पण**

**रामपुरा जालौन, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत कार्यालय पर केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा ने नगर पंचायत में 1.55 करोड़ की लागत से बनने वाली जल निकासी योजना का शिलान्यास किया। शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय पर नगर के विकास के लिए किये जाने वाले कार्यों का मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री भानू प्रताप वर्मा ने पहुँचकर शिलान्यास व लोकार्पण किया। नगर पंचायत में पूर्व चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह के प्रयास से 60 लाख की लागत से बनकर तैयार हुए तीन बारात घरों का लोकार्पण किया गया। उक्त बारातघर पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत नगर में तीन जगहों पर बनाई जा चुकी हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर बारात घर, लोक माता अहिल्याबाई बारात घर व महर्षि बाल्मीकि बारात घर बनाई गई हैं। वही नगर में जल निकासी की समस्या का निदान करते हुए 1 करोड़ 55 लाख की लागत से बनने वाली जल निकासी परियोजना का शिलान्यास भी किया गया। नगर पंचायत मार्केट पर 46 लाख 43 हजार की लागत (15 वें वित्त व राज्य वित्त) से बनकर तैयार हुआ मार्केट का भी लोकार्पण भानु प्रताप वर्मा के द्वारा किया गया।

## लोस चुनाव की तिथियां घोषित होते ही बैनर, पोस्टर हटे

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होते ही जिला मुख्यालय से लेकर तहसील मुख्यालय सहित विभिन्न कस्बों में सड़कों के किनारे लगाये गये विभिन्न राजनैतिक दलों के बैनर, पोस्टर होर्डिंग व दीवाल लेखन को पुतवाने के अभियान का आगाज युद्ध स्तर पर शुरू हो गया।

जिला मुख्यालय में अपरान्ह बाद मुख्य राजमार्गों के साथ ही विभिन्न चौराहों पर लगाये गये बैनरों व पोस्टरों को नगर पालिका की टीम मशीनरी के साथ मैदान में उतरी और देखते ही देखते समूचे नगर से बैनर पोस्टर गायब नजर आये। इसी प्रकार से दीवालों पर विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा कराये गये लेखन को भी पुतवाने का अभियान शुरू हो गया। इसीक्रम में कस्बा कुठौंद में विकासखंड परिसर से लेकर ऑफिस वह पूरे कस्बा में तहसीलदार मुकेश कुमार थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण सिह पुलिस बल के साथ पुर कस्बा में बैनर पोस्टर दीवारों की पुताई का कार्य कराया गया सरकार के प्रचार प्रसार के पोस्टर हटाए गए यहां तक की दीवारों में लिखा सरकार का प्रचार पुताई की गई जिससे कस्बा कुठौंद प्रधान नरेंद्र महंत सफाई गर्मियों के खेमे के साथ पूरे नगर का भ्रमण कर प्रचार प्रसार की पोस्ट एवं सरकारी योजनाओं के लगे बैनर पोस्ट को हटाया गया जिससे ऐसे सिद्ध हो गया है आचार संहिता लागू नियम का अधिकारी कर्मचारी ने बड़ी तेजी से पालन किया।

## खड़े ट्रक में पीछे से टकराई बाइक चालक की मौत

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम से वापस लौट रहे अधेड़ की बाइक छिरिया सलेमपुर के पास खड़े ट्रक में टकराई। हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर विधिक कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी पड़ैया निवासी राजेश कुमार (54) माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुरौंती में रिश्तेदारी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शुक्रवार की सुबह गए थे। रात में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद रात करीब 10 बजे वह बाइक से वापस अपने गांव सिहारी पड़ैया लौट रहे थे। कमसेरा और छिरिया के बीच सड़क किनारे सीसी लदा एक ट्रक बिना नंबर, बिना रिफ्लेक्टर के खड़ा था। रात में बाइक से आते समय जब राजेश कुमार इस स्थान पर पहुंचे तो ट्रक को देख नहीं सके और उनकी बाइक ट्रक से जा टकराई हादसे में बाइक चला रहे राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिक खून बहने के चलते उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर विधिक कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



मृतक राजेश की फाइल फोटो।

## मनरेगा भुगतान न होने से भड़के प्रधानों ने जताया विरोध

**ब्लाक प्रबंधन द्वारा समय से एफटीओ न लगाये जाने से भुगतान लटका अधर में**

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**



मनरेगा का भुगतान न होने से महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधान खफा है। शनिवार को उन्होंने ब्लाक में तालाबंदी कर प्रदर्शन भी किया और शासन अतिशीघ्र भुगतान कराये जाने की मांग की।

विदित हो कि गत एक वर्ष से मनरेगा के पक्के कार्यो में लगने वाली सामग्री का भुगतान नहीं हुआ है हालांकि 15 मार्च को शासन ने भुगतान के लिए धनराशि जारी की थी लेकिन ब्लाक प्रबंधन द्वारा समय से एफ्टीओ न लगाये जाने से महज ढाई लाख रुपये का भुगतान हो सका था जबकि ब्लाक क्षेत्र में इस मद का करोड़ों रूपये का भुगतान लम्बित है और भुगतान न होने से अब ब्लाक क्षेत्र के प्रधानों का हौंसला टूट गया है और इसी वजह से नाराज प्रधानों ने ब्लाक अध्यक्ष तथा सिकरी रहमानपुर के ग्राम प्रधान रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में ब्लाक क्षेत्र के प्रधानों ने ब्लाक परिसर में प्रदर्शन किया और ब्लाक कार्यालय में ताला डालकर भुगतान की मांग की है। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि पक्के कार्यो के साथ मनरेगा के कच्चे कार्यो का भी भुगतना नही हो रहा है जिससे मजदूर ग्राम प्रधानों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस मद का भुगतान न हुआ तो वह आन्दोलन को बाध्य होंगे तो ग्राम प्रधानो के आक्रोश को देख ब्लाक कर्मचारी सकते में आ गए थे। वही खण्ड विकास अधिकारी संदीप मिश्र के अनुसार मनरेगा का भुगतान काफी दिनों से नहीं हुआ है जिससे परेशानी तो हो रही है लेकिन बजट केन्द्र सरकार जारी करती है और 15 मार्च को भुगतान के लिए धन आया था पर वह नाकाफी था। उन्होंने ग्राम प्रधानों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है।

## खबरें एक नजर में

### आचार संहिता लगते ही प्रशासन ने हटवाए बैनर



**चोपन।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू होते ही आदर्श नगर पंचायत के कर्मचारियों ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से नगर सहित आस पास के क्षेत्रों में राजनैतिक दलों द्वारा लगाये गये बैनर व पोस्टरों को हटा दिया। नगर पंचायत के अफसरों ने कहा कि बिना इजाजत के राजनीतिक बैनर, पोस्टर लगाने पर कार्यवाही होगी। चुनाव आयोग के द्वारा आचार संहिता लागू होते ही नगर पंचायत के लिपिक अंकित पांडेय, थाने के उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव ने आदर्श नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, प्रीतनगर,ब्लाक, हॉस्पिटल रोड सहित अन्य स्थानों पर लगाये गये राजनैतिक दलों के बैनरों और पोस्टरों को हटवा दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

### गरीब, किसान, महिला,व युवा केंद्रित होगा विकसित भारत : भाजपा लोकसभा प्रभारी

**दुद्धी,सोनभद्र।** स्थानीय नगर पंचायत के बहुउद्देशी हाल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित कोहोर्ट मिलन समारोह में मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह भाजपा लोकसभा प्रभारी सोनभद्र नें कहा कि विकसित भारत की संकल्पना का मुख्य आधार गरीब, युवा, महिला एवं किसान केंद्रित होगा साथ ही महात्मा गांधी के सपनों का गांव व आधुनिक भारत होगा जिसके शिल्पिकर विश्व के कद्दावर नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे 2047 का विकसित भारत शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, खाद्यान्न एवं प्रत्येक क्षेत्र में भ्रष्टाचार मुक्त एवं जवाब देह युक्त होगा। केंद्रीय व प्रदेश सरकार ने मिलकर हर घर पक्का छत, उज्जवला गैस, इज्जत घर, मुद्रा लोन, विश्वकर्मा योजना आदि के माध्यम से देश की तस्वीर बदली हैं सभी को विकसित राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील किया।

### सीडीओ ने सुनी फरियादियों की समस्यायें

**जालौन (उरई)।** तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की मात्र 13 शिकायतें ही पंजीकृत हुई।

लोकसभा चुनाव से पूर्व अखिरी संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय की अध्यक्षता और एसडीएम अतुल कुमार की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें नगर व ग्रामीण क्षेत्र से लोगों ने अपनी शिकायतों को दर्ज कराई। लोकसभा चुनाव से पूर्व आखिरी संपूर्ण समाधान दिवस में कम ही लोग शिकायत करने के लिए पहुंचे। जिसमें राजस्व विभाग, नगर पालिका व पुलिस विभाग की तीन-तीन, डूडा विभाग की दो, जल निगम व कृषि विभाग की एक एक शिकायत पंजीकृत हुई। समाधान दिवस में आई सभी 13 शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को सौंपकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश सीडीओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए। इस मौके पर तहसीलदार श्रीश मिश्रा, बीईओ प्रीति राजपूत, एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, जेई बिजली नवीन कुमार, डॉ. राजीव दुबे आदि मौजूद रहे।

## सम्मान समारोह में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने जीत की भरी हुंकार

**कालपी(जालौन)।** पूर्व सभासद एवं राठौर महासभा के जिलाध्यक्ष रहे अरविंद राठौर को भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने पर स्थानीय नेताओं तथा समर्थकों ने खुशी जताई है। स्थानीय पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव अशोक बाजपेई, नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, दीपांशु, सुबोध द्विवेदी, दिग्विजय सिंह चौहान, हर्षित खन्ना, अतुल चौहान आदि लोगों ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अरविंद राठौर ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो पद सौंपा है मैं पूरी लगन, मेहनत तथा ईमानदारी से पिछड़ों को पार्टी में जोड़कर आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को जिताने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दूंगा।

## लोकसभा चुनाव में इतिहास बनना तय: शिवेंद्र

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा आज देश में प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रुप में स्वयं को स्थापित कर चुकी है तथा देश के सुशासन,विकास,एकता और अखंडता के लिए कृत संकल्पित है। इसीलिए इस बार लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की जीत का इतिहास बनना तय है जिसके साथ ही अबकी बार चार सौ पार का नारा साकार होगा। शनिवार को यह बातें ब्लॉक प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कही।वे नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ विकास खण्ड पूराबाजार के ब्लाक मुख्यालय में ताबड़तोड कई जनकल्याणकारी कार्यो के लोकार्पण अवसर पर मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि एक आर्दश ब्लाक बनाने की मुहिम में क्षेत्रीय 54 ग्राम पंचायतों के करीब सैकड़े की तादाद में प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक तथा कम्पोजिट विद्यालयों में 117 लाख रुपयों की लागत से वाटर कूलर की स्थापना कराई जा रही है।इसके अलावा ब्लाक के 42 ग्राम पंचायतों में चौराहों को हाई मास्ट लाइट लगाकर दूधिया रोशनी से नहलाने की व्यवस्था की जा रही है।इसी के साथ ब्लाक क्षेत्र में करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से 32 नये आर.सी.सी/इण्टरलॉकिंग मार्गो के कार्य का लोकार्पण कराया।कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता शारदा यादव ने तथा अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिंह ने की। लोकार्पण कार्यक्रम में निवर्तमान भाजपा मण्डलाध्यक्ष नंदकुमार सिंह अनिल, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मेजर प्रदीप सिंह, गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह,लाल साहब सिंह, ग्राम पंचायत सचिव नीरज सिंह तथा आलोक सिंह के साथ कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।



## फर्जी बैनामा कांड में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुलिस के राडार पर आये व्यक्ति के खाते में आये थे दस लाख रुपए**

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

फर्जी बैनामा काण्ड अभी शांत नहीं हुआ है। शनिवार को पुलिस ने इस मामले में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उसके खाते में भी इस मद के 10 लाख रुपये आये थे। विदित हो कि गत वर्ष 2023 में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक में फर्जीवाड़ा कर महिला किसान की जमीन को फर्जी तरीके से बेंच दिया गया था मामला संज्ञान में आया तो खरीददार ने आधा दर्जन नामजद तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज करा दिया था। मामला दर्ज होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने जांच शुरू की तो इस मामले में कयी और लोगों की सलिप्तता सामने आई थी और पुलिस ने मुख्य आरोपी संदीप ठाकुर सहित 17 लोगों को अब तक जेल भेज चुकी है। इस दौरान पुलिस लगभग 25 लाख रूपये की नगदी भी बरामद कर चुकी। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के साथ लोगों को लगने लगा था कि अब यह मामला शांत पड़ जाएगा लेकिन ऐसा सोचना गलत साबित हुआ और पुलिस ने शनिवार को काँशीराम कालोनी निवासी विपिन पुत्र विश्राम सिंह को गिरफ्तार किया है।

## होली-ईद त्यौहार सकुशल निपटाने के लिए पीस कमेटी की हुई बैठक

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

होली, ईदुल फित्र व लोकसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देने के उद्देश्य से अर्ध सैनिक बल के जवानों ने क्षेत्र में रूट मार्च किया। नगर के अतिव्यस्त स्थानों चौराहों व संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा बस स्टैंड पचपेड़वा तिराहा बड़ी मस्जिद गोंडा मोड़ पर रूट मार्च कराया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि पर्वों की खुशियों में खलल पैदा करने की मंशा रखने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का संदेश देने के साथ आमजन को

आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासन ने राजनीतिक दलों के प्रचार व बधाई संदेशों वाले बैनर पोस्टर व होर्डिंग हटाने शुरू कर दिया। शनिवार को दोपहर बाद पुलिस व नगरपालिका के कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थानों व चौराहों पर लगे होर्डिंग को उतारने की कार्रवाई शुरू कर दी थी।

सुरक्षा की बहाली का विश्वास दिलाने के लिए पुलिस बल पूरी तरह सक्रिय है। चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी। सोशल मीडिया पर भावनाओं को भड़काने सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने वाले पोस्ट को न तो लाइक करें न ही उन्हें किसी ग्रुप या व्यक्ति को फारवर्ड करें।

## पुलिस व केंद्रीय पुलिस बल ने किया फ्लैग मार्च

**कोई भी अराजक तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो करें सूचित: प्रभारी निरीक्षक**

**चोपन/ सोनभद्र समृद्धि न्यूज।**

आगामी लोकसभा सामान्य चुनाव 2024 को शान्तिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना के दृष्टिगत शनिवार को थाना चोपन पुलिस बल एवं केन्द्रीय पुलिस बल द्वारा थाना चोपन क्षेत्र के राजनैतिक, धार्मिक एवं सांप्रदायिक दृष्टिकोण से संवेदनशील क्षेत्रों में क्रमशः सलखन, कस्बा चोपन, सिंदुरिया रोड आदि इलाकों में एरिया डॉमिनेशन/रूट मार्च/फ्लैग मार्च की कार्यवाही की गई। तथा क्षेत्रवासियों में भरोसा दिलाया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन हर तरह से तैयार है साथ ही साथ लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।



इस दौरान पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे शान्ति, सहयोग व सौहार्द्र बनाये रखने की अपील की गयी। वहीं प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे कहीं भी किसी को कोई दिक्कत परेशानी हो अथवा कोई भी अराजक तत्व अशांति फैलाने की कोशिश करता है तो तत्काल इसकी सुचना सीयूजी नंबर 9454404275 पर दें पुलिस आपकी सेवा में लगातार तत्पर है।

## हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीराम कथा का समापन

**चोपन/सोनभद्र।** प्रितनगर में चल रही सप्तदिवसीय श्रीराम कथा शुक्रवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के बाद हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। कथा व्यास पं दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीराम कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। आगे कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं।

## आचार संहिता लगते ही प्रशासन ने उतरवाया बैनर पोस्टर

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान व आदर्श आचार संहिता की घोषणा होते ही प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से आचार संहिता के अनुपालन के लिए कड़ाई शुरू कर दी गई है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए गए होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर आदि अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर उतरवा दिया। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता का अनुपालन शुरू कर दिया गया है। जगह-जगह लगे बैनर व पोस्टर हटने शुरू हो गए हैं। शनिवार को एसडीएम अवधेश कुमार, तहसीलदार, पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार सिंह यादव, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे, अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा द्वारा कर्मीयों को लगाकर उतरौला नगर क्षेत्र में बैनर व पोस्टर हटाए गए। नगर के मुख्य बाजार, श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा, अंबेडकर चौराहा, हाटन रोड, बस स्टॉप, बरदही बाजार, गोंडा मोड़ तिराहा, चुंगी नाका, महुआ बाजार, हुसैनाबाद, गैड़ास बुजुर्ग, श्रीदत्त गंज बाजार, महादेइया ,चमरूपुर, रेहरा बाजार, सादुल्लाह नगर, गुमड़ी घाट, पेहर बाजार, धुसवा बाजार, इटईरामपुर आदि जगहों पर बड़े-बड़े राजनेताओं के साथ ही स्थानीय नेताओं के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स आदि हटा दिये गये। लोगों को जब जानकारी हुई तो कुछ लोग ने स्वयं पहुंचकर अपनी होर्डिंग वहां से उतरवा लिए। जिन लोगों ने होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि नहीं हटाया, प्रशासनिक अधिकारीयों और पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पालिका कर्मियों ने हटवा दिया। आचार संहिता के अनुपालन में संभावित दावेदारों के लगे बैनर, पोस्टर और झंडे पुलिस बल ने हटवा दिया।



## समय के साथ हम सभी को चलना पड़ेगा: प्राचार्य

**अयोध्या।** कामता प्रसाद सुन्दर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे 15 मार्च से 24 मार्च तक राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के संयुक्त विशेष शिविर के सातवें दिन का शुभारंभ व्यायाम और योग के साथ हुआ। शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। इस दौरान अधिकांश छात्रों ने सफलता पूर्वक रजिस्ट्रेशन किया।जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं पूरा किया उन्हें आज ही पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट शेयर करने के लिए निर्देशित किया गया।दोपहर बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया।

## महाविद्यालय का वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को महाविद्यालय के कला संकाय के समस्त विभागों के परिषदीय पुरस्कारों का वितरण और वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओमप्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। माल्यार्पण के पश्चात गरिमा सिंह बीए 6 सेमेस्टर द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया, शनि विश्वकर्मा बीए द्वितीय सेमेस्टर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा नम्रता द्विवेदी ने गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले बच्चों को समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी एवं महाविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर एके झा सर द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके बाद संस्कृत विभाग की विभाग प्रभारी प्रोफेसर मंजूलता मैम ने प्राचार्य का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। महाविद्यालय के कला संकाय के समस्त विभागों यथा सैन्य विज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी ,भूगोल, हिंदी, इतिहास, गृह विज्ञान, दर्शनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत और समाजशास्त्र विभाग की वर्ष भर की विभिन्न प्रतियोगिताओं के समस्त विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र तथा विभिन्न परिषदों के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण के पश्चात प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। गृह विज्ञान विभाग की विभाग प्रभारी प्रोफेसर नीतू सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और मंच संचालन समाजशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी प्रोफेसर एके झा द्वारा किया गया। राष्ट्रगान से वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में कला संकाय के समस्त विभागों के विभाग प्रभारी, महाविद्यालय के कला संकाय के समस्त शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**INFORMATION**

Mai kanta village Rajepur post Rajepur District farrukhabad (up) Mera name kanta ki jagah badal kar Mamta D/O nawab Singh aur meri Date of birth 01/01/1959 hai bhavishya me Mamta Devi se jana jay

**INFORMATION**

I hereby declare that my name is Mamta Devi D/O Nawab Singh in stead of Kanta I am resident Rajepur post Rajepur District Farrukhabad(U P) my date of birth 01/01/1959For all future references my name Mamta Devi should be considerd

# 36 घंटे के बाद दोबारा स्थापित हुई रानी अवंतीबाई की प्रतिमा

- प्रदेश सरकार के सचिव ने प्रतिमा स्थापित कराने की दी अनुमति
- भाजपा नेताओं ने प्रतिमा स्थापित कराकर मनाया जश्न

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

कस्बे के इंदरगढ़ तिराहे पर शनिवार को प्रदेश शासन से अनुमति मिलने के बाद भाजपा नेताओं ने 36 घण्टे के बाद दोबारा रानी अवंतीबाई की प्रतिमा की स्थापना करा दी गई। रानी अवंतीबाई की प्रतिमा स्थापित होते ही भाजपाईयों व समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान समाज के दर्जनों लोगों ने रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर मार्ल्यापण किया। तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने गुरूवार को समाज के दर्जनों लोगों व भाजपा नेताओं के साथ इंदरगढ़ तिराहे पर रानी अवंतीबाई की प्रतिमा की स्थापना कराई थी। बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापित होने को लेकर प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाते हुए देर रात प्रतिमा को मौके से हटवा दिया था। जिसपर समाज के लोगों व भाजपाईयों ने विरोध किया था। इस दौरान मौजूद सांसद व विधायक ने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया था कि सरकार से अनुमति मिलने के बाद जल्द प्रतिमा की स्थापना कराई जाएगी। शनिवार को प्रदेश सरकार के सचिव डॉ.संजीव गुप्ता ने प्रतिमा की स्थापना का आदेश दे दिया। मूर्ति स्थापना की अनुमति मिलते ही भाजपा नेताओं ने शनिवार की दोपहर दोबारा रानी अवंतीबाई की प्रतिमा की स्थापना करा दी। प्रतिमा स्थापित होते ही समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। कई लोगों ने मौके पर पहुंचकर रानी अवंतीबाइ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खुशी जताई


रानी अवंतीबाई की प्रतिमा को दोबारा स्थापित करते भाजपा नेता


प्रतिमा की दोबारा स्थापना के दौरान इंदरगढ़ तिराहे पर तैनात भारी पुलिस बल

# भुगतान न होने पर प्रधानों ने ब्लॉक सभागार में दिया धरना

- प्रधानों ने लेखाकार पर लगाए ठेकेदार के साथ साठगांठ के आरोप

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड जलालाबाद में मनरेगा योजना के तहत 60- 40 के रेशिओ से कराए गए पक्के काम का भुगतान न होने से भाजपा समर्थित प्रधान धरने पर बैठ गए। प्रधानों ने बताया खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव के निर्देशानुसार उन्होंने सरकारी खाद्यान्न भंडारण की दुकान, सरकारी स्कूलों में टाइलीकरण एवं बाउंड्री वॉल सहित आदि काम करवाए थे। लंबे समय के इंतजार के बाद शुक्रवार को मनरेगा के पक्के काम का भुगतान आया। तो भाजपा समर्थित प्रधानों का भुगतान न हो सका। इसके बाद शनिवार सुबह ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर ग्राम प्रधानों ने जमकर हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गए वहीं भुगतान न हो पाने के संबंध में कंप्यूटर ऑपरेटर अवनीश ने बताया उसने सभी पेमेंट खंड विकास अधिकारी के निर्देशानुसार किए हैं। उन्होंने जिस क्रम से लिखकर दिए थे। उसी हिसाब से पेमेंट की है। जब तक इन प्रधानों का नंबर आता तब तक पैसा खत्म हो चुका था। प्रधानों ने लिखित रूप से वीडीओ को प्रार्थना पत्र देकर लेखाकार अनुज पाठक पर ठेकेदार के साथ सांठगांठ कर पेमेंट करने का आरोप लगाया। और जांच कर कार्यवाही करने की बात कही। प्रधान प्रतिनिधि अजीत पांडेय ने बताया कि लेखाकार अनुज यहाँ काफी समय से कार्यरत है। ठेकेदार के साथ सांठगांठ कर भुगतान करते है। बताया कि उनके खिलाफ लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर जांच कर कार्यवाही की मांग की।वही खंड विकास अधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका। फिलहाल खबर लिखे जाने तक ग्राम प्रधान धरने पर डटे रहे। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अजीत पांडे, ग्राम प्रधान दिलीप पाल, मोहसिन खान, राजकुमार कुशवाह, सोनू सिंह, करुणा सागर सहित आदि रहे।



# आदर्श चुनाव आचार संहिता जारी होते ही प्रशासन अलर्ट मोड पर

- नगर से उतरवाई गई विभिन्न दलों की होर्डिंगें व प्रचार सामग्री

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**मुख्य चुनाव** आयुक्त द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता की अधिसूचना जारी होते ही सक्रिय हुये जिला प्रशासन, पालिका अधिशाषी अधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ने पालिका कर्मियों एवं पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर लगी विभिन्न राजनैतिक दलों की प्रचार सामग्री को उतार कर अपने कब्जे में लेकर पालिका परिसर में पहुंचाया।

शनिवार को मुख्य चुनाव आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता की अधिसूचना जारी होने के उपरांत सक्रिय हुए छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकान्त तिवारी, अधिशाषी अधिकारी अनिल पंडित, प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने पालिका कर्मियों एवं पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड, फ्तेहगढ़ रोड, रेलवे रोड, तिर्वा रोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर लगी विभिन्न राजनीतिक दलों की होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री को युद्ध स्तर पर हटाते हुए अपने कब्जे में ले लिया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अनिल पंडित ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही जिला प्रशासन की अनुमति के बगैर सार्वजनिक स्थानों पर राजनैतिक दल या उनके समर्थकों की प्रचार सामग्री नहीं लग सकती है। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, राजेश वर्मा, अशोक शर्मा, मनोज तिवारी सहित कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह व कांस्टेवल अमन सिंह, विनय कुमार, कौशल कुमार, गजेन्द्र सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


फतेहगढ़ रोड पर प्रचार सामग्री उतारते पालिका कर्मी समृद्धि न्यूज

# तिर्वा-कन्नौज मार्ग पर टैम्पो चालकों में हुआ विवाद, चले लाठी-डंडे

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली क्षेत्र** के टिड़ियापुर गांव के सामने तिर्वा कन्नौज मार्ग पर अचानक मारपीट होने लगी। दोनो ओर से जमकर लाठी डंडे चल गए। जिससे कई टैम्पो चालक घायल हो गए। मारपीट होता देख राहगीरों की भीड़ लग गई। कई लोगों ने बीच बचाव का प्रयास किया, लेकिन टैम्पो चालक नहीं माने। कुछ राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन फोन रिसीव न हो पाने के कारण पुलिस को सूचना नहीं मिल सकी। सरेआम कानून व्यवस्था को तार तार होता देख लोग दंग रहे गए।

शनिवार की दोपहर 12 बजे के करीब तिर्वा कन्नौज मार्ग पर टिड़ियापुर गांव के सामने यात्री बैठाने को लेकर टैम्पो चालकों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह कहासुनी गाली गलौज व मारपीट में बदल गई। दोनो ओर से जमकर लाठी डंडे चलने गए। मारपीट को होता देख टैम्पो में बैठे यात्री उठकर भागने लगे। सड़क पर मारपीट होती देख राहगीरों की भीड़ लग गई।

कुछ राहगीरों ने विवाद शांत कराने का प्रयास किया, तो चालकों ने उनके साथ भी अभद्रता की। मारपीट को लेकर कुछ राहगीरों ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को सूचना देने के लिए फोन किया, लेकिन कोतवाली में किसी ने फोन नहीं रिसीव किया। करीब एक घण्टे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामा से कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ गई। मामले में कोतवाली प्रभारी जयंती प्रसाद ने बताया कि उनको ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है। सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खबरें चलते-चलते

## अधिवक्ता साथी के खिलाफ फर्जी अभियोग वापस लिए जाने की जिलाधिकारी से लिखित रूप से मांग की

**छिबरामऊ कन्नौज।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर छिबरामऊ कोतवाली में अधिवक्ता के खिलाफ लिखा हुआ फर्जी मुकदमा वापस लेने की मांग की गई। संपूर्ण तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिला अधिकारी को लिखित विज्ञापन अनुराग शुक्ला एडवोकेट ने अपने साथी अधिवक्ताइस दौरान पूर्व महासचिव सुशील पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, पंकज मिश्रा,सजीव दुबे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अकित कुशवाह, शिवदत्त तिवारी,अभिषेक दुबे सहित कई अधिवक्तागण के साथ जिलाधिकारी को लिखित यात्रा पर में कहा है कि छिबरामऊ कोतवाली में हमारे अधिवक्ता साथी अनुराग शुक्ला एडवोकेट के खिलाफ 128 /24 जो कोतवाली पुलिस द्वारा लिखा गया है वह असत्य है बादी का भाई पुलिस में तैनात होने के कारण छिबरामऊ कोतवाली पुलिस द्वारा फर्जी अभियोग दर्ज किया गया अधिवक्ता साथी को न्याय दिलाने की मांग की गई।

## सात लोगों पर दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों द्वारा विवाहिता के साथ अभद्रता व मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम कबिरापुर निवासी मोहिनी पत्नी संदीप द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बीते वर्ष उसकी शादी ग्राम कबिरापुर निवासी संदीप पुत्र राम सिंह यादव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जनों पति संदीप, उसकी सास, देवर कुलदीप, ननंद सोनी, रामकिशोर एवं उसकी पत्नी व शोभित ने अतिरिक्त दहेज की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उक्तगणों ने शुक्रवार को उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## युवाओं के संघर्ष की हुई जीत

**तिर्वा।** रानी अवंतीबाई की प्रतिमा दोबारा स्थापित किए जाने पर समाजसेवी व बसपा नेता प्रभात कुमार वर्मा उर्फ लालू वर्मा ने खुशी जताते हुए कहा कि रानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर लोधी समाज पिछले काफी समय से मांग कर रहा था। लोधी समाज के युवाओं ने भी प्रतिमा लगाए जाने के लिए संघर्ष किया। प्रतिमा लग जाने से युवाओं की जीत हुई है।

## भारी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल

**तिर्वा।** रानी अवंतीबाई की प्रतिमा दोबारा स्थापित करने के लिए एक तरफ जहां भाजपाई अनुमति लेने के लिए चक्कर काट रहे थे। वहीं दूसरी तरफ किसी भी प्रकार की अराजकता न फैले, इसके लिए प्रशासन ने तैयारी कर रखी थी। इंदरगढ़ तिराहे के निकट भारी संख्या में पुलिस व पीएएसी बल तैनात कर दिया। दोपहर में अनुमति मिलने के बाद भाजपा नेताओं ने मूर्ति की स्थापना कर दी।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सेक्टर मजिस्ट्रेट ने पोलिंग बूथों पर पहुंचकर निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी बीता शुक्रवार को समधन क्षेत्र के ग्राम झूसीनागर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर पुलिंग बूथ का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जो भी खामियां मिलीं उनका मौके पर ही निवारण किया गया प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में आने जाने के लिए 150 मीटर का रास्ते का निर्माण कार्य कई दिनों से बन्द था लोकसभा चुनाव नजदीक पोलिंग बूथ पर आने जाने में परेशानी ना हो इसको देखते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट देशराज सिंह के आदेश पर समय से निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए ठेकेदारों को निर्देश दिए गए हैं। विद्यालय के हेड मास्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि हमारे विघालय में आने जाने के लिए कई वर्षो से सड़क नहीं बनी थी विघालय के बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी होती थी।

# भाजपा में शामिल हुए दिनेश यादव का पूर्व राज्य मंत्री के घर पर किया गया भव्य स्वागत

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**दो बार** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष वह दो बार के जिला पंचायत सदस्य रहे पूर्व सपा नेता दिनेश यादव एडवोकेट भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे के आवास पर किया गया भव्य स्वागत। कल भाजपा में शामिल हुए समाजवादी पार्टी के मजबूत स्तंभ दो बार नगर पालिका परिषद तालग्राम से रहे अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिनेश यादव एडवोकेट पूर्व राज्य मंत्री विधायक का श्रीमती अर्चना पांडे के आवास पर पहुंचे जहां उनके कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर स्वागत किया पूर्व चेयरमैन जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमको इस लायक भी कभी नहीं समझा कि हमको सपा की टिकट दी होती निर्दलीय रूप से दो बार नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष के पद पर चुने गए जिला पंचायत सदस्य के पद पर दो बार चुने गए वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि है समाजवादी पार्टी के बड़े नेता यह गणित लगाने में मशहूर है कि हमारे जाने से पार्टी को कितनी हानि उठानी पड़ेगी हमारा मानना है कि बूथ पर मतगणना के समय सब पता चल जाएगा कि किसका कितना किसका भारी होगा।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में निपुण बच्चों को किया सम्मानित

- बीईओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी दिया प्रमाणपत्र व मोमेन्टो

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**राष्ट्रीय शिक्षा** नीति 2020 के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु एवं निपुण भारत मिशन अभियान को गति प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर पर हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बीईओ रमेश चंद चौधरी ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षित करना कई पीढ़ियों के बदलाव की नींव बन सकता है। इसलिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा अवश्य प्रदान करने में सहयोग करें। विकासखंड के समस्त 12 संकुल से 60 निपुण विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें से दो विद्यार्थी आंगनबाड़ी से और कक्षा 1, 2, 3 से एक-एक विद्यार्थी जिन्होंने निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संबंधित कक्षा की दक्षता को हासिल कर लिया है। उनको निपुण बालक और बालिका के रूप में प्रमाण पत्र और ज्यामिति बॉक्स देकर सम्मानित किया गया साथ ही उनके अभिभावकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पुष्पेन्द्र सिंह, कम्पोजिट तिलक सराय, यश कुमार, प्राथमिक विद्यालय रौतामई, राज यादव, आंगनबाड़ी केंद्र भूड़ा, स्वाती, बगुलिहाई सहित 60 बच्चों को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सविता द्वारा प्री प्राइमरी शिक्षा के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई एवं भाव गीत के माध्यम से बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्री प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत कोलोकेटेड आंगनबाड़ियों केन्द्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर बीईओ द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा शैक्षिक नवाचार की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन आशुतोष दुबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नवीन मिश्रा, आदित्य यादव, राहुल दुबे, पियूष गुप्ता, विक्रम शाक्य, संदीप यादव, अंजली सिंह, शैलजा, शिवानी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


सम्मानित किये गये निपुण बच्चों के साथ बीईओ व अन्य

# अध्यक्ष पद पर होगा त्रिकोणीय संघर्ष

- बार एसोसिएशन चुनाव में प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं से मांगे वोट

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**बार एसोसिएशन** चुनाव के लिए विभिन्न पदो सहित अब चुनाव होना है। वही अध्यक्ष पद शिवनाथ सिह यादव, अरविंद सिह राठौर व जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के बीच त्रिकोणीय लड़ाई होना तय हो चूका है। बार एसोसिएशन छिबरामऊ के चुनाव मे किस्मत आजमा रहे प्रत्याशियो ने चुनाव प्रचार अभियान तेज करते हुए पूरे दिन कचहरी परिसर मे पूरे दिन भर चुनाव की चहलपहल देखने को मिली।कचहरी परिसर मे चारो तरफ धुम-धुम कर तीनो प्रत्याशी अपने पक्ष मे वोट हासिल करना चह रहे है प्रत्याशी अधिवक्ताओ के चैम्बरो मे व घरो मे जाकर जनसंपर्क करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है ।कानून के दाव पेच मे उलझे रहने वाले वकीलो के चैम्बरो पर चुनावी चर्चाए हावी होती नजर आई। अब इस त्रिकोणीय संघर्ष मे किसके सिर सजेगा ताज और किसकी होगी हार। इसको लेकर प्रयास तेजी से लगाए जा रहे है।इस बीच प्रत्याशियो की ओर से अधिवक्ताओ की खातिरदारी भी खूब हो रही है।इस दौरान धर्मवीर सिह, सजीव दुबे,राजेश शाक्य, रत्नेश यादव, हरगोविंद राजपूत शिवदत्त तिवारी,रावेन्द्र शाक्य,आलोक दीक्षित, अशुतोष चौहान, जयवीर सिह, सलीम खान,अशीष कश्यप सहित कई अधिवक्तागण मौजूद रहे।



# चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी: जिला निर्वाचन अधिकारी

- निर्वाचन में माहौल बिगाड़ने वाले अराजकतत्वों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन कार्यो में लगाए गए अधिकारियों के साथ बैठक हुयी।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना हम सभी की पूर्ण जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिन्हे जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है वह पूरी निष्ठा और लगन के साथ अपने कार्यो का निर्वाहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा होने के उपरांत जनपद के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा लगाए गए प्रचार संबंधी होर्डिंग, पोस्टर, बैनर, वॉल पेंटिंग इत्यादि को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी। सरकारी सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री नही लगेगी। कहा कि रेलवे को पत्र जारी किया जाये कि जहां पर प्रचार सामग्री लगी है उसे हटवा दें। बिजली खम्बो आदि पर अभियान चलाकर पोस्टर बैनर, वाल पेटिंग आदि को हटाने की कार्यवाही जाये। कहा कि जो कार्य पहले से चल रहे है वही कर सकते हैं किन्तु कोई नये कार्य नही किये जायेंगे। प्रथम आवक, प्रथम पावक के आधार पर राजनैतिक दलों को कार्यक्रम करने हेतु अनुमति प्रदान होगी। सिंगल विण्डो सिस्टम के तहत कार्य किया जायेगा। मकान स्वामी की अनुमति पर ही पार्टी का झण्डा एक मकान पर सिर्फ तीन लगा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु चैंलेज के रुप में कार्य करें। पोलिंग स्टेशन पर कुर्सी, छाया, पेयजल, प्रकाश आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मतदान केन्द्रो पर अच्छे माहौल के साथ मतदान कराया जाये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन कर लें जिससे निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे आदर्श आचार संहिता प्रभावित हो। उन्होंने निर्देशित किया कि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा माहौल बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त विकास खण्ड अधिकारी मौजूद रहे।



## मतदाता को डराने धमकाने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई: जिला निर्वाचन अधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरश- पालन करने संबंधी जानकारी से अवगत कराया। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता के तहत एक काफिले मे 10 बाइकों, (सुरक्षा को मिलाकर) से अधिक की अनुमति नहीं होगी। बाइक पर एक झण्डे की अनुमति होगी जिसका साइज 1/2 फ़ीट होगा। झण्डे के साथ लगे डण्डे की लम्बाई 3 फीट होगी। रोड शो के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्वानुमति ली जाएगी। रोड शो में शामिल होने वाले व्यक्तियों/ वाहनो की संख्या पूर्व से सूचित की जाएगी। आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोड शो सड़क की आधी से अधिक चौड़ाई को कवर नहीं करेगा। रोड-शो में प्रयोग किए जाने वाले वाहनों की संख्या के काफिले को प्रत्येक 10 वाहनों के बाद ब्रेक किया जाएगा तथा 100 मीटर का अंतराल पर रखा जाएगा। रोड-शो में प्रयोग किए जाने का साइज 6×4 फ़ीट होगा। रोड शो में अनुमति प्राप्त वाहनों पर 1 × 1/2 फिट का एक झण्डा लगाने की अनुमति होगी। श्री शुक्ल ने कहा कि जुलूसों चुनावी/सभाओ मे लाउडस्पीकर का प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक प्रतिबन्धित रहेगा।









# आचार संहिता लागू, होर्डिंग व बैनर उतरने शुरु



कलेक्ट्रेट के बाहर लगे होर्डिंग को उतारते नगर पालिका के कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आदर्श आचार** संहिता के लागू होते ही नगर पालिका की टीम सक्रिय हो गयी है। टीम ने फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर लगे होर्डिंग व बैनर उतारे।

जानकारी के अनुसार आदर्श आचार संहिता लगते ही जिलाधिकारी डॉ0 वी0के सिंह के निर्देश पर नगर पालिका कर्मचारियों ने होर्डिंग व बैनर उतारने शुरु कर दिये। इसी क्रम में शनिवार को नगर पालिका की टीम ने सबसे पहले फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट के सामने सड़क पर लगे होर्डिंग, बैनर उतारे। शहर क्षेत्र में राजनीतिक दलों के लगे होर्डिंग, बैनर को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए उन्हें उतारना शुरु कर दिया गया है। होर्डिंग बैनर उतारने में कर्मचारी लैंप लाइट सही करने वाली क्रेन, ट्रैक्टर आदि का सहारा ले रहे है। वहीं कर्मचारियों का कहना है कि कल फर्रुखाबाद नगर में होर्डिंग व पोस्टर, बैनर आदि उतारने का काम किया जायेगा। कर्मचारियों का कहना था कि प्रशासन के निर्देश पर आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह से पालन कराया जायेगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। होर्डिंग बैनर उतारने का काम अभी दो तीन दिन इसी तरह से जारी रहेगा।

## आचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रशासन ने हटवाए विभिन्न राजनैतिक दलों के बैनर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** आगामी दिनों में संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई हैं। चुनाव की तिथियां भी घोषित हो गई हैं। अब आचार संहिता भी लागू हो गई। उधर आचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। जगह-जगह विभिन्न राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रचार प्रसार हेतु लगाए गए बैनर, पोस्टर भी हटवाने शुरू कर दिए गए। शनिवार को आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस प्रसाद द्वारा चुनाव आयोग के आदेशो को संज्ञान में लिया गया। विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगवाए गए बैनर, पोस्टर जिन्हें हटवाए जाने का काम शनिवार की अपरान्ह शुरू हुआ। जो देर शाम तक चलता रहा। आगामी लोकसभा का चुनाव अप्रैल महीने से आरंभ होगा और 01 जून के प्रथम सप्ताह में संपन्न होगा। फिलहाल लोकसभा चुनाव की तैयारियो के मद्देनजर जगह-जगह विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा शहर से लेकर कस्बा और कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैनर पोस्टर लगाए गए थे। शनिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा हटवाए जाने का काम शुरू कर दिया गया जो शाम तक चलता रहा।



बैनर हटाती पुलिस समृद्धि न्यूज

# तालाब में डूबने से बच्चे की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**तालाब में** डूबने से दो वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में उसे डाक्टर के पास लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव रामपुर में सुबह लगभग 11 बजे ग्राम पंचायत रामपुर में अनुज कुमार टेलर का दो वर्षीय पुत्र अनीस के घर के बाहर बच्चो के साथ खेलते समय घर के पास ही बने तालाब (खरौआ) में चले जाने से डूबकर मौत हो गई। बच्चों ने अनीस के डूबने की सूचना उसके परिजनों को दी। ग्रामीणों ने आनन-फानन में पानी में घुसकर उसको बाहर निकाला और डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। जिससे मृतक की मां नीतू व व पिता सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव के लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे खुदागंज चौकी प्रभारी दीपक भाटी ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। सबसे बड़ा भाई नेमीस और बहन नैंनशी है। प्रधान ने बताया कि मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्राप्त कराई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी तालाब (खरौआ) में डूबने से एक बच्चे की मौत हो चुकी है, लेकिन प्रशासन ऐसा कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जिससे ऐसी घटनाएं होने से बचा जा सके।



रोते बिलखते मृतक के परिजन



मृतक बालक का फाइल फोटो

# खबरें चलते-चलते

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से झोपड़ी जलकर राख

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से झोपड़ी जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने मिट्टी पानी आदि डालकर आग पर काबू पाया। पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी की शादी एक महीने बाद होनी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी ताज खां की झोपड़ी में शनिवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने पानी मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी के सामान सहित अनाज, लड़की की शादी के लिए रखे 45 हजार रूपये, जेवर जलकर खाक हो गए। ताज खां ने बताया की ईद के बाद पास के गांव बहबलपुर निवासी युवक के यहां से बारात आनी थी। गोद भराई हो चुकी है। घटना के समय ताज खां गांव मे मजदूरी करने गये थे। पत्नी बसीमा बच्चों के साथ उपले पाथने खेत पर गई हुई थी। पीड़ित के अनुसार आग से दो लाख का नुकसान हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में बच्चा सहित दो बाइक सवार घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कानपुर फतेहगढ़ मार्ग पर खुदागंज कली नदी के निकट अज्ञात वहन की टक्कर से बाइक सवार बच्चा सहित गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने 108 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया। जहां से डाक्टर विकास पटेल ने दोनों की हालत नाजुक देखकर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला कन्नौज के कस्बा समधन के मोहल्ला निवासी सादाब 32 अपने पुत्र सुभान 3 वर्ष तथा साले अल्तमश निवासी मोहल्ला गाधी नगर समधन के साथ ब्लाक कमालगंज के गांव राजेपुर सरायमेंदा में अपने फूफा मुख्तयार के घर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही काली नदी पुल पार करके आगे आये, वैसे की अज्ञात मोटर वाहन से टक्कर हो गई। जिससे तीनों मोटरसाइकिल सवार खन्ती में जा गिरे। दुर्घटना में सादाब तथा पुत्र सुभान के सर में गम्भीर चोटें आई हैं तथा साला अल्तमश के कोई चोट नही आई है। राहगीरों ने डायल 108 की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया। जहां डाक्टर विकास पटेल ने इलाज़ के बाद सादाब तथा सुभान को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। दुर्घटना में मोटरसाइकिल साईकिल क्षतिग्रस्त हो गई तथा दुर्घटना करने वाला वाहन मौके से फरार हो गया।

## नीलकंठ क्लीनिक पर डिप्टी सीएमओ ने मारा छापा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डिप्टी सीएमओ सर्वेश यादव ने नीलकंठ क्लीनिक पर सीएचसी राजेपुर प्रभारी आरिफ सिद्दीकी व फार्मासिस्ट के साथ छापा मारा। नीलकंठ क्लीनिक पर अवैध रूप से गर्भपात कराये जाने की डीएम से ग्रामीणों ने की थी शिकायत। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ ने छापा मारा। बताते चलें कि आशा बहुएं सीएचसी से मरीजों को ले जाकर क्लीनिक पर गर्भपात और डिलीवरी कराती हैं। जिससे उन्हें कमीशन दिया जाता है। इसी के चलते वह सरकारी सुविधा न दिलाकर आशाएं मरीज को निजी क्लीनिक पर ले जाती है। डिप्टी सीएमओ ने कहा कि मौके पर ऐसी कोई बात नहीं मिली।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज तथा खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया। नवाबगंज खंड शिक्षा कार्यालय पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा के निर्देशन में तथा समस्त एआरपी तथा समस्त शिक्षकों ने हमारा आंगन हमारे बच्चों के तहत गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज अमर सिंह राणा तथा खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद भारती शाक्य ने गोष्ठी में शिक्षकों के समक्ष विचार व्यक्त किये। वहीं खेलों तथा कर्तव्य में उत्तीर्ण पाए जाने वाले छात्र-छात्राओं को दोनों खंड शिक्षा अधिकारियों ने सम्मानित किया और शिक्षकों से निपुण लक्ष्य के तहत विद्यालयों को समग्र बनाने के लिए शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही जल्द से जल्द विद्यालयों को निपुण बनाने की बात कही।

# शस्त्र फैक्ट्री पकड़ने गयी बदमाशों व पुलिस के बीच फायरिंग

- दो बदमाश व एक सिपाही गोली लगने से घायल, सीएचसी में भर्ती

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**शस्त्र फैक्ट्री** के मामले में वांछित चल रहे अपराधियों को पकड़ने गयी पुलिस पर आरोपितों ने फायरिंग कर दी। जबाबी फायरिंग में दो बदमाशों के गोली लग गयी। जबकि एक सिपाही घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए लोहिया में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार कंपिल थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा में शुक्रवार देर रात फरार चल रहे बदमाश राहुल पुत्र जयनंदन और कासगंज जिले के थाना सोरों के गांव मनिकापुर निवासी उसकी बुआ के पुत्र स्वदेश पुत्र रघुराज और उसके चाचा विनोद की तलाश में थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने पुलिस बल के साथ आरोपित के घर पर दबिश दी। पुलिस का बदमाशों से आमना सामना हो गया। फरार चल रहे राहुल उर्फ रामभजन, स्वदेश और विनोद को पुलिस ने घेर लिया। अपने आप को पुलिस से घिरता देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में गोली लगने से सिपाही धर्मेंद्र गुर्जर घायल हो गया। अन्य साथी बाल-बाल बच गए। मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों राहुल व स्वदेश को दबोच लिया। तीनों घायलों को पहले कायमगंज सीएचसी ले जाया गया। यहां डॉक्टर ने दोनों घायल बदमाशों समेत सिपाही को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। दरोगा शिव बहादुर सिंह ने पुलिस बल के साथ घायल बदमाशों और सिपाही को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया। दोनों आरोपितों राहुल उर्फ रामभजन के खिलाफ पांच व स्वदेश के खिलाफ आठ मुकदमे दर्ज हैं। आरोपित स्वदेश जनपद कासगंज में वांछित चल रहा है।आरोपितों के पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



अस्पताल में भर्ती बदमाश समृद्धि न्यूज

## बाइक सवार युवक मिष्ठान विक्रेता किशोर से पांच सौ का नोट छीनकर फरार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** ग्राम कुइयांखेड़ा निवासी दुर्गेश कुमार की मिष्ठान की दुकान कस्बा फैजबाग चौराहे पर है। जहां पर शनिवार को उनका पुत्र बैठा था। अपरान्ह के वक्त एक बाइक पर सवार दो लोगों आये। बताते हैं बाइक सवार एक व्यक्ति द्वारा 50 रूपये की मिठाई ली गई और पांच सौ रूपये देकर 450 रूपये वापस लिए गए।

# एफएसडीए ने छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये

- एक्सपायर पेय की 35 बोतलों को कराया गया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाजारों में बिकने वाले पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर में नैनो प्लास्टिक के कण व टुकड़े पाये जाने की शिकायत की। जाँच सम्बन्धी आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के अनुपालन में 16 मार्च को सहायक आयुक्त (खाद्य-द्वितीय) के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरूण कुमार मिश्र, विमल कुमार व आशीष कुमार वर्मा द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी। लालगेट तिराहा पर स्थित प्रदीप प्रजापति पुत्र राहुल कुमार प्रजापति के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर ब्रांड (फाइनलवेल) मूलबंद पैक में 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। इसके साथ ही उपरोक्त प्रतिष्ठान पर भण्डारित कालातीत (एक्सपायर) पेय ए स्टार मैगो फ्रूट ड्रिंक की 32 बोतलों अनुमानित मूल्य रू0 1280 व पैक्ड ड्रिंक वॉटर किंगफिशप की 03 बोतलों अनुमानित मूल्य रू0 60 को नष्ट कराया गया। बहोरिकपुर तिराहाए छिबरामऊ रोड जहानगंज पर स्थित सनी गुप्ता पुत्र विवेक कुमार गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान मेसर्स बाबा ट्रेडर्स खाद्य पदार्थ पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर (थर्सिटी टेल्स श्योर वाटर, विद मिनरल्स) मूलबंद पैक में का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। लालदरवाजा पर स्थित रामलखन राठौर पुत्र रतिपाल के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर (जेबी हिमालय क्रिस्टिल) मूलबंद पैक में का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। पक्कापुल स्थित विकास गुप्ता पुत्र उग्रसेन गुप्ता के खाद्य प्रतिष्ठान श्री राधे ट्रेडर्स से खाद्य पदार्थ पैकेज्ड ड्रिकिंग वाटर (इनडिपेंडेंस वाटर इन मिनरल्स) मूलबंद पैक में का 01 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया।

# अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद फुटपाथ पर बनाया बंगला



**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** ग्रामीणों की शिकायत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान न लेने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद बने हुए हैं। अब तो अतिक्रमणकारियों ने सड़क के फुटपाथ पर बंगला बनाकर अतिक्रमण करना शुरु कर दिया है। जिससे सड़क सकरी होती चली जा रही है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करने का शासन द्वारा भले ही फरमान जारी कर दिया गया हो, परंतु संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। बानगी के तौर पर विकास खंड राजेपुर के गांव बिरसिंहपुर में संपर्क मार्ग पर दबंगों द्वारा गोबर डालकर रोड की फुटपाथ पर बंगला बनाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। जिससे यातायात में असुविधा होने के साथ पड़ोस में रहने वाले ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। बिरसिंहपुर निवासी अरुण, उनकी पत्नी ममता, अजय पाल, तेज प्रताप, घनश्याम, राघवेंद्र का कहना है इस विषय में लिखित व मौखिक शिकायत कई बार तहसील दिवस में की, परंतु इस समस्या का निस्तारण आज तक नहीं हुआ। जबकि शासन का सख्त आदेश है कि समाधान दिवस में आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारण करें अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद भी इस समस्या का निस्तारण होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश प्राप्त है।

## ट्रैक्टर से गन्ना खींचने को लेकर दो पक्ष भिड़े, चले लाठी-डंडे व हंसिया

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर से गन्ना खींचने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी-डंडे ईंट पत्थर चले। हंसिया लगने से दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। पुलिस चार युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी मुनीश का दस वर्षीय पुत्र धुन्ना व सत्यपाल का पुत्र मयंक में शुक्रवार शाम नौ बजे ट्रैक्टर से गन्ने खींचने को लेकर विवाद हो गया। दोनों में मारपीट होने लगी। बच्चों की चीखपुकार सुन दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग इकट्ठे हो गए। जमकर लाठी-डंडे, ईंट पत्थर व हंसिया चले। जिसमें एक पक्ष से सत्यपाल व दूसरे पक्ष से सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया गया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी।

# पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर किया फ्लैग मार्च

**कंपिल, समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा चुनाव** के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। फोर्स ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करने वालों की खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि वे निडर होकर मतदान करें।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी को पुख्ता बनाने में जुट गया है। इसी के चलते सोमवार को बीएसएफ जवानों की एक कंपनी कंपिल थाने पहुंची और कटिया, निजामुद्दीनपुर, जिजौटा बुजुर्ग, रुदायन करीब आधा दर्जन गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान कंपिल थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी व दारोगा शिवाबहादुर और बीएसएफ कमांडेंट ने ग्रामीणों से वार्ता की और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने.धमकाने की कोशिश करता है तो उसके संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। कंपिल थाना अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया है। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए असामाजिक तत्वों पर अभी से कड़ी नजर रखी जा रही है।



फ्लैगमार्च के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करती पुलिस

# न्याय न मिलने पर वृद्ध महिला ने पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का किया प्रयास

- अपर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर एसडीएम को भेजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शनिवार को** तहसील सदर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति जनता की शिकायतें सुन रहे थे उसी वक्त थाना क्षेत्र मोहम्मदाबाद के ग्राम पिपरगांव की रहने वाली वृद्ध महिला अनवरी बेगम पुत्री अल्लादीन ने समाधान में अधिकारियों के सामने पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह करने का प्रयास किया। समाधान दिवस में मौजूद कर्मचारियों ने उसे रोक लिया इस घटना से समाधान हड़कंप मच गया। पीड़ित वृद्धा अनवरी बेगम के द्वार दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उसके घर के सामने एक चबूतरा है जिसका उपयोग प्रार्थिनी कई वर्षो करती चली आ रही है। उस पर कोई रास्ता आदि नहीं है फिर भी दबंग ग्राम प्रधान कुन्तेश यादव अपनी गुंण्डागर्दी से व अपराधी किस्म के व्यक्तियों के साथ मिलकर जबरदस्ती उक्त जगह पर सरकारी सड़क बनवाने हेतु प्रयासरत हैं। जिसका विरोध पीड़ित व उसका परिवार करता चला, लेकिन वह मानने को तैयार नही है और पीड़िता व उसके परिवार के साथ मारपीट व गाली-गलौज करता है जबकि पीड़िता का एक मुकदमा न्यायालय सिविल जज मे जू0डी0 नगर फर्रुखाबाद में वाद सं0. 225/2021 मुन्नू खां उर्फ मुन्ने खां आदि बनाम उत्तर प्रदेश सरकार आदि के विरूद्ध लम्बित व विचाराधीन है। उक्त जगह पीड़िता को उसके पिता द्वारा बैनामा के माध्यम से दी गयी ग्राम प्रधान व उसका समर्थक राजू टेलर व मिथलेश ने प्रार्थिनी को गाली.गलौज व मारा पीटा। जिस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। दबंगों का कहना है कि तुम अधिकारियों से मेरा कुछ नहीं करा सकती हो।मैं रोड यहीं बनवाऊगां। उक्त ग्राम प्रधान दबंगई के बल पर उसकी निजी भूमि पर सडक बनवा रहा है। ग्राम प्रधान कुंतेश यादव दरोगा के ऊपर जान लेवा हमला कर चुका है उसके ऊपर धारा 307 अन्य धाराओं का मुकदमा चल रहा है। प्रार्थनी ने कई बार मामले की शिकायत की। न्याय न मिलने पर उसने तहसील सदर में समाधान दिवस में पेट्रोल छिड़क कर आत्मदाह करने का प्रयास किया। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने बताया की मामले को गम्भीरता से लिया गया है। पूर्व सूचना के अनुसार आबादी की जमीन में प्रधान समिति द्वारा निर्माण के लिए कहा गया था मामले की जांच के लिए उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर गए हैं। पीड़ित महिला की बात को सुना गया है।

# लाखों की ठगी करने वाले प्रबंधक ओमप्रकाश कठेरिया समेत परिजनों पर केस दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली मोहम्मदाबाद** पुलिस ने अदालत के आदेश पर कोतवाली मोहम्मदाबाद के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी जितेंद्र सिंह यादव की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला सिविल लाइन हर्ष भवन निवासी ओमप्रकाश कठेरिया उनकी पत्नी चंद्रमुखी कठेरिया उनके पुत्र शिवम कठेरिया एवं स्वामी आत्मदेव गोपालानंद इंटर कॉलेज ऊगरपुर के प्रबंधक मोहम्मद नदीम को आरोपी बनाया है। जिन पर नौकरी के नाम पर लाखों रुपए लेने एवं फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोप लगाया गया है। जितेंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मैं विद्यालय से वर्ष 2016 में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुआ था। उक्त विद्यालय के संरक्षक व प्रबन्धक ओमप्रकाश उनकी पत्नी चन्द्रमुखी कठेरिया व पुत्र शिवम एवं प्रबन्धक मोहम्मद नदीम एवं तत्कालिक प्रधानाचार्य सफिया बेगम थी। सफिया बेगम की मृत्यु हो चुकी है। मेरे सेवाकाल में ही विद्यालय के प्रबन्धक ओमप्रकाश कठेरिया थे, लेकिन ओमप्रकाश कठेरिया ने अपने पुत्र शिवम कठेरिया को अपने ही विद्यालय में शिक्षक पद पर नियुक्ति करने हेतु मोहम्मद नदीम को प्रबन्धक बना दिया और अपने पुत्र शिवम कठेरिया को नियुक्ति शिक्षक पद पर करा ली। जो हत्या के मुकदमे का मुजरिम है। उक्त लोगों ने कई लोगों को ठगा भी है। वर्ष 2016 में उक्त लोगों ने मुझसे भी कहा कि हम आपके पुत्र गौरव यादव को अपने विद्यालय में शिक्षक पद पर नियुक्त कर लूंगा, परन्तु इसके बदले में आपको 22 लाख रूपये देने होगें। मैंने कहा कि 22 लाख रुपये एक मुश्त देने को मेरे पास नहीं हैं। तो उक्त लोगों ने आश्वासन दिया कि आप थोड़ा थोड़ा करके रूपये दे दो। नियुक्ति पत्र प्राप्त होने से पूर्व समस्त धनराशि अदा कर दे। इस पर मैने थोड़े-थोड़े रुपये करके दे दिये। 24.04.2017 को पुत्र गौरव यादव एवं अन्य प्रशान्त चन्द्रा, मंशाराम, अनुपम को भी जरिये डाक नियुक्ति पत्र भेजे गये। जिनमें मेरे पुत्र का नियुक्ति पत्र में फर्जी नाम अंकित किया गया। सभी लोगों को विद्यालय में कार्यभार भी ग्रहण करवा दिया गया। जब 4-5 महीने तक पुत्र का वेतन नहीं आया तो मेरे पुत्र ने उक्त लोगों से कहा कि हमारे साथ नियुक्ति हुए शिक्षकों का वेतन आ रहा है। मेरा वेतन नहीं आया। इस पर उक्त लोगों ने आश्वासन दिया कि अगले महीने वेतन आपका भी आयेगा। वेतन न आने पर मैंने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय जाकर पता किया तो पता चला कि नियुक्ति पत्र ही फर्जी है। कोई नियुक्ति नहीं है। जब मैंने उपरोक्त लोगों से कहा, तो उपरोक्त लोगों ने कहा कि आपका पैसा वापस कर देंगे। पैसा न मिलने पर परेशान होकर मैं 16.08.2023 समय लगभग 3 बजे दिन को अपने पुत्र गौरव यादव, जनवेश सिंह कठेरिया पुत्र सुरेन्द सिंह निवासी सैंसारपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज व अनिल कुमार गुप्ता पुत्र रामनिवास गुप्ता निवासी मोहल्ला राजीव नगर मोहम्मदाबाद के साथ विद्यालय पहुंचे। वहां पर ओमप्रकाश कठेरिया, चन्द्रमुखी कठेरिया व शिवम कठेरिया एवं मोहम्मद नदीम व 2-3 लोग मौजूद थे जिन्हें सामने आने पर पहचान लेंगे। मैंने उक्त लोगों से कहा कि आप कई वायदे कर चुके हैं। अभी तक पैसा वापस नहीं किया आज मैं पैसा लेकर ही जाऊँगा। इस पर उक्त सभी लोग मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। विद्यालय का मैन गेट बन्द कर लिया और धमकी दी कि यदि किसी ने भी चिल्लाने की कोशिश की तो जान से मार डालूँगा। शिवम व ओमप्रकाश कठेरिया ने भय व्याप्त कर अपने सहयोगियों के बल पर मुझसे व मेरे पुत्र से कोरे स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करा लिये और धमकी दी कि कहीं भी शिकायत की तो हरिजन एक्ट व डकैती का मुकदमा लगवाऊँगा और जनबच्चा सहित मरवा दूंगा। मां बहिन की गन्दी -गन्दी गाली देकर स्कूल से भगा दिया और धमकी दी कि यदि मेरे खिलाफ रिपोर्ट लिखाई तो किसी को जिन्दा नहीं छोड़ेंगां और झूठे गुकदमे में फंसाऊँगा। इस घटना की रिपोर्ट लिखाने पीड़ित थाना मोहम्मदाबाद गया तो पुलिस वालों ने कहा कि पैसे का लेनदेन है। आपस में बैठकर सुलझा लीजिए यह कहकर टरका दिया। तब पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयीं 64 शिकायतें, पांच का हो सका निस्तारण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 64 शिकायतें आयीं। जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हो सका। शेष शिकायतों को जिलाधिकारी ने जल्द से जल्द निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार शनिवार को जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में राजस्व विभाग की 21, पुलिस की 07, विकास विभाग की 17, विद्युत विभाग की 03, कृषि विभाग की 02 व अन्य विभागों की 14 शिकायतें आयीं। कुल मिलाकर 64 शिकायतें आयीं। जिसमें से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि मौके पर जाकर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयं सेवकों ने एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ अभिप्रेरित होते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए प्रभात फेरी निकाली। कार्यक्रम प्रभारी डा0 सुंदर लाल द्वारा सड़क सुरक्षा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने सेंट्रल जेल चौराहा से याकूतगंज रोड़ पर राहगीरों को रोककर यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय में स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता साक्षरता के लिए जनपद स्तर पर कार्यशाला का

### महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ0 शालिनी की अध्यक्षता और निर्देशन में सम्पन्न हुआ। शिविर की गतिविधियों में भी प्राचार्या ने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों से यातायात नियमों को अपनाने की अपील की। एल0वाई0 महाविद्यालय कायमगंज के दिनेश चंद्र ने छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा अभियान की महत्ता बहुत ही सरल तरीके से बतायी। उन्होंने यातायात के नियमों जैसे ओवरस्पीडिंग, नो ड्रिंक नो ड्राइव और सही दिशा में चलें आदि के बारे में अपने निजी अनुभवों को




एनएसएस के शिविर में मौजूद प्राचार्या, प्राध्यापक व छात्र-छात्रायें

साझा किया। महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी डा0 सतेन्द्र कुमार ने सड़क सुरक्षा विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्व में असमय मृत्यु होने वाली घटनाओं में से 23 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं से ही होती है। डा0 सुन्दर लाल ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर कहा कि मनुष्य को अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों, जैसे कार्यालय, स्कूल, कॉलेज या अस्पताल जाने के लिए परिवहन के साधनों की आवश्यकता होती है। इसलिए सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि आये दिन सड़क दुर्घटनाओं के कारण कोई-ना-कोई व्यक्ति मृत्यु या गंभीर चोटों का शिकार हो जाता है। गांव निनौआ के प्रधान विजय कटियार ने सभी स्वयंसेवकों को अपना आशीर्वाद देते हुए सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक महेश कुमार, डा0 अमित कुमार, शिल्पी सिंह और कार्यालय से किशनपाल तथा राजेश भी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, भूलन देवी, पूजा, शिवानी, रोशनी, आकांक्षा, अर्चना, खुशबू, शिवी सक्सेना, प्रतिमा, शिल्पी, प्रियांशी वर्मा, काजल, आर्तिका, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत, प्रियांशु कटियार, अनुरुद्ध, अभय सिंह, नारायण अवस्थी, सोहांत कुमार, शौर्य मिश्रा, मो0 कैफ, आलोक कुमार, अमनेद्र सिंह, अभिषेक चौधरी आदि भी उपस्थित रहे।

# शमशाबाद में ही अब मरीजों को मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

### प्रतिभा अल्ट्रासाउंड सेंटर का डा. मनोज महरोत्रा ने किया उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद** क्षेत्र में मरीजों की समस्या को देखते हुए सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालक डा0 राजीव कुमार पाठक ने चिलसरा रोड शमशाबाद में प्रतिभा अल्ट्रासाउंड सेंटर खोलकर मरीजों को सौगात दी है। अब आसपास के मरीजों को अल्ट्रासाउंड के लिए शहर तक दौड़ना नहीं पड़ेगा। प्रतिभा अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डा0 मनोज महरोत्रा व डा0 राजीव पाठक ने



अल्ट्रा साउंड सेंटर का उद्घाटन करते डा. मनोज महरोत्रा व डा. राजीव पाठक

फीता काटकर किया। डॉ0 उत्कर्ष मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र की समस्या को देखते हुए अल्ट्रासाउंड खोला है। मरीजों की सेवा के लिए उन्हें जरुरत के अनुसार सौहलियत दी जायेगी। इस मौके पर एसीएमओ रंजन गौतम, पूर्व चेयरमैन विजय गुप्ता, विनोद अग्निहोत्री, डॉ. उज्जवल मिश्रा, डॉ. हेमचंद राजपूत, डॉ. शाकिर खान, अनूप मिश्रा, डॉ. प्रभात त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत डा. उत्कर्ष मिश्रा व विनोद अग्निहोत्री ने किया।

# जॉब स्किल एण्ड इंग्लिश कम्युनिकेशन कार्यशाला का हुआ समापन

### प्राचार्य ने प्रतिभागियों को वितरित किये प्रमाण पत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय महाविद्यालय** में जॉब स्किल एंड इंग्लिश कम्युनिकेशन विषयक कार्यशाला का समापन हुआ। संचालन करते हुए समन्वयक डॉ0 निधीश कुमार सिंह ने कार्यशाला विभिन्न दिवसों में आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार की कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने कार्यशाला में सहभागी सभी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया और प्रतियोगी समय में छात्रों के जॉब



कार्यशाला में प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी व मौजूद प्राध्यापक

स्किल को इंप्रूव करने में इस प्रकार की कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के आयोजन सचिव समीर कुमार गुप्ता कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य, समन्वयक और आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए यह बताया कि इस कार्यशाला में 100 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया जोकि फर्रुखाबाद जैसे शहर में इस प्रकार की कार्यशाला की उपयोगिता को प्रमाणित करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक तथा सभी कर्मचारी उपस्थित रहकर करशाला को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## लोधी जागृति मंच 20 मार्च को मनायेगा शौर्य दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लोधी जागृति** मंच के जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने 20 मार्च को रानी अवंतीबाई लोधी का शहीद दिवस शौर्य दिवस के रुप में मनाने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश के रामगढ़ राज घराने की महारानी अवंतीबाई लोधी देश के प्रथम स्वाधीनता आंदोलन में शहीद हो गयी थी। अंग्रेजों से लड़ते हुए 20 मार्च 1858 को उनका शहीद दिवस है। उस दिवस को लोधी जागृति मंच शौर्य दिवस के रुप में मनायेगा। साथ ही उन्होंने तिर्वा में वीरांगना अवंतीबाई की प्रतिमा विधायक कैलाश राजपूत द्वारा स्थापित की गई थी। प्रशासन ने उसे हटवा दिया है। जल्द प्रतिमा स्थापित कराने की लोधी जागृति मंच ने मांग की है।

# आरती गुप्ता बनीं कोआपरेटिव बैंक की डायरेक्टर



आरती गुप्ता का स्वागत करते अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोआपरेटिव बैंक की बैठक अध्यक्ष कुलदीप गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा के कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता की पत्नी आरती गुप्ता को डायरेक्टर घोषित किया गया है। आरती गुप्ता के कोआपरेटिव बैंक के डायरेक्टर बनने पर बुके देकर उनका स्वागत किया गया। संजीव गुप्ता ने बताया कि नेतृत्व के निर्देशानुसार कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष द्वारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसका निर्वाह्न किया जायेगा। इस मौके पर कोआपरेटिव बैंक के मैनेजर के अलावा भाजपा नेता भूदेव राजपूत मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जिला स्तरीय खो-खो टीम का हुआ चयन



जिला स्तरीय खो-खो टीम के चयनित खिलाड़ी व प्रशिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला स्तरीय खो-खो टीम घोषित की गई। सीनियर पुरुष वर्ग खो-खो टीम 18 मार्च से 20 मार्च तक अयोध्या में राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में भाग करने के लिए जिला टीम का चयन किया गया है। पुलिस लाइन के मैदान में 28 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 12 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। जिला खो-खो संघ की अध्यक्ष कामिनी कौशल, संजीव कटियार, प्रवीण यादव, अरुण यादव, अंशुल पाठक, सुभाष यादव, कुलदीप यादव, जगदीश बघेल आदि की मौजूदगी में टीम चयनित की गई। टीम में विकास यादव, निखिल यादव, सुफियान सिद्दीकी, लक्ष्य प्रजापति, प्रिंसपाल, विभुप्रताप यादव, प्रथम कुमार, सुमित कश्यप, आर्यन दिवाकर, लक्ष्य प्रताप, अर्पण यादव को टीम में चयनित किया गया।

### भारतीय महाविद्यालय द्वारा ग्राम अमेठी में एनएसएस के शिविर का हुआ शुभारम्भ



शिविर में छात्राओं को सम्बोधित करते प्रभारी डा0 आलोक बिहारी शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष शिविर ग्राम-अमेठी में प्रारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने किया। प्राध्यापक डॉ0 धनंजय सिंह, डॉ0 नीरज द्विवेदी, प्रो0 विवेक सिंह, डा0 प्रेम शंकर पांडेय, डॉ0 निधीश सिंह, प्रो0 विजय कुमार, प्रो0 समीर गुप्ता, अशोक मिश्र, विवेक शुक्ल, वेदराम, प्रतिभा, सर्जेश एवं समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के कार्यव्रत को समझा और उसे मूर्त रूप देने के लिए प्रेरणा गीत के माध्यम से संकल्पित हुए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डा0 आलोक बिहारी लाल ने सभी को धन्यवाद दिया।

### मुकेश राजपूत के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, लोकसभा प्रभारी अजय ठाकरे व शिव महेश दुबे, हिमांशु गुप्ता, फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर सिंह, पश्चिमी मण्डल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, शिवम दुबे, विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, वीरेन्द्र सिंह राठौर, बबिता पाठक, धीरेन्द्र वर्मा, कुलदीप गंगवार, शिवांग रस्तोगी, दिलीप भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे। संचालन भूदेव राजपूत ने किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 76 शिकायतों के सापेक्ष पांच का हुआ निस्तारण



समाधान दिवस में समस्यायें सुनते एडीएम — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति ने की। शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में कुल 76 शिकायतें आई। जिसमें से पांच का ही मौके पर समाधान किया जा सका। थाना नवाबगंज के ग्राम सिरौली निवासी श्री निवास ने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनकी भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। वहीं थाना मोहम्मदाबाद के ग्रामीणों ने शिकायती पर देकर कहा है कि गांव में ग्राम पंचायत व विद्यालय के निकट कूड़ाघर बनवाया जा रहा है जिसे रोका जाए। थाना जहानगंज के रहने वाले संजू पुत्र राम प्रकाश ने कहा है कि गांव के चकमार्ग कर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। समाधान के बाबू कुलदीप सक्सेना ने बताया कि 76 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। जिनमें से पांच का मौके पर समाधान किया गया। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## दलित समाज सेवा समिति की विधानसभा कमेटियां घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दलित समाज सेवा समिति की विधानसभा कमेटी प्रदेश संयोजक सत्यदेव कठेरिया व प्रदेश महासचिव रजनीश राणा एवं जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम की सहमति पर घोषित की गई। सदर विधानसभा कमेटी के प्रभारी वीरेन्द्र सिंह, सदर विधानसभा अध्यक्ष शैलेश गौतम, महासचिव जगदीश गौतम, उपाध्यक्ष शिवा कठेरिया, कोषाध्यक्ष रामतीरथ गौतम, मीडिया प्रभारी रविन्द्र दिवाकर बनाये गये है। अमृतपुर विधानसभा प्रभारी ऋषि सारंग, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष मनोज जाटव, महासचिव नीरज दिवाकर, उपाध्यक्ष शिवम कठेरिया, कोषाध्यक्ष अजय बाबू, मीडिया प्रभारी प्रेम सिंह बनाये गये। साथ ही भोजपुर व कायमगंज के विधानसभा अध्यक्ष प्रभारी घोषित किये गये है।

# जेंडर इक्विटी के तहत कार्यशाला में नेतृत्व क्षमता पर दिया गया जोर

### नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों व लक्ष्यों की प्राप्ती हेतु किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ब्लाक संसाधन** केंद्र बढ़पुर में जेंडर इक्विटी के अन्तर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु यूनीसेफ व सर्व शिक्षा के दिशा निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन जिला समन्वयक बालिका शिक्षा नागेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के के उद्देश्यों व लक्ष्यों की प्राप्ती हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तरीय मीना मंच सुगमकर्ता



कार्यक्रम में शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

भारती मिश्रा द्वारा यूनीसेफ द्वारा तैयार की गई। आधा फुल कॉमिक व प्रथम बार पावर एंजिल हेतु तैयार प्रगति के पंख नामक पुस्तिका का विद्यालय पर संचालन कैसे होगा, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। ट्रेनर पूनम ओझा द्वारा स्टार कलर करने व पावर एंजिल द्वारा तितलियों में रंग भरने की जानकारी देते हुए आधा फुल की छह कहानियों का मंचन प्रतिभागियों द्वारा कराया गया। भारती मिश्रा ने कहा कि आज जब हम सब भ्रामक प्रचारों के शिकार हो रहे है तो निश्चित तौर से बाल मन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता होगा। शिक्षक होने के नाते हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम उन्हें जागरुक कर भ्रामक प्रचारों से बचाये। जिला समन्वयक नागेन्द्र सिंह ने कहा कि आज विज्ञापन बहुत कुछ ऐसा दर्शा रहे है जो सत्यता से बहुत दूर है। ऐसी स्थिति में निश्चित रुप से पावर एंजिल को सशक्त कर हम अन्य सभी बच्चों को सजक कर सकते है। सभी अपने-अपने विद्यालय में प्रगति के पंख में दिये गये 12 सत्रों का भली भांति संचालन करेंगे। इस अवसर पर शिखा सक्सेना, चेतना, सरिता मिश्रा, प्रभा गौड़, सुनीता यादव, सीमा तिवारी, विनय कुमार,अदिति, संस्कृति, नीतू, राधा-रानी, रीता राजपूत, सीमा मौर्या, श्रीकृष्ण वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## संस्कार भारती की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संस्कार भारती की 17 मार्च रविवार को बैठक आहूत होगी। जिसमें सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है। इस बार नवसंवत्सर कार्यक्रम का संयोजक का मनोनयन व ग्रीष्मकालीन कार्यशाला की तैयारी बैठक में संयोजक का मनोनयन होना है। जिसको लेकर रविवार शाम 5 बजे विनयाशा होटल रेलवे रोड संजय गर्ग के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न होगी। यह जानकारी सचिव दिलीप कश्यप ने दी है।

# रोवर्स/रेंजर्स शिविर में प्रतिभागियों को सिखाया गया टेंट बनाना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविर में द्वितीय दिवस का शुभारम्भ पीवी-6 के साथ हुआ। रेंजर्स द्वारा ध्वज शिष्टाचार किया गया। मुख्य प्रशिक्षक रोवर्स रेंजर्स चमन शुक्ला व योगेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग के निर्देशन में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। रोवर्स प्रभारी पंचम कुमार, रेंजर्स प्रभारी द्वारा संचालन किया गया। रोवर्स रेंजर्स को गांठबंधन, तंबू बनाना, पुल बनाना, गैजेट्स बनाना, कम्पास, प्राथमिक चिकित्सा और प्रतियोगिताओं के विषय में विधिवत जानकारी दी गई। इस मौके पर प्राध्यापक डा0 वीके तिवारी, डा0 विनीता वर्मा, डा0 एचएसएन गुप्ता, डा0 रामनरेश



शिविर में टेंट बनाना सीखते प्रतिभागी

सिंह, डा0 अशोक कुमार शर्मा, कर्मचारी ओमप्रकाश सिंह, प्रशांत कुमार, देवेन्द्र कुमार शर्मा, शैलेन्द्र दीक्षित, दिनेश देशमुख आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — इस समय क्लब फुट से पीड़ित 56 बच्चे करा रहे हैं इलाज

# अनुष्का फाउंडेशन द्वारा जन्मजात विकृति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**स्वास्थ्य विभाग** ने अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में शनिवार को जन्मजात विकृति जागरूकता दिवस मनाया गया। जन्मजात विकृतियों के बारे में बताया गया और चिकित्सकीय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। डॉ0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में तैनात आर्थो सर्जन डा0 नीरज वर्मा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) से डीईआईसी प्रबंधक अमित शाक्य, अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई उपस्थित रहे। एसीएमओ दलवीर सिंह ने बताया कि जन्मजात दोष जन्म के



स्वास्थ्य परीक्षण में मौजूद बच्चों के माता-पिता

समय मौजूद संरचनात्मक परिवर्तन हैं जो हृदय, मस्तिष्क, पैर जैसे शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। हर 800 नवजात में से एक बच्चा प्रभावित होता है। देश में हर साल 33 हजार बच्चे इस विकृति के साथ पैदा होते हैं। आर्थो सर्जन डॉ0 नीरज वर्मा ने कहा कि क्लब फुट एक जन्मजात बीमारी जरूर है, लेकिन इसका उपचार संभव है। अमित ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत क्लब फुट जैसी 42 जन्मजात बीमारियों एवं दोषों की स्क्रीनिंग की जाती है, ताकि जल्द से जल्द उचित उपचार मुहैया कराया जा सके। स्वयंसेवी संस्था अनुष्का फाउंडेशन फॉर एलिमिनेटिंग क्लबफुट पिछले पांच साल से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के साथ काम कर रही है। अनुष्का फाउंडेशन से प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव आलोक वाजपई ने बताया कि वर्तमान में क्लबफुट से पीड़ित 56 से भी अधिक बच्चों का इलाज संस्था करवा रही है। पोन्सेटी पद्धति का इस्तेमाल करके क्लबफुट से पीड़ित सभी बच्चों का आसानी से उपचार किया जा सकता है।

# बरकतों व खूबियों का महीना है रमजान.........

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अल्लाह और उसके रसूल मोहम्मद-ए-मुस्तफा ने फरमाया कि माहे रमजान को तमाम महीनों पर फजीलत हासिल है और इन महीने में वह एक रात भी शामिल है। जिससे की गयी इबादत हजार महीनों से अफजल है। रमजान में गुनाहे कबीरा से बचें। रमजान का एतराम करें यानी झूठ न बोलें, गोहतान न लगायें, किसी की गीवत न करें, हराम से बचें।

युनुस अंसारी का कहना है कि रसूले खुदा ने फरमाया कि मेरी उम्मत अगर माहे रमजान का एतराम करेगी तो कभी रुसवा नहीं होगी। नवी करीम ने फरमाया कि माहे रमजान में नेकी करने वाले को 70 नेकियों का सबाब मिलता है। रमजान का पहला असरा रहमत, दूसरा असरा मगफिरत, तीसरा असरा जाहन्नुम से आजादी दिलवाता है।

अधिवक्ता नफीस हुसैन ने बताया अल्लाह की रहमत होगी तो रिज्क इजाफा होगा। तंग दस्ती खत्म होगी,



युनूस अंसारी



अधिवक्ता नफीस हुसैन



रफी अहमद अंसारी

मगफिरत होगी तो कब्र में सब्र जवाब में आसानी होगी। तीसरे असरे में अल्लाह को राजी कर लो तो जाहन्नुम की आजादी मिल जायेगी। रमजान का पहला असरा मुकम्मल हुआ।

रोजे का असल मकसद है कि हैसियतदार भी भूख प्यास की तकलीफ को समझें और साल के बाकी 11 महीनों में गरीब और बेसहारा लोगों की भूख और प्यास की तकलीफ को समझ सकें। वहीं रोजा सिर्फ खाना पीना छोड़ देने का काम नहीं, बल्कि इस दौरान बुराइयों से दूर रहने का भी नाम है।

रफी अहमद का कहना है कि रमजानुल मुबारक पर रोजदारों ने अल्लाह के रसूल पैगम्बर मो0 सल्लाहअलैह बसल्लम ने रमजान को शहरुल मुआसल कहा है, क्योंकि रमजान के महीने में निजात ही निजात है। इस मुबारक महीने में खुदा की रहमत की वर्षा होती है। रमजान के रोजे का मकसद दरअसल गुनाहों से बचना है। रोजा ऐसी रुहानी इबादत है जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचाता है। रमजान का वह मुकद्दस महीना है जिसके लिए दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतीक्षा करते हैं। सभी मुसलमान रोजा, नमाज और अन्य इबादतों में व्यस्त हो जाते हैं।

